| | |
|---|---|
| संसेक्स | 78,041.59 |
| निफ्टी | 23,587.50 |
| सोना | 70,400 |
| चांदी | 90500 |
| डॉलर | 84.99 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शनिवार 21 दिसम्बर 2024
पौष कृष्ण 06 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 89
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### जगजीत सिंह डल्लेवाल के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए पंजाब सरकार जिम्मेदार - सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 25 दिनों से अनशन कर रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए पंजाब सरकार जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि उसे किसान नेता को अस्थायी अस्पताल में भर्ती कराने के बारे में फैसला लेना चाहिए, जहां उनके स्वास्थ्य पर नजर रखी जा सके. शुक्रवार की सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह से पूछा कि डल्लेवाल को अस्थायी अस्पताल में क्यों नहीं स्थानांतरित किया गया, जो कि पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी सीमा पर उस स्थल से सिर्फ 700 मीटर की दूरी पर है जहां किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। डल्लेवाल 26 नवंबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं. वे किसानों की मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए अनशन कर रहे हैं।

### उत्तराखंड के सभी मदरसों का होगा वेरिफिकेशन

नई दिल्ली। उत्तराखंड पुलिस ने राज्य में कुछ मदरसों के अवैध रूप से चलने की शिकायतों के बाद मदरसों की जांच करने का आदेश दिया है. पुलिस महानिरीक्षक (अपराध और कानून व्यवस्था) निलेश आनंद भरणे ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से डीजीपी को इस संबंध में निर्देश मिलने के बाद यह आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि यह जांच प्रक्रिया बच्चों की सुरक्षा और राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है( आईजीपी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध गतिविधियों को रोकना और यह सुनिश्चित करना है कि सभी मदरसे कानूनी ढांचे के भीतर कार्य करें. सभी जिलों को एक महीने के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। जांच अभियान का फोकस यह पता लगाने पर होगा कि मदरसों के पास पंजीकरण है या नहीं और सभी जरूरी दस्तावेज हैं या नहीं. इसके अलावा, मदरसों के वित्त पोषण के स्रोत और वहां पढ़ रहे बच्चों की जांच भी की जाएगी।

### ऑन लाइन मंगाया इलेक्ट्रॉनिक सामान, पार्सल में आ गया मानव-शव

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला को एक पार्सल के द्वारा लाश मिली है। महिला की सूचना मिलते ही पुलिस भी हरकत में आई और शव को ऑटोप्सी के लिए भेजा गया है। अब तक साफ नहीं हो सका है कि शव किसका है। महिला घर निर्माण में लगने वाली सामग्री का इंतजार कर रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, घटना उंदी मंडल के येंडागांदी गांव की है। नाग तुलसी नाम की एक महिला ने घर बनाने में मदद के लिए क्षत्रिय सेवा समिति को पत्र लिखा था। इसके बाद महिला को समिति की तरफ से टाइल्स भेजे गए थे। इसके बाद जब महिला ने फिर मदद मांगी, तब समिति ने कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान उपलब्ध कराने का वादा किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, आवेदक को मैसेज मिला कि लाइट, पंखे और स्विच भेज दिए जाएंगे। इसके बाद गुरुवार देर रात एक शख्स उनके घर पहुंचा और पार्सल छोड़कर चला गया। साथ ही महिला को बताया कि पार्सल में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हैं। बाद में जब तुलसी ने बॉक्स खोला, तब वह दंग रह गई। बॉक्स में एक शव मिला। इसके बाद हैरान परिवार ने पुलिस को तत्काल इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

### आयकर विभाग और लोकायुक्त के छापे में काले खजाने का खुलासा...

# जंगल में 52 किला सोना और 10 करोड़ कैश बरामद

## पूर्व कॉन्स्टेबल के यहां मिली दो क्विंटल चांदी, 3 करोड़ कैश बरामद....रात दो बजे आयकर विभाग की 100 पुलिसकर्मियों और 30 गाडियों के साथ रेड

भोपाल। मप्र की राजधानी भोपाल में आयकर विभाग और लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यहां आईटी की रेड में 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये कैश बरामद किए गए। यह रकम जंगल में खड़ी एक कार से बरामद हुई है। इतनी बड़ी मात्रा में सोना और कैश देख आयकर विभाग के अफसर भी दंग रह गए। वहीं भोपाल की ई-7 अरेरा कॉलोनी में स्थित पूर्व आरटीओ कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के बंगले पर लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात 12:30 बजे तक कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस को नोट गिनने की सात मशीन, कुल 2.95 करोड़ कैश, दो क्विंटल चांदी की सिल्ली, दस किलो चांदी के जेवरात और पचास लाख रुपए का सोना मिला है।

जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग की छापेमारी भोपाल के पास स्थित मेंडोरी के जंगलों में एक कार पर की गई। इस दौरान कार से भारी मात्रा में सोना और नकदी मिली। भ्रष्टाचार और गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए सख्ती बरती जा रही है। इसी को लेकर आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया। 100 पुलिसकर्मियों और 30 गाड़ियों का कारकेड लेकर रेड की गई। सोना लदी गाड़ी निकल पाती, इसके पहले ही उसे पकड़ लिया गया। बता दें कि आयकर विभाग के अफसरों ने दो दिन पहले 18 दिसंबर को त्रिशूल कंस्ट्रक्शन, क्वालिटी ग्रुप और ईशान ग्रुप के भोपाल, इंदौर के 51 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसमें सबसे अधिक 49 ठिकाने भोपाल के शामिल थे। इनमें आईएएस, आईपीएस और राजनेताओं की पसंद वाले नीलबड़, मेंडोरी और मेंडोरा जैसे इलाके शामिल थे। अब तक की कार्रवाई में करीब 10 करोड़ कैश के अलावा मेंडोरी के जंगल से 52 किलो सोने की जब्ती की गई है। यह रेड दो दिनों से चल रही लोकायुक्त और आयकर विभाग की संयुक्त कार्रवाई का हिस्सा थी। इससे पहले आयकर विभाग ने भोपाल और इंदौर में एक प्रमुख कंस्ट्रक्शन कंपनी के 51 ठिकानों पर छापेमारी की थी।



### किसका सोना, पता लगा रहे अधिकारी

राजधानी के मेंडोरी इलाके से आयकर अफसरों की टीम ने गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब दो बजे छापा मारकर 52 किलो सोना जब्त किया। यह सोना एक गाड़ी में भरकर ठिकाने लगाने की तैयारी थी। आयकर विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम अब यह पता कर रही है ये सोना किसका है और कहां ले जाया जा रहा था? सूत्रों के अनुसार, इस मामले में कंस्ट्रक्शन कंपनी पर टैक्स चोरी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। विभाग ने इस संबंध में जांच तेज कर दी है और संबंधित दस्तावेजों और साक्ष्यों की गहनता से पड़ताल की जा रही है। इस रेड के बाद राज्य में हड़कंप मच गया है। अधिकारी अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में नकदी और सोना कहां से आया और इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था।

### परिवहन विभाग से जुड़े होने की भी आशंका

वहीं, लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार सुबह रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस (आरटीओ) के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के भोपाल में अरेरा कॉलोनी स्थित घर पर छापा मारा। यहां से 1.15 करोड़ रुपए कैश, आधा किलो सोना, हीरे और सोने के करीब 50 लाख रुपए के जेवरात और चांदी की सिल्लियां सहित प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले हैं। शर्मा के ऑफिस से 1.70 करोड़ रुपए कैश सहित प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले हैं। आयकर विभाग को इस मामले में पूर्व मुख्य सचिव के अलावा प्रमुख सचिव स्तर के कुछ अधिकारियों के शामिल होने का अंदेशा है। आयकर विभाग में पिछले कुछ महीनों में नए अफसरों की पोस्टिंग हुई है। इसके बाद मध्यप्रदेश में बड़ा एक्शन लिया गया है। नए अधिकारियों की टीम अभी कुछ और बड़े खुलासे भी करने वाली है।

### धनपति निकला पूर्व कॉन्स्टेबल

भोपाल की ई-7 अरेरा कॉलोनी में स्थित पूर्व आरटीओ (रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस) कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के बंगले पर लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात 12:30 बजे तक कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस को नोट गिनने की सात मशीन, कुल 2.95 करोड़ कैश, दो क्विंटल चांदी की सिल्ली, दस किलो चांदी के जेवरात और पचास लाख रुपए का सोना मिला है। इसी के साथ दो कारें, एक स्कूल एक निर्माणाधीन बंगला, लग्जरी लाइफ स्टाइल का करीब दो करोड़ रुपए कीमत का सामान भी घर में मिला है। जिसमें महंगे कपड़े, कीमती झूमर और धातु की मूर्तियां शामिल हैं। आरोपी के ऑफिस से भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित कई शहरों में प्रॉपर्टी के दस्तावेज, एग्रीमेंट मिले हैं। अब तक आरोपी के तीन बैंक अकाउंट की जानकारी लोकायुक्त टीम को मिली है। इनमें कितना कैश है, इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। सौरभ फिलहाल भोपाल में नहीं हैं। कार्रवाई से पहले ही वह दुबई में था। बता दें कि लोकायुक्त टीम ने गुरुवार सुबह यह कार्रवाई की थी। सौरभ के घर से 1.25 करोड़ रुपए कैश, आधा किलो सोना, हीरे और सोने के करीब 50 लाख रुपए के जेवरात और चांदी की सिल्लियां सहित प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले।

## एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट, 11 जिंदा जले

जयपुर। जयपुर में शुक्रवार सुबह अजमेर हाईवे पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने एलपीजी गैस से भरे टैंकर में धमाका हो गया। हादसे में 11 लोग जिंदा जल गए और 35 लोग झुलस गए हैं। गैस टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी। इससे टैंकर से गैस का रिसाव हुआ, जो 200 मीटर तक फैल गई, जिसने अचानक आग पकड़ ली। धीरे-धीरे एक किलोमीटर तक यह आग फैल गई। जानकारी के अनुसार टैंकर सुबह करीब अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा था। सुबह करीब 5.44 मिनट पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने से वह वापस अजमेर की ओर यू-टर्न ले रहा था।

## मंदिर-मस्जिद विवादों को उठाना स्वीकार्य नहीं

### यह कह संघ प्रमुख भागवत ने जताई चिंता : हिंदु-मुस्लिम कर समाज में पैदा कर रहे तनाव

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने देश में चले रहे मंदिर-मस्जिद विवादों को फिर से उठाने (उभारने) पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग इन विवादों को उठाकर हिंदुओं के नेता बनने का प्रयास कर रहे हैं, जो समाज में और ज्यादा तनाव पैदा कर सकते हैं।

भागवत ने आगे कहा कि यह स्थिति स्वीकार्य योग्य नहीं है और ऐसे विवादों का उठना समाज की एकता को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने इस मुद्दे पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि राम मंदिर का निर्माण हिंदू आस्था का विषय था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसे विवादों को फिर से तूल दिया जाए। आरएसएस प्रमुख ने समावेशी समाज की जरूरत पर बल दिया और कहा कि भारतीय समाज अपनी विविधता के साथ शांति और सद्भावना से रह सकता है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाए जाने की बात कही और इसे भारतीय समाज की परंपरा का हिस्सा बताया। उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत अब संविधान के अनुसार चलता है और किसी भी प्रकार के वर्चस्व की भाषा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा रही है कि यहां सभी अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का पालन कर सकते हैं, बशर्ते वे कानून का सम्मान करें।

बता दें इससे पहले मंदिरों के सर्वेक्षण और मस्जिदों के नीचे शिवलिंग की खोज को लेकर अदालतों में कई याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनका आरएसएस प्रमुख ने विरोध किया था। भागवत का यह बयान देश में सद्भावना और एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### हंगामे की भेंट चढ़ा शीतकालीन सत्र...कुल 20 बैठकें, 105 घंटे कार्यवाही चली

## अडाणी-मणिपुर-अंबेडकर मुद्दे पर हंगामा

नई दिल्ली। इस बार संसद सत्र की शुरुआत ही हंगामे के साथ हुई थी। पहले अदाणी मामला, फिर जॉर्ज सोरोस और इसके बाद आंबेडकर मुद्दे पर हंगामा हुआ। इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ा। इस सत्र में राज्यसभा में केवल 40.03 फीसदी ही काम हुआ। जबकि लोकसभा का हाल भी कुछ ऐसा ही रहा है। लोकसभा में भी महज 57.87 फीसदी काम हुआ। संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। संसद सत्र की शुरुआत ही हंगामे के साथ हुई थी। पहले अदाणी मामला, फिर जॉर्ज सोरोस और इसके बाद आंबेडकर मुद्दे पर हंगामा हुआ। इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ा। इस सत्र में राज्यसभा में केवल 40.03 फीसदी ही काम हुआ। जबकि लोकसभा का हाल भी कुछ ऐसा ही रहा है लोकसभा में भी महज 57.87 फीसदी काम हुआ।

राज्यसभा में शुक्रवार को एक देश एक चुनाव विधेयक के लिए बन रही जेपीसी में राज्यसभा के 12 सांसदों को नामित किया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह जब राज्यसभा में कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष ने प्रदर्शन किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद सभापति ने सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बिना किसी हंगामे के सदन चलाने के लिए कहा। जब सदन की कार्यवाही 12 बजे फिर से शुरू हुई तो सभापति ने विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से एक देश एक चुनाव विधेयक को लेकर बन रही जेपीसी के लिए उच्च सदन से सदस्यों को नामित करने का प्रस्ताव रखने के लिए कहा। जेपीसी के लिए 12 सदस्यों को नामित करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद अपने समापन भाषण में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस सत्र में 40.03 फीसदी ही काम हुआ। पूरे सत्र में 43 घंटा 27 मिनट काम हो सका। उन्होंने कहा कि सांसद के तौर पर देश के लोग हमारी कड़ी आलोचना कर रहे हैं। यह सही भी है क्योंकि लगातार हो रहे व्यवधान लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के विश्वास को लगातार कम कर रहे हैं।

### लोकसभा में 57.87 फीसदी तो राज्यसभा में 40 फीसदी ही हुआ काम



### एक देश एक चुनाव विधेयक को जेपीसी को भेजा गया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर हो रहे हंगामे के बीच लोकसभा से शुक्रवार को एक देश एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया। सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से संविधान (129वां संशोधन) विधेयक 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2024 को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश करने को कहा। हंगामे के बीच प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

### सदन में चार बिल पेश

18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को समाप्त हो गया। यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सदन में कुल चार बिल पेश किए गए। हालांकि कोई पारित नहीं हो सका। सबसे चर्चित एक देश, एक चुनाव के लिए, पेश हुआ 129 वें संविधान (संशोधन) बिल रहा। इस बिल को समीक्षा के लिए 39 सदस्यीय जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भेजा गया। कमेटी में लोकसभा से 27 और राज्यसभा से 12 सांसदों को चुना गया है। कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी को शामिल किया गया है।

## अब कोई भी राजनीतिक दल संसद भवन के द्वार पर नहीं करेगा धरना या प्रदर्शन

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा- सदन की गरिमा का रखें ख्याल

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन में घोषणा करते हुए कहा कि कोई भी राजनीतिक दल, संसद सदस्य या सदस्यों का समूह संसद भवन के द्वार पर धरना या प्रदर्शन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संसद परिसर और उसकी प्रतिष्ठित संस्था की गरिमा को बनाए रखना सभी सांसदों की जिम्मेदारी है।



अध्यक्ष बिरला ने कहा कि संसद क्षेत्र में किसी भी दरवाजे पर धरना-प्रदर्शन करना सही नहीं है। अगर कोई सदस्य या समूह ऐसा करता है, तो इसका असर उनकी प्रतिष्ठा पर पड़ेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रकार की गतिविधियों से सदन की कार्यवाही और संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचता है, जिससे लोकतंत्र की भावना प्रभावित होती है।

उन्होंने सांसदों ने आग्रह किया कि वह सदन की गरिमा बनाए रखें और किसी भी प्रकार के प्रदर्शन से बचें। उन्होंने सांसदों की जिम्मेदारी याद दिलाते हुए कहा कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है, और इसका सभी को आदर करना चाहिए। बता दें गुरुवार को संसद भवन परिसर में हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान बीजेपी के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत सीढ़ियों से गिरकर चोटिल हो गए थे। बीजेपी सांसदों का आरोप है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया। हालांकि, कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।

इस घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दोनों चोटिल सांसदों का हालचाल भी जाना था। धक्का-मुक्की कांड पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा था कि राहुल गांधी बीआर आंबेडकर की फोटो लेकर शांति पूर्वक जय भीम के नारे लगाते हुए संसद में जा रहे थे। संसद में जाने से किसने रोका? हम इतने दिनों से साइड में प्रदर्शन कर रहे हैं। जो भी आ रहा है, जा रहा है, उसके लिए पूरा रास्ता है। इन्होंने पहली बार प्रदर्शन किया और सबको रोक दिया, धक्का-मुक्की और गुंडागर्दी की। अमित शाह को बचाने के लिए यह साजिश हुई है।

## पूर्व सीएम ओपी चौटाला का निधन

### शिक्षक भर्ती घोटाले में तिहाड़ जेल गए

गुरुग्राम । हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। वे 89 साल के थे। शुक्रवार को वे गुरुग्राम में अपने घर पर थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद साढ़े 11 बजे उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लाया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। इसका पता चलते ही उनके बड़े बेटे अजय और पोते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अस्पताल में पहुंचे। वहीं अस्पताल के बाहर उनके समर्थकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है।

शाम को उनका पार्थिव शरीर सिरसा स्थित उनके पैतृक गांव चौटाला लाया गया। शनिवार को सुबह 8 से 2 बजे तक उनकी पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए रखी जाएगी। दोपहर 3 बजे सिरसा में तेजा खेड़ा फार्म के श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। चौटाला हार्ट और डायबिटीज समेत कई बीमारियों से ग्रस्त थे। उनका पहले से ही गुरुग्राम के मेदांता और आरएमएल अस्पताल में इलाज चल रहा था। पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल समेत बड़े नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया।

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई चीफ सेक्रेटरी को फटकार, क्यों नष्ट नहीं हो रहा कचरा

नई दिल्ली। दिल्ली में कचरे की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हर दिन 3000 टन कचरा अनट्रीटेड रह जाता है, जो बहुत शर्मनाक है। कोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि इस समस्या का समाधान कब होगा और सरकार इससे निपटने के लिए क्या कदम उठा रही है।

दिल्ली में रोजाना 11 हजार टन कचरा इकट्ठा होता है, जिसमें से 8 हजार टन कचरे को नष्ट कर दिया जाता है, जबकि 3 हजार टन कचरा नष्ट नहीं हो पाता है। कोर्ट ने गाजीपुर और भलसवा जैसी जगहों पर कचरा नष्ट करने के लिए आग



लगाने पर भी नाराजगी जताई, जो पर्यावरण के लिए बहुत खतरनाक है। कोर्ट ने कहा कि यह स्थिति बेहद खतरनाक और शर्मनाक है, और इस पर कार्रवाई की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न तो प्रशासन कचरे को नष्ट करने के लिए प्रभावी तरीके ढूंढ पा रहा है और न ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 को लागू किया जा रहा है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से गाजीपुर और भलसवा में 3,800 टन कचरे को लेकर 15 जनवरी, 2025 तक शपथ पत्र देने को कहा है। इसमें यह बताया होगा कि इन जगहों पर कचरे की आग को रोकने और पर्यावरणीय नुकसान को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली चीफ सेक्रेटरी को फटकार लगाते हुए कहा कि कचरे को नष्ट करने के उपायों में इतनी ढिलाई क्यों।

## मेरठ में पं. प्रदीप मिश्रा की कथा में भगदड़

मेरठ। मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शुक्रवार दोपहर भगदड़ मच गई। कई महिलाएं और बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो गए। दोपहर 1 बजे से कथा शुरू हो चुकी थी। करीब 1 लाख लोग पहुंचे थे। कथा शुरू होने पर लोग जल्दबाजी में अंदर जा रहे थे। बाउंसर्स ने भीड़ अचानक बढ़ने पर लोगों को रोक-रोक कर एंट्री करानी शुरू कर दी फिर भगदड़ मच गई। चोटिल महिलाओं और बुजुर्गों का घटनास्थल पर बने हेल्थ कैंप में इलाज किया जा रहा है। कथा में जिस रास्ते से भीड़ आ रही थी, उसी रास्ते से मुख्य यजमान भी जा रहे थे। तभी एंट्री को लेकर झगड़ा हो गया। गेट पर बाउंसर्स ने महिलाओं को अंदर जाने से रोक दिया। पीछे से भीड़ आगे बढ़ने के लिए धक्का देती रही। इसी बीच 15-20 महिलाएं एक-एक कर गिर गईं।

### एक दिन में दो बार भगदड़ मची

बताया जा रहा है कि कथा के दौरान शुक्रवार को 2 बार भगदड़ मची। सबसे पहले सुबह 9.30 बजे भगदड़ मची थी। इस दौरान लोग वीआईपी पास के लिए जुटे थे, लेकिन यह शांत हो गई। इसके बाद दोपहर 1 बजे फिर भगदड़ मच गई।

# शहर के वार्ड क्रमांक 31 में नाली निर्माण को लेकर मचा हंगामा

## नपा द्वारा अतिक्रमण हटाकर एक ओर से रोड और नालिका किया गया निर्माण, दूसरी ओर से अपने करीबियों को पहुचाया जा रहा लाभ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शहर के वार्ड क्रमांक 31 में बन रही सीसी रोड और नाली को लेकर उस समय वार्डवासी द्वारा बन रही रोड का विरोध किया गया, जब नगर पालिका द्वारा बनाई जा रही, सीसी रोड पर वार्डवासियों द्वारा आपत्ति ली गई कि क्यों नगर पालिका द्वारा एक ओर से नाली का काम तो करवाया जा रहा है , किंतु दूसरी ओर से क्यों बिना नाली बनाये ही अतिक्रमणकारियों को नगर पालिका राहत दे रही है , जबकि एक ओर से बन रही नाली के लिए नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण में आए मकान को तोड़वा दिया गया, किंतु दूसरी ओर किए गए अतिक्रमण पर नगर पालिका द्वारा कोई आपत्ति ना लेकर एक ओर की नाली बनाकर ही छोड़ दिया गया , जबकि नगर पालिका को नियम और मापदंड दोनों का सही से पालन करना चाहिए। शहर के वार्ड क्रमांक 31 में सीसी रोड और एक और से नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें कुछ वार्डवासियों द्वारा हो रहे नाली निर्माण को लेकर हंगामा कर दिया गया, उनका कहना था कि जो नगर पालिका द्वारा सीसी रोड और नाली का निर्माण किया जा रहा है, वह सिर्फ कुछ लोगों पर ही नियम लागू कर नाली का निर्माण किया जा रहा है, जबकि देखा जाए तो दोनों ओर से नगर पालिका को नाली का निर्माण करना चाहिए, पर नगर पालिका द्वारा महज कुछ लोगों के घर के सामने से ही अतिक्रमण हटाकर नाली का निर्माण किया जा रहा है और कुछ लोगों पर नियम कानून को अलग हटाकर उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है , जो कि गलत है उनका कहना है कि यदि नगर पालिका द्वारा वार्ड में नियम का पालन कर रही है, तो सभी पर नियम कानून लागू होना चाहिए, पर नगर पालिका द्वारा कुछ करीबी लोगों पर लाभ पहुंचाते हुए उनका अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है और उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए दूसरे लोगों पर ही कानून का रोब दिखाते हुए अतिक्रमण हटाया गया है और नाली निर्माण किया गया है, किंतु दूसरी ओर से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है और ना ही उनके मकान तोड़े गए हैं, जो कि गलत है और वह चाहते हैं कि यदि उनके मकान तोड़े गए हैं तो दूसरे लोगों द्वारा भी जो शासकीय जमीन पर अतिक्रमण किया गया है उनके भी मकान तोड़े जाना चाहिए।



### नाली दोनों ओर से बनाई जानी चाहिए-चेतराम पंचेश्वर

वार्ड नंबर 31 के वार्डवासी चेतराम पंचेश्वर द्वारा बताया गया कि नगर पालिका द्वारा जो नाली बनाई जा रही है ,वह नियम अनुसार दोनों ओर से बनाई जानी चाहिए, पर नगर पालिका द्वारा महज एक ओर से ही नाली बनाई गई है और दूसरी ओर से कुछ लोगों के मकान आने की वजह से नाली का निर्माण नहीं किया गया है, जो कि गलत है जबकि नियम अनुसार जिस प्रकार से नाली बनाना था वह नगर पालिका नहीं बना रही है और कुछ व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाते हुए दूसरे लोगों के मकान तोड़कर अतिक्रमण हटा रही है जो कि गलत है।

### पार्षद द्वारा कुछ लोगों को बचाया जा रहा हैं - रीता पंचेश्वर

रीता पंचेश्वर बताती है की जो रोड बनाई गई है वह नियम अनुसार बनाया जाना था, क्योंकि नगर पालिका द्वारा कुछ लोग के मकान तोड़कर नाली तो बना ली गई, लेकिन दूसरी ओर के मकानों को जैसे का वैसा रख दिया गया है, जबकि नगर पालिका को चाहिए कि वह दोनों ओर से अतिक्रमण हटाते हुए नाली का निर्माण करें, जब एक ओर से किसी का मकान तोड़ा गया है, तो दूसरी ओर से भी, लोगों के अतिक्रमण में मकान आते हैं , उन्हें तोड़ा जाना चाहिए, लेकिन पार्षद के द्वारा महज कुछ लोगों को बचाने के लिए, उन्हें नोटिस नही दिया जा रहा है और ना ही उनके मकान को तोड़ने की बात कही जा रही है, जो की बहुत ही गलत है।

### जल्द ही दूसरी ओर से भी नाली का निर्माण कराया जाएगा-कमलेश

वार्ड क्रमांक 31 के पार्षद कमलेश द्वारा बताया गया कि जो वार्डवासियों द्वारा कहा जा रहा है की नाली दोनों ओर से बनना चाहिए , वह बिल्कुल सही है किंतु अभी अलग-अलग योजना के तहत सीसी रोड और नाली का निर्माण किया जा रहा है, किंतु अभी महज एक ही ओर से नाली का निर्माण कराया जा रहा है, जल्द ही दूसरी ओर से भी नाली का निर्माण कराया जाएगा, किंतु अभी एक ओर से ही नाली पास हुई है, इसलिए एक ओर से ही नाली का निर्माण कराया जा रहा है जल्द ही दूसरी ओर से भी नाली पास करवा कर नाली का निर्माण करवाया जाएगा, यदि किसी के मकान अतिक्रमण में आएंगे तो उन्हें भी तुड़वाया जाएगा किसी के साथ में सौतेला व्यवहार नहीं किया जाएगा।

# 15 से 30 दिसम्बर तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा रहेगा ताइक्वांडो व फ्री स्टाइल का प्रशिक्षण स्थल

## चतुर्थ ईएमआरएस स्पोर्टस मीट में बच्चों ने जीते कुल 51 मेडल

बालाघाट(पद्मेश न्युज)। चतुर्थ ईएमआरएस स्पोर्टस मीट 2024 में राज्य स्तर पर जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा के 45 प्रतियोगी छात्रों का दल भी शामिल हुआ। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यायल उकवा प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपाल में 4 से 6 दिसंबर 24 तक 3 दिवसीय आयोजित इस स्पोर्ट्स मीट में विद्यालय के बच्चों द्वारा 39 गोल्ड मेडल प्राप्त किये गए। जिसमे 23 ताइक्वांडो, 09 कुश्ती, 5 जुडो, 01 बैडमिंटन और 01 चेस विधाओं में प्राप्त हुए है। वहीं 11 सिल्वर मेडल एथलीट्स में तथा 3 ब्रॉन्ज मेडल ताइक्वांडो एवम जुडो में प्राप्त किये है। इस तरह कुल 51 मेडल प्राप्त कर छात्रों द्वारा संस्था को




गौरवान्वित किया गया। इस दौरान बताया गया कि राज्य सोसायटी एमपीसरस द्वारा एकलव्य विद्यालय उकवा को ताइक्वांडो एवं फ्री स्टाइल कुश्ती के लिये प्री नेशनल कैम्प 15 दिसम्बर से 30 दिसंबर 2024 तक प्रशिक्षण स्थल बनाया गया है। जिसमें वर्तमान मे जबलपुर भोपाल इंदौर एवं शहडोल संभाग के प्रतिभागियो को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्राचार्य ने बताया भोपाल से लौटने पर ग्राम पंचायत उकवा की सरपंच सुश्री अनुसूइया छत्रिय एवं पंचो द्वारा बच्चों का तिलक एवं माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत अभिवंदन किया गया। वहीं प्राचार्य एकेएस सोलंकी, फिजिकल एजुकेशन टीचर सुश्री नूपुर विस्वास, ताइक्वांडो कोच सुश्री अश्विनी भरने एवं समस्त स्टॉफ द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही जनवरी 2025 में रायपुर में एकलव्य विद्यालय राष्टीय स्तर पर अपना प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के साथ ईवीएम गोडाऊन का किया त्रैमासिक निरीक्षण

बालाघाट(पद्मेश न्युज)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी मृणाल मीना ने शुक्रवार शाम को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम गोडाऊन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। कलेक्टर कार्यालय



परिसर में पीछे की ओर बने ईवीएम गोडाऊन में निचले व ऊपरी तल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं सहित इलेक्ट्रिक आदि की जानकारी ली गई।

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डेलेंद्र पटले पिता दुर्गाप्रसाद पटले जाति पंवार निवासी ग्राम पंचायत लवादा के द्वारा कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि इनकी दादीजी स्व. इमनबाई पति शोभाराम का निधन १८.०७.२००२ को हो चुका है और इनकी मृत्यु के उपरांत इन्हे मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से जारी किया जाना है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे ०३.०१.२०२५ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**के.एल. टेकाम**
**तहसीलदार लालबर्रा**

## In The Court Of Additional Judge To I Civil Judge Class-II (Junior Division), Civil Court Waraseoni, District Court, Balaghat

**Presiding Officer:- शैलेन्द्र रैकवार**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS A/0000282/2024)

**कल्पना डोंगरे............................................................ वादी**

**Vs**

**आम जनता.............................................................प्रतिवादी**

Process Id- 431/2024
**पेशी दिनांक**- 30/01/2025

प्रेषिती-
**आम जनता** पता- **निरंक**

यह कि प्रार्थी **कल्पना डोंगरे** ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते उदघोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद सस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख **17 December 2024** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**कृपया ध्यान दे-**

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**शैलेन्द्र रैकवार**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खण्ड वारासिवनी**

## आम सूचना

मैं मुकेश अग्रवाल अधिवक्ता सिविल कोर्ट वारासिवनी तह:वारासिवनी जिला बालाघाट अपने पक्षकार मिलन कुमार यादव पिता श्री जयप्रकाश यादव एवं रेवती साठे पिता श्री भालचंद साठे निवासी वार्ड नं. ८ चंदोरी तह: वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र. की ओर से श्री नंदकिशोर पिता श्री पुनाराम राठौर, विमलकिशोर पिता श्री पुनाराम राठौर, मंजुलता पिता श्री पुनाराम राठौर एवं पुष्पलता पिता श्री पुनाराम राठौर एवं समस्त आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम चंदोरी प.ह.नं. २५/२७ रा.नि.मं.व. तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट में खसरा नं.९४ रकबा ०.०४९ हे.भूमि क्रय की गई है, और यह भूमि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमति सुशीला राठौर पति श्री पुनाराम राठौर से दिनांक ०६/०४/२०२२ को पंजीबध्द विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किये थे । जिसका पंजीयन क्रमांक एमपी.१०४२०२२ए१३७५६५१ है जिसका स्वामित्व व आधिपत्य प्राप्त किये। यह कि मेरे पक्षकार के द्वारा वर्णित भूमि पर क्रय करने के बाद उक्त वर्णित भूमि पर मेरे पक्षकार का नाम दर्ज नही हो पाया और वर्णित भूमि वर्तमान में श्रीमति सुशीला राठौर की मृत्यु होने के कारण उनके वैधानिक वारसानो के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज हो गई है और मृतक श्रीमति सुशीला राठौर के वारसानो के द्वारा राजस्व प्रलेखो का नाम दर्ज होने का अनुचित लाभ उठाकर वर्णित भूमि को किसी और को विक्रय किया जा रहा है। इस कारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि वर्णित भूमि के संबंध में कोई प्रलेख मृतक श्रीमति सुशीला राठौर के वारसानो से निष्पादित ना करे तथा मृतक श्रीमति सुशीला राठौर के वारसानो को भी सूचित किया जाता है कि वे भी इस भूमि का कोई प्रलेख निष्पादित ना करे और यदि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोई प्रलेख मृतक श्रीमति सुशीला राठौर के वारसानो के साथ निष्पादित किया जाता है तो वह प्रलेख मेरे पक्षकारों पर बंधनकारी नहीं होगा एवं शून्य माना जावेगा।

वास्ते आम सूचना प्रेषित है
वारासिवनी
दिनांक २०/१२/२०२४

**प्रेषक**
**मुकेश अग्रवाल अधिवक्ता सिविल कोर्ट वारासिवनी**

# नेमा समाज का पारिवारिक मिलन समारोह 22 को

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। नेमा सामाजिक मंच बालाघाट के संयोजक विजय गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताएं कि बालाघाट नेमा समाज का जिला स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह आगामी 22 दिसंबर दिन रविवार को प्रात: 8 बजे से बालाघाट के गोविंद पैलेस लान में आयोजित किया गया है इस समारोह में नेमा समाज के वरिष्ठ जनों को सम्मानित करना तथा समाज के मेधावी बच्चों को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने तथा उनकी विशेष उपलब्धियां पर उन्हें सम्मान पत्र भेंट किए जाएंगे। इस आयोजन में बच्चों एवं महिलाओं के खेलकूद नृत्य एवं संगीत के कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। नेमा सामाजिक मंच के संयोजक विजय गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी अर्चित नेमा, आलोक नेमा, सुनील नेमा, संदीप नेमा, दिनेश नेमा, आशीष नेमा, अंकित नेमा और और नितेश नेमा आदि ने जिले के समस्त सामाजिक बंधुओ से इस पारिवारिक मिलन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# स्वस्थ्य गाय का ऑपरेशन कर 2 किलो पॉलीथिन निकाली

## दो गाय के पोस्ट मोर्डम में पॉलीथिन की अधिकता के कारण हुई थी मृत्यु

बालाघाट(पद्मेश न्युज)। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा गुरुवार को बिठली स्थित गौशाला में दो गोवंश की सर्जरी की गई। जानकर आश्चर्य होगा कि जिस स्वस्थ गाय की सर्जरी की गई,उसमें में करीब 2 किलो पॉलीथिन निकाली गई। गाय का ऑपरेशन करने वाले डॉ. सुरेंद्र मर्सकोले ने बताया कि गौशाला में कुछ दिनों पूर्व अचानक 2 गायों की मृत्यु हो गई थी। जिनके पोस्ट मोर्डम करने पर पाया गया कि उनमें बहुतायत में पॉलीथिन पायी गई। गौशाला में रखी गई शेष गायों को बचाने के लिए भी प्रयास किये जा रहे है। इसमें प्रारंभिक तौर पर विभाग ने सबसे कम उम्र की गाय की सर्जरी कर पॉलीथिन निकालने की कोशिश की गई। गुरुवार को करीब 2 वर्षीय गाय की सर्जरी कर सफलता पूर्वक करीब 2 किलो पॉलीथिन निकाली गई। साथ ही पेट में अपचयन की स्थिति में अनाज भी पाया गया। यहाँ की और भी गायों में पॉलीथिन होने की सम्भावना है।



### विभाग के दो चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के ऑब्जर्वेशन में गाय है स्वस्थ

डॉ. मर्सकोले ने बताया कि ऑपरेशन करने के बाद गाय के स्वास्थ्य निगरानी के लिए सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी मौसम बघेले और जितेंद्र डोंगरे को ऑब्जर्वेशन में तैनात किया गया है। अब जिन गायों की उम्र ज्यादा है। उनको बिना सर्जरी के बचाने के प्रयास किये जा रहे है। इसके लिए अन्य राज्यो में अपनाए जाने वाले देशी नुस्खें भी उपयोग में लाये का रहे है।

### एक गाय का ट्यूमर निकाला गया

पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. एनडी पूरी ने बताया कि वारासिवनी जनपद में बिठली स्थित शासकीय गौशाला में गौवंशीय पशुओं के नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान एक गाय में ट्यूमर पाया गया था। इसके उपचार के लिए सर्जन डॉ. उमेश निरापुरे की अध्यक्षता में पशु चिकित्सको का दल गठित किया गया। गाय की शल्य क्रिया के बाद ट्यूमर निकाला गया। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. अमित कावड़े, बिरसा के डॉ. राकेश बारेश्वा, खैरलांजी के मोबाइल वेटरनरी यूनिट में पदस्थ डॉ. प्रशांत जाधव, पैरावेट श्री शरद वासनिक व श्री धीरज शरणागत का सहयोग रहा।

आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है।
कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

आवश्यकता है
चपरासी की आवश्यकता है
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करें
अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए
वेतनमान- 10000+
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)
244944 मो. 9201340520,9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# रेंजर कॉलेज के परिक्षेत्र में तेंदुए की दस्तक

## मादा चीतल का किया शिकार, विभाग ने रेंजर कॉलेज के जंगल और परिक्षेत्र के लिए करी एडवाइजरी जारी, कुछ दिनों तक घने जंगल की ओर न जाएं

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रेंजर कॉलेज के परिसर में उस समय सनसनी फैल गई जब एक मादा चीतल का शव सुबह घूमने वाले लोगों ने परिसर के अंदर देखा और धीरे-धीरे जानकारी आने लगी कि यह मादा चीतल का शिकार तेंदुए के द्वारा किया गया है, क्योंकि मादा चीतल के शरीर पर निशान देखकर या स्पष्ट हो गया कि कॉलेज के परिसर और जंगल में तेंदुए ने दस्तक दे दी है, जिसके बाद अचानक से जो लोग बजरंग घाट की ओर घूमने जा रहे थे, वह कुछ समय के लिए वहीं रुक गए , तो वहीं विभाग द्वारा घने जंगल की ओर घूमने जाने वाले लोगों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गयी ,की कोई भी अभी कुछ दिनों तक घने जंगल की ओर न जाएं और रात्रि के समय भी यहां परिसर में लोग लाइट जला कर रखें ,मादा चीतल के मृत शरीर का वन विभाग द्वारा पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार किया गया। आपको बता दे कि वनक्षेत्र से घिरा बालाघाट जिला, अपने जंगलो में वन्यप्राणियो की बाहुलता से अपनी एक अलग पहचान रखता है, यही कारण है कि शहरी क्षेत्र के बजरंग घाट और रेंजर कॉलेज परिसर में लोगों को आसानी से चीतल का दीदार हो जाता है, लेकिन बीते गुरूवार की रात, हिंसक वन्यप्राणी तेंदुए ने एक मादा गर्भवती चीतल का शिकार किया। जिसकी जानकारी के बाद शुक्रवार को सुबह वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र बिसेन और अमले ने घटनास्थल से माादा चीतल का अंगभंग शव बरामद किया है। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में आकर चीतल का शिकार करने वाले तेंदुए की मौजूदगी को देखते हुए वनविभाग ने सुबह और शाम सैर करने वाले लोगों के लिए एडवायजरी जारी की है कि वह रेंजर कॉलेज



और बजरंग घाट के जंगली क्षेत्र में ना जाए। और यही कारण था कि 20 दिसंबर को जब लोग घूमने जा रहे थे, तो परिसर में मादा चीतल का शव मिलने से सनसनी फैल गई और जो बजरंग घाट की ओर घूमने जा रहे लोग अचानक से वही रुक गए, क्योंकि बजरंग घाट की ओर घना जंगल होने की वजह से वन विभाग द्वारा यह स्पष्ट करवा दिया गया कि अंदर हिंसक वन्य प्राणी तेंदुआ हो सकता है, इसलिए जब तक विभाग द्वारा अगले दिशा निर्देश नहीं दिए जाते, तब तक कोई भी घने जंगल और बजरंग घाट की ओर न जाए, किंतु वहीं सुबह के समय दिए गए निर्देश को दोपहर तक लोग भूल गए और दोपहर के समय स्कूली बच्चे और कॉलेज के छात्र-छात्रा बजरंग घाट के घने जंगल में घूमते नजर आए, जबकि कई लोगों को तो यह जानकारी ही नहीं थी कि सुबह के समय ही हिंसक वन्य प्राणी तेंदुए ने यहां दस्तक दी है, वहीं कुछ वन कर्मी इसकी जानकारी भी लोगों को देते नजर आ रहे थे , पर कॉलेज के बच्चे उनका कहना न मानकर घने जंगलों की ओर अपनी बाइक से घूम रहे थे जबकि विभाग द्वारा स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए हैं , कि जब तक यहां तेंदुए की दस्तक रहेगी, तब तक कोई भी अंदर ना जाए पर इस नियम को कोई नहीं मान रहा था।

### वन विभाग की एडवाइजरी नहीं कर रहा था कोई फॉलो

जहां एक ओर वन विभाग द्वारा तेंदुए की दस्तक के बाद रेंजर कॉलेज परिसर और जंगल में नहीं जाने को लेकर एडवाइजरी जारी कर दी गई थी, कि अभी हिंसक प्राणी तेंदुआ की दस्तक है तो कोई भी घने जंगल की ओर न जाए ,किंतु देखने को यह मिला कि यहां दिनभर स्कूल के बच्चे और कॉलेज के छात्र-छात्रा घने जंगल की ओर घूमते फिरते और पिकनिक मनाते नजर आ रहे थे, जबकि ऐसा लग ही नहीं रहा था कि परिसर में किसी हिंसक प्राणी की दस्तक हो या फिर कोई वन विभाग के इस नियम को मानने के लिए तैयार ही नहीं था और सभी घने जंगलों की ओर जा जाकर वीडियो और सेल्फी ले रहे थे।

### तेंदुए के पगमार्क मिले है। जिससे साफ हुआ - धर्मेन्द्र बिसेन

परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र बिसेन ने बताया कि रेंजर कॉलेज में रहने वाले चौकीदार को सुबह कुत्तो के तेज भौंकने की आवाज मिली। जिसके बाद उसे एक जानवर तेज भागता दिखाई दिया। जिसकी सूचना पर वन अमले ने पता किया तो वहां एक मादा चीतल दिखाई दी। जिसके पास ही तेंदुए के पगमार्क मिले है। जिससे यह, साफ है कि तेंदुए ने मादा चीतल का शिकार किया है। मादा चीतल के शव को बरामद कर दोपहर 1 बजे विधिवत प्रक्रिया के तहत मादा चीतल के शव का परीक्षण करवाकर उसका अंतिम संस्कार वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया है। इसके साथ ही, यहां प्रतिदिन सुबह-शाम सैर करने आने वाले लोगों के लिए एडवायजरी भी जारी की गई है। जिसमें एक महिने तक, जब तक तेंदुए का लोकेशन, जंगल की तरफ ना हो जाए, सैर करने वाले लोगों को जंगल क्षेत्र की ओर ना जाने की हिदायत दी गई है।

# लघु उद्यमियों ने मुख्यमंत्री और एमएसएमई मंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## उद्यमियों ने सरकार द्वारा बनाये गये नये नियमों को शिथिल करने की करी मांग

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लघु उद्यमियों द्वारा प्रदेश स्तर के आव्हान पर मुख्यमंत्री और एमएसएमई मंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि आने वाले नए वर्ष से जो सरकार द्वारा उद्यमियों पर नए कानून लागू किये जा रहे हैं , वह कानून उनके विपरीत है , उससे उन्हें काफी नुकसान होगा एवं वह चाहते हैं, कि जो नए नियम लागू किये जा रहे हैं, उसमें शिथिलता की जाए, नहीं तो वह आने वाले दिनों में और उग्र आंदोलन करेंगे। आपको बता दें कि जिले के लघु उद्यमियों ने शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे, लघु उद्योग भारती संगठन के



बैनर तले, कलेक्टर को मुख्यमंत्री और उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक को एमएसएमई मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर लघु उद्योगों के लिए सरकार के नियमों को शिथिल करने की मांग की। दरअसल, जिले के उद्यमी, सरकार के आगामी एक जनवरी से लघु उद्योगों में फायर एनओसी नहीं होने पर, प्रतिदिन के हिसाब से आर्थिक दंड और उद्योगो के लिए उलझन भरे लागु नियमों से नाराज है। लघु उद्योग भारती ने लघु उद्योगों के लिए लागु किए जा रहे फायर एनओसी में आर्थिक दंड की अनिवार्यता को समाप्त करने, नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत निर्मित औद्योगिक क्षेत्र में एमपीआईडीसी और एमएसएमई संधारण शुल्क के अलावा प्रापर्टी टैक्स लिए जाने पर प्रापर्टी टैक्स को खत्म करने, उद्योग संवर्धन बोर्ड की प्रतिमाह बैठक करवाने, लघु उद्योग में आकस्मिक दुर्घटना में श्रमिक की मौत पर बीएनएस की धारा 105 की जगह 106 लगाए जाने, चक्कियों को लघु उद्योग का दर्जा देकर उद्योग दर से बिजली प्रदान किए जाने की मांग की गई। जिसमें लघु उद्यमियों के के लघु उद्योग भारती संगठन ने 31 दिसंबर तक मांगो के निराकरण की बात कही है। अन्यथा जिला और भोपाल में आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि यदि सरकार द्वारा नए साल में लागू किए गए नियमों में शिथिलता नहीं करेगे तो वह प्रदेश स्तर पर पुन: एक बार संगठन से विचार कर उग्र आंदोलन की रणनीति बनाएंगे, क्योंकि इस प्रकार से नए नियम लागू करने से उन्हें व्यापार में काफी नुकसान होगा लघु उद्योग भारती जिलाध्यक्ष सुदीप जैन ने बताया कि फायर एनओसी पहले, साल में आर्थिक दंड का प्रावधान था लेकिन, अब, सरकार ने इसको लेकर प्रतिदिन का नियम लाया है, जो आगामी एक जनवरी से सरकार लागु करने जा रही है, जिससे, लघु उद्योग समाप्त हो जाएंगे। इस नियम को शिथिल करते हुए आर्थिक दंड की अनिवार्यता को समाप्त करें। लघु उद्योग भारती संरक्षक प्रणव पटेल ने कहा कि सरकार आए दिन, उद्योगों पर नए कायदे कानून बना रही है। जिससे उद्योगों को चलाने में असुविधा हो रही है। हमारी मांग है कि सरकार नियमों में शिथिलता अपनाते हुए उद्योगों को बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि अभी पत्राचार किया है, जरूरत पड़ी तो भोपाल तक जाएंगे। लघु भारती उद्योग संगठन सचिव विनोद कुमार धनवानी ने बताया कि सरकार उद्योगों को सरलीकृत करने करना चाहती है लेकिन नए-नए नियमों को लाकर उलझनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे उद्योग चलाने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि नियम सरल होंगे तो उद्योग संचालित होंगे।

# अभाविप की महाविद्यालय कार्यकारिणी घोषित



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बालाघाट द्वारा शुक्रवार को सत्र 2024- 2025 की महाविद्यालय कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमे कुबेर सिंह ठाकुर को महाविद्यालय अध्यक्ष बनाया गया तो वही आयुष कटरे को महाविद्यालय मंत्री की कमान सौपी गई। इसके अलावा कुल 27 कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल एवं नगर मंत्री धीरज मात्रे उपस्थित रहे। जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने दायित्वबोध पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी दायित्वान कार्यताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने ज्ञान शील एकता के भाव के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही महाविद्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन किया।

# गाडगे बाबा की 68 पुण्यतिथि पर जिला रजक धोबी समाज ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

## समाजिक बंधुओ ने स्वच्छता अभियान के रचयिता संत गाडगे बाबा की मनाई पुण्यतिथि

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। स्वच्छता के जनक संत गाड़गे बाबा ने अपने जीवन काल में विभिन्न अभियान चलाकर मानव को जीवन में निरोगी काया रखने का संदेश देकर समाज को जागृत किया, आखिरकार अस्पृशता, अज्ञानता, अंधविश्वास में नहीं पड़ने की सिख देकर समाज को साफ सुथरा रहने की चेतना देकर संत सदा के लिये इस संसार से 20 दिसम्बर 1956 को विदा हो गये।जिनकी पुण्यतिथि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी 20 दिसंबर शुक्रवार को जिला धोबी रजक समाज द्वारा मनाई गई।जिसके तहत विशेष पूजा अर्चना, बाबा का जयघोष व श्राद्धाजंलि सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।पुण्यतिथि पर आयोजित समस्त कार्यक्रमो में जिला धोबी रजक समाज संरक्षक केशवराव भंडुरिया, हरिचंद कनोजिया, किशन अगुंठलेवार, सुरेश श्रीवास्त्री, जिला अध्यक्ष अशोक कुमार रजक, उपाध्यक्ष- भरत कनोजिया, सचिव- मुकेश मालवी, सह सचिव ईसूदयाल बड़पात्रे, कोषाध्यक्ष- जीवनलाल बड़गैया, सदस्य प्रबंध कार्य, संतोष मालवी, पीतमलाल कनोजिया, भवन लाल जांगड़े, और गणेश दुधमोगरे सहित



अन्य पदाधिकारी सदस्यों व सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों के किए गए आयोजन

संत गाडगे जी महाराज, जिन्होंने ताउम्र शिक्षा, स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता का ज्ञान दिया. उनका मानना था कि शिक्षा के लिए हो सके तो खाने के बर्तन बेच दो, टूटे-फूटे घर में रहकर गुजारा कर लो, लेकिन शिक्षा में व्यवधान मत आने दो।ऐसे महान संत की 68 वी पुण्यतिथि जिलामुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलो में भी मनाई गयी ।जहां मुख्य कार्यक्रम का आयोजन भारत विकलांग स्कूल के पीछे बूढ़ी स्थित धोबी (रजक)समाज सास्कृतिक भवने इस प्रमुख अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।स्वच्छता अभियान के रचयिता संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि पर सामाजिक बंधुओं ने सामूहिक रूप से पूजा पाठ, सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानो में भाग लेकर देर शाम में सकिर्तन का भी आयोजन किया गया। वही प्रसाद वितरण सहित अन्य कार्यक्रमों के साथ पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमो का समापन किया गया।

### सुरभि नगर स्थित मंदिर में भी विभिन्न कार्यक्रमों के किए गए आयोजन

इसी कड़ी में नगर के वार्ड नंबर 24 सुरभि नगर स्थित संत गाडगे महाराज मंदिर में बाबा की 68वीं पुण्यतिथि पर सामाजिक बंधुओ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।जो सुबह से लेकर देर शाम तक चलते रहे। जहां मंदिर में सुबह से ही पूजन, पाठ, भजन, कीर्तन ,दही काला सहित अन्य आयोजन किए गए। वहीं देर शाम महाप्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# भागवत पुराण सुनने गई महिला के गले से मंगलसूत्र व चैन हुई चोरी

## मामला परशुराम भवन में जारी श्रीमद् भागवत पुराण का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के रामपायली रोड़ वार्ड नंबर १ अमृत नगर स्थित परशुराम भवन में २० दिसंबर की शाम प्रसादी ग्रहण करने के दौरान ४० वर्षीय महिला के गले से एक अज्ञात महिला के द्वारा सोने के मंगलसूत्र और चैन खींचकर चोरी कर लिया गया। महिला का पता लगते ही पीड़िता पुष्पलता बोपचे के द्वारा महिला को पड़कर पुलिस के सुपुर्द किया गया। मामले में पुलिस के द्वारा अज्ञात महिला से पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परशुराम भवन में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन १८ से २६ दिसंबर तक किया गया है। जिसमें प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में महिला और पुरुष दोपहर २ बजे से पंडाल में पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में पुष्पलता पति शिवदयाल बोपचे उम्र ४० वर्ष वार्ड नं २ भैरोगंज निवासी प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की दोपहर २ बजे श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने के लिए पंडाल में पहुंची थी। जहां पर शाम तक कथा का श्रवण करने के बाद आरती कर प्रसादी लेने के लिय लाइन में खड़े थी। तभी एक अज्ञात महिला के द्वारा पुष्पलता बोपचे के गले में पहने हुए सोने के मंगलसूत्र और चैन को गले से खींचकर उतार लिया गया। यह घटना पास खड़ी महिला के द्वारा देखकर तत्काल उसे बताया फिर उक्त महिलाओं के द्वारा उस अज्ञात महिला को पकड़ कर पुलिस थाना वारासिवनी में लाया गया है। जहां पर पुलिस उससे पूछताछ की जा रही है जिसके द्वारा अपनी पहचान भी नहीं बताई जा रही है जो कभी नागपुर तो कभी डोंगरगढ़ निवासी होने की बात कह रही है। मामले में पुलिस के द्वारा पूछताछ की जा रही है इसमें समाचार लेकर जाने तक पुलिस के द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।



### पुलिस व्यवस्था पर उठ रहा सवाल

इस प्रकार गले से मंगलसूत्र खींचना या सुने मकान में चोरी करने की वारदात पुलिस व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रही है। जबकि अनेको बार बस स्टैंड में यात्रियों के साथ अज्ञात महिलाओं के द्वारा चोरी की वारदात की जा चुकी है। परंतु उसमें भी आज तक कोई सफ लता पुलिस के हाथ नहीं लगी । या पहली बार अज्ञात महिला पुलिस के हाथ में आई है वह भी नगर वासियों के द्वारा पुलिस को सुपुर्द किया गया है। जिसमें लोगों के द्वारा महिला किसी गैंग की सदस्य होने की संभावना व्यक्त की जा रही है जिनके द्वारा आसानी से चोरी की वारदात की जाती है। जबकि नगर आयोजनों में पुलिस के द्वारा व्यवस्था बनानी चाहिए अज्ञात तत्वों पर निगरानी रखनी चाहिए। परंतु नगर में कई अज्ञात लोग घूमते रहते हैं किसी की मुसाफि री या पहचान भी पुलिस के द्वारा नहीं की जाती है तो एक बड़ी विडंबना बनी हुई है।

### चोरी की घटना परशुराम भवन में हुई जहां पुराण कार्यक्रम चल रहा है-पुष्पलता बोपचे

पीड़िता पुष्पलता बोपचे ने बताया कि मैं वार्ड नंबर २ रहती हूं श्रीमद् भागवत पुराण सुनने के लिए मैं गई हुई थी। वहां पर कथा के अंत में प्रसाद ग्रहण करने के लिए स्टॉल के पास खड़ी थी। तभी किसी महिला के द्वारा मेरे गले से सोने के मंगलसूत्र और चैन को खींचकर निकाल लिया गया। मैंने उस महिला को पूरा तो नहीं देखा किंतु बाजू की चाची ने महिला को पूरा निकलते हुए देखा। जिन्होंने मुझे बताया और मेरे द्वारा तत्काल दौड़कर उसे पकड़ा गया। उसे हम लोग थाने में लेकर आए हैं उसके पास समान तो मिला नहीं शायद उसने अपने किसी साथी को दे दिया होगा। यह घटना परशुराम भवन की है जहां पुराण कार्यक्रम में मैं गई थी शाम ६ बजे करीब यह वारदात हुई है। मेरा मंगलसूत्र और चैन तीन तोले सोने की हैं हमारे द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवायी जा रही है।

# क्षत्रिय मराठा कलार समाज के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 22 दिसम्बर को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। क्षत्रिय मराठा कलार समाज के नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह व मिलन महा सम्मेलन 22 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से शहर के वार्ड नंबर 1 शिव मंगल लॉन बूढ़ी में आयोजित किया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्यक्रम प्रभारी/संयोजक नीलू पिपलेवार व क्षत्रिय मराठा कलार समाज के जिलाध्यक्ष संजीव धुवारे बाबा ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि 21 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से सहस्त्रबाहु




चौक मोतीनगर से बाईक रैली निकाली जावेगी। जिसमें महिला/पुरूष शामिल होंगे। रैली नगर का भ्रमण कर भटेरा, बूढ़ी होते हुये शिव मंगल भवन पहुंचकर संपन्न होगी। 22 दिसम्बर को नव-नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सिवनी मुनमुन राय, पूर्व मंत्री प्रदीप गुड्डा जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे व विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत एसआई राधेलाल दौने, जायसवाल कलार समाज अध्यक्ष अरूण जायसवाल, डहरवाल कलार समाज अध्यक्ष शिवाजी बावीसताले, डॉ. अविनाश सहारे, पार्षद गिरीश कावड़े, क्ष.म.क. समाज अध्यक्ष गोंदिया विनायक गजघाट, अ.भा. क्ष.म.क. समाज नागपुर महेन्द्र डोहरे, प्रगति कलार समाज अध्यक्ष भोरगढ़ पुरूषोत्तम धुवारे उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महादेव व सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर किया जाएंगा। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत व शपथ ग्रहण कार्यक्रम, दानदाताओं एवं उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मान, समाज द्वारा दी गई सौगात डीप फ्रीजर का लोकार्पण, हास्य कार्यक्रम मिमिक्री एवं महिला समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जावेगी। इस दौरान संगठन के नव-नियुक्त अध्यक्ष संजीव धुवारे ने कहा कि समाज के लोगों ने मुझे सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। समाज के लिये शव रखने वाला डीप फ्रीजर दिया जा रहा है। इसके बाद शव वाहन की भी सुविधा करने का प्रयास किया जाएंगा। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गो के लोगों की हर संभव मदद कर उनके भी जीवन स्तर में सुधार लाने सभी मिलकर कार्य करेंगे। इस दौरान क्ष.म.क. समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संतोष पिपलेवार, पूर्व क्ष.म.क. समाज अध्यक्ष नोहर सिंह डोहरे, चन्द्रकांत पिपलेवार, संतोष कावड़े, सुनील पालेवार, दिनेश जेमी, टेकचंद धुवारे, दुर्गेश बिजेवार सहि अन्य मौजूद रहे।

# भगवान की प्राण प्रतिष्ठा और भागवत महापुराण कथा का सात दिवसीय आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत तुलसीधाम (लेंडेंझरी) में भगवान शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा और श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 24 से 30 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुये सी.ए. राकेश चिंतामन चौहान और श्रीमती स्वेता चौहान ने बताया कि ग्राम में उनके द्वारा शिव जी का नया मंदिर एवं आवास वंदना वाटिका का निर्माण किया है। जिसमें गृह प्रवेश के उपलक्ष्य में वास्तु पूजन, श्रीमद भागवत महापुराण कथा एवं शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा पंडित दीपचंद जी शास्त्री ज्योतिषाचार्य जबलपुर के मुखारबिंद से सात दिनों तक होगा। कथा का समय प्रतिदिन सुबह 8.30 बजें से 10.30 तक एवं दोपहर में 2 बजें से सांय 5 बजें तक रखा गया है। कार्यक्रम के प्रथम दिन 24 जनवरी दिन शुक्रवार को ग्राम में कलश यात्रा, देवताओं का आव्हान, गिरिराज पूजन, संस्कृत पाठ इसके अगले दिन 25 जनवरी, रविवार को कलश स्थापना, महात्म्य कथा, भक्ति नाराद चरित्र, परिक्षित श्राप एवं कपिल उपाख्यान किया जायेगा। 26 जनवरी,रविवार को घ्रुव चरित्र, सती चरित्र का वर्णन किया जायेगा। इसी तरह 27 जनवरी, सोमवार वामन अवतार, कृष्णजन्मोत्सव। 28 जनवरी दिन मंगवार बाललीला, कंसवध एवं गिरिराज के बारे में बताया जायेगा। 29 जनवरी को बुधवार सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष एवं तुलसी वर्षा के बारे में बतायेगें। अतिम दिन 30 जनवरी गुरूवार को हवन, गौदान, गीता ज्ञान एवं कन्याभोज, महाभंडारा और अंत में ब्राम्हण बिदाई के बाद उक्त कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में सीए राकेश चौहान और परिवार के सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्राह किया है।

# नल-जल योजना की पाइपलाईन क्षतिग्रस्त, हाईवे मार्ग से बह रहा पानी, जिम्मेदार मौन

## नाली निर्माण ठेकेदार की लापरवाही से पाइपलाईन हुई है क्षतिग्रस्त, मरम्मत करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। नगर मुख्यालय से होकर गुजरे बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग के लालबर्रा बस स्टैण्ड से लेकर मजार नाले तक रोड़ किनारे से पक्की नाली का निर्माण किया गया है और नाली निर्माण कंपनी की लापरवाही के चलते नाली निर्माण के दौरान सैंट्रल बैंक के समीप एवं अन्य स्थानों की नल-जल योजना की पाइपलाईन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिसके कारण हाईवे रोड़ के ऊपर से पानी बह रहा है। साथ ही रोड़ किनारे बने गड्ढों में पानी जमा भी हो रहा है जिसके कारण आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है एवं हादसे भी घटित हो रहे है। साथ ही जलापूर्ति सेवा भी प्रभावित हो रही है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा क्षतिग्रस्त नल-जल योजना की पाइपलाईन का मरम्मत कार्य करवाने की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे स्थानीयजनों एवं राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है और जल्द पीएचई विभाग से क्षतिग्रस्त पाइपलाईन का मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है। वहीं पीएचई विभाग के प्रभारी एसडीओ विजय तिवारी से दूरभाष पर लालबर्रा से सिवनी हाईवे मार्ग के सैंट्रल बैंक के समीप एवं अन्य स्थानों पर नल-जल योजना की क्षतिग्रस्त पाईपलाईन का मरम्मत कार्य करवाने के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया परन्तु संपर्क नही हो पाया।**





### पाइपलाईन क्षतिग्रस्त होने से जलापुर्ति हुई प्रभावित

आपको बता दें कि शासन के द्वारा करोड़ो रूपये की लागत से नलजल योजना के तहत पाइपलाईन का कार्य किया गया है जिसके माध्यम से लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ७७ ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजनों को पाइपलाईन के माध्यम से पानी सप्लाई किया जाता है। लेकिन विगत माह पूर्व आरईएस विभाग के द्वारा लाखों रूपयों की लागत से लालबर्रा बस स्टैण्ड से लेकर मजार नाले तक पक्की नाली का निर्माण किया गया है परन्तु इस नाली निर्माण के दौरान ठेकेदार की लापरवाही के चलते जगह-जगह से नल-जल योजना की पाईपलाईन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिसके कारण सुबह के समय जब नगरवासियों का पानी प्रदाय किया जाता है तो पाइपलाईन क्षतिग्रस्त होने के कारण रोड़ के ऊपर से पानी बहते रहता है जिसके कारण कुछ स्थानों पर कीचड़ होने के साथ ही रोड़ से पानी बहने के कारण आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही निवासरत लोगों के घरों तक पानी नही पहुंच पा रहा है जिसके कारण पानी की दिक्कत बनी हुई है। वहीं जिस समय पाइपलाईन क्षतिग्रस्त हुई थी उस समय नाली निर्माण कंपनी के ठेकेदार से पाइपलाईन का मरम्मत कार्य करवाने की मांग की गई थी जिन्होने मरम्मत करवा देने आश्वास्त भी किया था परन्तु नाली निर्माण होने के बाद उन्होने निर्माण नही करवाया है और लंबे समय से नल-जल योजना की पाइपलाईन क्षतिग्रस्त है। जिसके कारण रोड़ के ऊपर से पानी बहते रहता है एवं गड्ढों में पानी जमा हो रहा है जिससे सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे सभी में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

### रोड़ के ऊपर से बहता है पानी - अंकित

अंकित जैन ने बताया कि बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग के किनारे से गुजरी नल-जल योजना की पाइपलाईन विगत दिनों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिसके कारण जब पानी प्रदाय किया जाता है तो रोड़ के ऊपर से पानी बहते रहता है एवं रोड़ किनारे बने गड्ढों में पानी जमा होने एवं पानी बहने के कारण सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और पानी के छिंटे लगे से कपड़े भी खराब होते है। श्री जैन ने बताया कि पाइपलाईन क्षतिग्रस्त हुए एक महीने से भी अधिक समय हो चुका है लेकिन अब तक मरम्मत कार्य नही करवाया गया है इसलिए पीएचई विभाग से मांग है कि पाइपलाईन का मरम्मत कार्य करवाये ताकि रोड़ के ऊपर से बह रहे पानी से हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।



### नाली निर्माण के ठेकेदार की लापरवाही से पाइपलाईन हुई है क्षतिग्रस्त - अनीस

पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि लालबर्रा बस स्टैण्ड से लेकर मजार के समीप नाले तक आरईएस विभाग के द्वारा नाली का निर्माण करवाया गया है और ठेकेदार के द्वारा नाली निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। साथ ही नल-जल योजना की पाइपलाईन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिसके कारण हाईवे रोड़ के ऊपर से पानी बह रहा है जिससे सभी को परेशानी हो रही है। श्री खान ने बताया कि क्षतिग्रस्त पाइपलाईन का मरम्मत कार्य करवाने पीएचई विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है और नाली निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले उपयंत्री एवं ठेकेदार पर कार्यवाही करने की मांग जिला प्रशासन से की है एवं जल्द मरम्मत कार्य करवाये।



# कटंगा के वन विभाग की नर्सरी ( जंगल क्षेत्र ) में रामसिंह का लहुलुहान अवस्था में मिला शव

### हत्या किये जाने की जताई जा रही संभावना, आज किया जायेगा पोस्टमार्टम, जांच में जुटी पुलिस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा थानांतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बबरिया के ग्राम कटंगा के



वैनगंगा मोक्षधाम पहुंच मार्ग वन विभाग के भाग ३ स्थित नर्सरी के समीप (जंगल क्षेत्र) में ६० वर्षीय रामसिंह कोकोटे का लहुलुहान अवस्था में पुलिस ने शुक्रवार की रात में शव बरामद किया है। वहीं जिस अवस्था में लाश मिली है जिससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि रामसिंह कोकोटे की धारदार हथियार से हत्या की गई है। पुलिस ने शव बरामद एवं मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है एवं मृत व्यक्ति का शनिवार को प्रात: के समय पोस्टमार्टम किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगा निवासी ६० वर्षीय रामसिंह कोकोटे रोजाना की तरह शुक्रवार को भी प्रात: १० बजे मवेशी चराने वैनगंगा नदी मोक्षधाम पहुंच मार्ग स्थित वन विभाग के भाग ३ नर्सरी (जंगल) क्षेत्र में मवेशी चराने गया था। वहीं ग्राम कटंगा के एक व्यक्ति का विगत दिवस मृत्यु हो गई थी जिसका तेरहवीं कार्यक्रम के लिए शुक्रवार को ग्राम के कुछ लोग वैनगंगा नदी स्थित मोक्षधाम घाट पिंडदान सहित अन्य कार्यक्रम के लिए गये थे। जो कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वापस आ रहे थे। तभी दोपहर में उन्हे वन विभाग के भाग ३ नर्सरी के पास एक व्यक्ति खुन से लथपथ अवस्था पर पड़ा हुआ दिखाई दिया तो वे पास जाकर देखे तो वह ग्राम का रामसिंह था। जिसके शरीर में धारदार हथियार के निशान भी दिखाई दिये और उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद तत्काल उसके परिजनों, ग्रामीण एवं पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। साथ ही घटना स्थल में सिर्फ मृतक व्यक्ति पड़ा था उसके आसपास खून के निशान दिखाई नही दिये है जिससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि किसी के द्वारा अन्य स्थान पर उसकी हत्या कर शव को मोक्षधाम पहुंच मार्ग नर्सरी के समीप लाकर फेक दिया गया है। वहीं पुलिस को कटंगा के जंगल क्षेत्र में किसी व्यक्ति की हत्या होने की जानकारी लगने के बाद थाना प्रभारी हेमंत नायक पुलिसबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के साथ ही रात ८.३० बजे शव बरामद किया है। जिसके बाद शव को लालबर्रा सामुदायिक लाया गया परन्तु रात हो जाने के कारण मृत व्यक्ति की लाश को शव विच्छेदन गृह में रखवा दिया गया है, दुसरे दिन शनिवार को प्रात: पोस्टमार्टम किया जायेगा। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 14 खरीदी केन्द्रों में 1651 किसानों से 77,001 क्विं. 60 किग्रा. खरीदी गई धान

### परिवहन नही होने से खरीदी कार्य में होगी परेशानी, किसानों का नही हो रहा भुगतान, जल्द परिवहन करवाने की प्रशासन से की मांग





**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलवाने एवं दलालों व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर गत २ दिसंबर से समर्थन मूल्य २३०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। इसी कड़ी में लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के अंतर्गत आने वाले ९ सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए १४ खरीदी केन्द्र बनाये गये है और सभी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुकी है एवं किसान भी अपनी सुविधानुसार स्लॉटबुक करवाकर खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर उपज विक्रय कर रहे है। साथ ही खरीदी गई धान का परिवहन नही होने के कारण किसानों के साथ ही समिति को धान खरीदी करने में परेशानी हो रही है एवं किसानों को भुगतान भी नही हो रहा है जिससे किसानों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वहीं लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अंतर्गत बनाये गये १४ धान खरीदी केन्द्रों में शुक्रवार तक १६५१ किसानों से ७७,००१ क्विंटल ६० किग्रा. समर्थन मूल्य २३०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की गई है परन्तु खरीदी गई धानों का जल्द परिवहन नही हुआ तो आगामी समय में धान खरीदी केन्द्र में समिति को धान खरीदी करने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। समिति प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारियों ने शासन-प्रशासन से जल्द परिवहन करवाने की मांग की है ताकि धान खरीदी करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े।**

### धान विक्रय के बाद भी खातों में भुगतान नही आने से किसानों में आक्रोश व्याप्त

आपकों बता दे कि किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलवाने एवं दलालों व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष मार्केटिंग एवं सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जाती है और प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी २ दिसंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गया था परन्तु सरकार की वादाखिलाफी एवं धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये दिये जाने की मांग को लेकर गत २ दिसंबर से प्रारंभ हुए धान खरीदी कार्य का किसानों ने बहिष्कार करते हुए खरीदी केन्द्रों के सामने धरना प्रदर्शन कर सरकार से ३१०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने की मांग की गई। जिसके बाद भी सरकार के द्वारा किसानों की मांगों को पूरा नही किया गया तो गत १२ दिसंबर से किसानों ने खरीदी केन्द्र में काले झंड़े लगाकर अपने आंदोलन को जारी रखते हुए उपज विक्रय कर रहे है। इस तरह से खरीदी प्रारंभ होने के एक सप्ताह बाद किसान बड़ी संख्या में अपनी उपज विक्रय करने खरीदी केन्द्रों में पहुंच रहे है और समिति के द्वारा खरीदी भी की जा रही है परन्तु परिवहन नही होने के कारण किसानों का भुगतान नही हो पा रहा है। साथ ही उपज विक्रय करने एवं खरीदी करने में समितियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के अंतर्गत बनाये गये १४ धान खरीदी केन्द्र में समर्थन मूल्य में उपज विक्रय करने के लिए १०,४३२ किसानों ने पंजीयन करवाये है जिसमें से १६५१ किसानों ने अपनी उपज विक्रय कर चुके है, शेष किसानों से २० जनवरी तक खरीदी की जायेगी।

### परिवहन नही होने से किसानों के खातों में नही आ रहे पैमेंट - कमलेश

किसान कमलेश चौधरी ने बताया कि सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में एवं धान का ३१०० रूपये समर्थन मूल्य प्रति क्विं. दिये जाने की मांग को लेकर जिलेभर के किसानों के द्वारा धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया गया था। जिसके बाद किसान संगठन के द्वारा निर्णय लिया गया था कि सभी किसान सरकार के प्रति विरोध जताने के लिए काली पट्टी बांधकर खरीदी केंद्रों में अपनी उपज को बेचेंगे और किसान अपनी उपज विक्रय कर रहे है। लेकिन खरीदी केन्द्रों में परिवहन की व्यवस्था बदहाल पड़ी हुई है, परिवहन नही होने से किसानों के साथ ही समिति को परेशानी हो रही है। श्री चौधरी ने बताया कि किसान उपज विक्रय करने स्लॉट बुक करवा रहे है और खरीदी भी जारी है परन्तु परिवहन नही होने के कारण किसानों के खातों में पैमेंट नही आ रहे है इसलिए प्रशासन से मांग है कि जल्द परिवहन करवाये।



### जल्द परिवहन करवाये प्रशासन - लिल्हारे

दूरभाष पर चर्चा में जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक लालबर्रा के पर्यवेक्षक डीके लिल्हारे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार गत २ दिसंबर से समर्थन मूल्य २३०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कार्य प्रारंभ हो चुकी है एवं खरीदी के एक सप्ताह तक किसानों ने धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये दिये जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किये थे। जिसके कारण १२ दिसंबर से किसान अपनी उपज लेकर खरीदी केन्द्र में पहुंचना प्रारंभ किये जिसके बाद से सभी केन्द्रों में धान खरीदी जारी है। साथ ही यह भी बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित लालबर्रा के अंतर्गत बनाये गये १४ धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य में उपज विक्रय करने के लिए १०,४३२ किसानों ने पंजीयन करवाया है जिसमें से शुक्रवार तक १६५१ किसानों से ७७,००१ क्विंटल ६० किग्रा. धान की खरीदी की गई है एवं शेष किसानों से २० जनवरी तक की जायेगी। श्री लिल्हारे ने बताया कि खरीदी गई धान का परिवहन नही हुआ है जिसके कारण खरीदी करने में परेशानी हो रही है एवं किसानों का भुगतान भी नही हो रहा है इसलिए प्रशासन से मांग है कि तीव्र गति से परिवहन करवाये ताकि समिति के साथ ही किसानों को उपज विक्रय करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े।



# गोदग्राम मानपुर में स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोद ग्राम मानपुर में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व के अन्तर्गत शुक्रवार को स्वच्छता अभियान एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों और रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत मानपुर सरपंच बलराम गौतम के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान एवं रैली निकालकर ग्रामीणजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम ने पर्यावरण जागरूकता तथा जल बचाने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग पर बल दिया। वहीं डॉ. विवेक खरगाल ने देश भक्ति गीत गाकर विद्यार्थियों को प्रभावित किया। डॉ. देवराज चौरे ने स्वच्छता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे संस्कारों में है एवं स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक है। मानपुर सरपंच बलराम गौतम ने स्वच्छता गतिविधियों में जन सहभागिता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए और विद्यार्थियों को इस प्रकार की गतिविधियों में सम्मिलिति होने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर प्रो. सुमन बरवा, डॉ. पल्लवी जाटव, नरेश सौलखे, डॉ. आशीष बागड़े, श्रीमती अनिभा शरणागत, श्रीमती माधुरी पुसे, संदीप चौरसिया, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, व्यंकटरमन नगपुरे, श्रीमती सरिता एड़े, रामदयाल मथारे, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक गौरव उइके, साजेन्द्र लांजेवार, अजय रहॉंगडाले सहित छात्र-छात्राएं एवं पंचायतकर्मी उपस्थित रहे।



# विधायक अनुभा मुंजारे ने लालबर्रा क्षेत्र के विकास में लगाई याचिका

### लालबर्रा में अग्निशमन, रमपुरी एवं बोरी मार्ग पर पुलिया निर्माण की मांग की

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट-लालबर्रा विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने लालबर्रा क्षेत्र के विकास के लिए विधानसभा सत्र के दौरान विभिन्न जनहित कार्यों की याचिकाएं विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए लालबर्रा सरपंच, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान ने बताया कि गत दिनों क्षेत्रीय विधायक के समक्ष स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण व आम जनता द्वारा जनहित व विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई थी। जिस पर गम्भीरता दिखाते हुए ग्रामीणजनों की मांग पर विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने लालबर्रा क्षेत्र के विकास हेतु विधानसभा सत्र में अपनी याचिका लगाई है। जिसमें लालबर्रा तहसील कार्यालय के पीछे सर्राटी नदी में बोरी रोड स्थित भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ा पुल का पुन: निर्माण, ग्राम रमपुरी से सिहोरा रोड स्थित नाले पर पुल निर्माण, लालबर्रा जनपद पंचायत के लिए अग्निशमन फायर ब्रिगेड की व्यवस्था। लालबर्रा तहसील कार्यालय में अधिवक्ताओं के लिए बार रूम की व्यवस्था सहित कार्य शामिल है। जिन्हें जनहित की मांग पर विधायक अनुभा मुंजारे ने याचिका लगाकर विधानसभा पटल पर विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखी है। श्री खान ने बताया कि गत दिवस क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे ने किसानों की बात, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी, पंचायत विभाग, सहित बालाघाट लालबर्रा क्षेत्र के अन्य मुद्दों को दम खम से विधानसभा सत्र में उठाया है और पहली बार ऐसा लग रहा है कि बालाघाट लालबर्रा क्षेत्र के किसी विधायक ने भोपाल में अपने क्षेत्र की जन समस्याओं को पटल में रखकर अपनी बात कही है। श्री खान ने बताया कि पिछले विधानसभा सत्र में क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे ने लालबर्रा सीएम राइस स्कूल, लालबर्रा में शासकीय आईटीआई, लालबर्रा अस्पताल का उन्नयन की मांग अपनी याचिका में विधानसभा पटल पर रखी थी परिणामत: तीनों कार्यो पर सरकार द्वारा स्वीकृति प्राप्त होकर प्रोसेस प्रारंभ कर दी गई है।



# लालबर्रा पुलिस की जुए फड़ पर दबिश, २ जुआरी गिरफ्तार

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा एवं शराब विक्रय जैसे अपराधों के विरूध्द लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह द्वारा जुआरियों एवं सटोरियों के विरूध्द कडी कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। इसी निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लालबर्रा हेमंत नायक के नेतृत्व में बुधवार को लालबर्रा पुलिस के द्वारा जुआरियों के विरूध्द दबिश कार्यवाही करते हुए २ जुआरियों के कब्जे से नगद राशि, २ मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन। इस तरह से लगभग ८५००० रूपये का माल बरामद किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को बुधवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि साल्हे ला. बस्ती के बाहर खेत में मोबाइल की रोशनी में जुआरी रूपये लगाकर हार जीत का खेल खिला रहे है। जिसके बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिसकर्मी मूखबिर से मिली सूचना पर दबिश देते हुए आकाश तुमन्ने, इमरान कुरैशी को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। वहीं अंधेरे का फायदा उठाते हुए २ जुआरी मोंटी खान, मौसिन अमोली (लालबर्रा) निवासी दोनों फरार हो गये है जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस




ने गिरफ्तार आरोपी आकाश तुमन्ने, इमरान कुरैशी को गुरूवार को न्यायालय में पेश कर वहां से जेल भेज दिया है।

# क्षेत्र का कृषक कब होगा समृद्ध किसान

## नहरों की अव्यवस्थाओं पर क्षेत्र के किसानों में आक्रोश

**रामपायली/ वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। भारत सरकार और प्रदेश सरकार किसानों के लिए अनेक योजनाएं लाती है जिनका किसानों को लाभ भी मिलता है । किंतु अनेक ऐसी योजनाएं हैं जो अपने अस्तित्व में लंबे समय तक नहीं आ पाती है और इसका दंस निर्दोष किसान को ही भुगतना पड़ता है। रामपायली एवं आसपास के क्षेत्र में लगभग १०००० एकड़ कृषि भूमि मौजूद है। जिसमें केवल खरीफ की फसल ही हो पाती है ,रबि की फसल किसान चाहते हुए भी सिर्फ इसलिए नहीं ले पाते हैं क्योंकि सिंचाई की समुचित व्यवस्था इस क्षेत्र में नही है। कई किलोमीटर तक फैली नहर पानी देने में असमर्थ है इस क्षेत्र में वर्षो से इसकी साफ सफाई रख रखाव और सुव्यवस्थित व्यवस्था आज तक नहीं हो पाई है। किसानों ने अनेक बार संबंधित विभाग के दरवाजे पर दस्तक दी लेकिन कोई सुनवाई नही होती है। यदि इस क्षेत्र में नहर व्यवस्था सुचारू और सुलभ हो जाए तो कृषक रबी की फसल भी आसानी से लेकर अपनी आर्थिक रूप से समृद्ध साली बन सकते है । आवश्यकता है शासन प्रशासन को जागरूक होने की तब ही इस क्षेत्र का कृषक दो फसलों का उत्पादन कर आर्थिक स्थिति से मजबूत हो सकता है। क्षेत्र के विधायक को किसानों की सुध लेकर नहरों की साफ सफाई और सीमेंटीकरण पर ध्यान देना चाहियें।**

### कचरे के ढेरों में गुम हो गई नहर खेतों तक नही पहुंच रहा पानी

खेतों तक पानी पहुंचाने किसानों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। नहरें कचरे में गुम हो चुकी है लंबे समय के बाद भी विभाग ने सफाई करने की सुध तक नहीं ली है। हालात ये है कि गांव में नहरें ही नजर नहीं आ रही है। यह नजारा है रामपायली क्षेत्र का किसानों को नहरों से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नही मिल रहा है जिसके चलते करीब एक दर्जन गांव के किसानों के बीच आक्रोश व्याप्त है। जिसमें रामपायली अंतर्गत कस्बीटोला, रेंगाझरी, सोनझरा ,कन्हार टोला, अमई के किसानों ने नहरों के जरिए पानी पहुंचाए जाने की मांग विभागीय तौर पर की गई है।

### उग आई झाड़ियों की नहीं हो पाती साफ सफाई

नहरों के आसपास उग आई झाडियों की लंबे समय से साफ सफाई नही कराई गई है। कई स्थानों पर नहरे क्षतिग्रस्त हो चुकी है ना तो मरम्मीकरण कराया गया है और ना ही कटाव को लेकर किसी प्रकार के सकारात्मक कदम उठाए गए है।

### बजट के अभाव में किसानों पर दोहरी मार

नहरों के जीर्णोद्धार को लेकर जब किसानों के द्वारा विभागीय तौर पर संपर्क किया गया तो अफसरों का कहना था कि विभाग के पास बजट नही है। बजट के अभाव में जर्जर नहरों का जीर्णोद्धार एवं साफ सफाई नहीं कराई जा सकी है। कटाव की वजह से पानी इन दिनों जगह जगह से व्यर्थ बह रहा है। खेतों तक पानी नही पहुंचने के कारण किसानों को रबी फसल उत्पादन को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पांच हजार हैक्टेयर में नहीं मिल रहा पानी

क्षेत्र में करीब ५ हजार हैक्टेयर भुमि में लगी रबी फसलों को जर्जर नहरों के जरिए पानी बमुश्किल ही मिल रहा है। कस्बीटोला, रेंगाझरी, सोनझरा ,कन्हार टोला ,अमई के किसान खरीफ फसल तो जैसे तैसे उगा लेते है। लेकिन रबी फसल उत्पादन को लेकर उन्हें हर मोड़ पर परेशान होना पड़ रहा है।





### किसानों ने की नहर जीर्णोद्धार की मांग

क्षेत्र के किसान संदीप वाघमारे, थानसिंह पटले, सुरेश ठाकरे, पुरुषोत्तम पटले, राजेन्द्र ठाकरे, अमित सिंह बैस, राजकुमार गोंडुडे, रमाकांत कापरे, नागेश पटले, होमेन्द्र पटले, युवराज राणा, रेखलाल पालेवार, टेकलाल पालेवार, उमाशंकर राणा, बुद्धेश बिसेन, योगराज हनवत, रविंद्र हनवत ,अनिल पालेवार ,राजेन्द्र सिंह चौहान, राजेंद्र बारेवार, गौरी शंकर हरिनखेडे ,मुन्नू दुबे ,उमाशंकर राणा ,जगदीश बंसोड़ ,बबलू सोनवीरसे सहित अन्य किसानों ने नहरों की सीमेंटीकरण की मांग की है।

### कई वर्षो से नहर का सुधार नही किया गया है-कुंजबिहारी दुबे

कुंज बिहारी दुबे ने बताया की रामपायली में नहर के २ फाटे है एक रामपायली और दूसरा कस्बीटोला ,रेंगाझरी ,सोनझरा के किसानों को पानी की व्यवस्था के लिए है।



लगभग १० साल का समय हो गया है जहाँ नहर की साफ सफाई नहीं हो पायी है। नहर के पुल पुलिया एवं पानी का निकासी नाली अब लगभग गुम हो गए है। श्री दुबे ने बताया कि सिचाई विभाग से हम सभी किसान शिकायत लेकर गये थे लेकिन उनका कहना है की हमारे पास ना तो काम करने वाले लोग है ओर ना ही उपयुक्त पैसा है। जिससे हम व्यवस्था नही बना सके।

### नहर का सीमेंटीकरण हो जाने से किसानों की समस्या दूर की जा सकती है-थानसिंह पटले

कृषक थानसिंह पटले ने बताया कि शासन किसानों के हितार्थ अनेक अनेक योजनाएं लाती है। लेकिन वह योजना कागजों से बाहर निकल नहीं आती है यदि इस क्षेत्र की नहरे का रख रखाव किया जाए तो क्षेत्र के हजारों किसान खरीफ फसल के साथ रबी की फसल भी लगा सकता है। क्षेत्र में पानी की पर्याप्त उपलब्धता ना होने के कारण किसान एक ही फसल पर वर्षों से अटका पड़ा है ।



### पानी नही मिलने से किसानों में आक्रोश है-उमाशंकर राणा

कृषक उमाशंकर राणा ने बताया कि वर्षो से नहरो की साफ सफाई और सीमेंट करण का कार्य नहीं हो पाया है । जिससे बांधों से निकलने वाला पानी खेतों तक पहुंच नहीं पाता और यहां वहां बहकर नुकसान का कारण बनता है। सरकार प्रतिवर्ष पैसे लेने आ जाती है लेकिन रखरखाव उस अनुपात में जीरो होता है ।इस दिशा में सरकार को जांच करानी चाहिए हजारों एकड़ कृषि भूमि के लिए सीमेंट युक्त नहर का इस क्षेत्र में निर्माण किया जाना चाहिए तब ही इस क्षेत्र का किसान खरीफ और रबी की फसल ले सकता है।



### नहरो का निरिक्षण कर सुधार कार्य करवाया जायेगा-कोमल गजभियें

प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी अधर नहर उप संभाग वारासिवनी कोमल गजभिये ने बताया कि रामपायली ,रेंगाझरी क्षेत्र में जहां जहां भी नहर टूट गई है। उसको पुन: सुव्यवस्थित करने के लिए विभाग के अमिनो से निरिक्षण करवा कर मजदूरों को काम पर लगा दिया जायेगा और वह अभिलंब सुधर जाएगी।

# कांग्रेसीयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## गृहमंत्री अमित शाह पर अपराध पंजीबद कर उन्हें पद से बर्खास्त करने की मांग

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज ) । नगर में कांग्रेसियों के द्वारा २० दिसंबर को महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम का ज्ञापन एसडीएम राजीव रंजन पांडे को सौंपकर देश के गृहमंत्री अमित शाह के विरोध में अपराध पंजीकृत करने और मंत्री पद से बर्खास्त कर की मांग की गई। इस दौरान आंबेडकर चौक पर सभी कांग्रेसी एकत्रित हुए जहाँ डॉ बी आर आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके छायाचित्र के साथ बाइक रैली निकाल कर तहसील कार्यालय पहुंचे जहां ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में उल्लेखित है कि यह दुर्भाग्य एवं खेद का विषय है कि भारत के संविधान के निर्माता स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर के संबंध में हमारे देश के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा जो दिप्पणी की है और उनका अपमान किया गया है। जिसके विरोध में पूरे देश के लोग आंदोलित है तथा गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा की गई टिप्पणी की निंदा करते है। लोकसभा के विपक्ष नेता राहुल गाँधी के साथ उक्त मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी की नेताओं के द्वारा धक्का मुक्की की गई है तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया है और झूठी रिपोर्ट लिखी गई है। हम चाहते है कि गृहमंत्री अमित शाह के विरुध्द अपराध पंजीबध्द किया जावें तथा उन्हें गृह मंत्री पद से बर्खास्त किया जावें। अधिवक्ता स्वप्निल डोंगरे ने बताया कि देश के



गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ बीआर आंबेडकर पर अपमान जनक टिप्पणी की है । देश में रोष व्याप्त है यह आंबेडकर का नहीं उनमें आस्था रखने वालों का अपमान है। डॉ बीआर आंबेडकर के संविधान से देश चल रहा है आरएसएस बीजेपी इस संविधान को खत्म करना चाहती है जिससे वह इसके खिलाफ वक्तव्य देते हैं। हम चाहते हैं कि गृहमंत्री माफी मांगे और उन पर अपराध दर्ज हो और उन्हें बर्खास्त किया जाए। राष्ट्रपति को यह पावर है वहीं विपक्ष के नेता पर जो रिपोर्ट हुई है उसे खत्म किया जायें। वहीं शाहिद खान ने बताया कि देश की संसद में चुनाव हुआ गृहमंत्री इस संविधान निर्माता के खिलाफ अशोभनीय बात बोल रहा है। इस पर भी राष्ट्रपति ने एक्शन नहीं लिया तो इसका मतलब है कि सरकार अपने मंत्रियों को संविधान का अपमान करने प्रेरित करती है जिससे सड़क पर आंदोलन हो रहा है। जावेद अली ने कहा कि गृहमंत्री ने बीआर आंबेडकर का जो अपमान किया है उसके लिए कांग्रेस के द्वारा एसडीएम को ज्ञापन दिया गया है। यह पूरे देश का अपमान है लोग आहत है राष्ट्रपति तत्काल इन्हे पद से हटाए क्योंकि संवैधानिक पद पर बैठकर ऐसी टिप्पणी करना निंदनीय है।

# टोडिंया नाले पर स्टाप डेम का किया जायेगा निर्माण-प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज ) । नगर के वार्ड नं.८ में स्थित टोडिंया नाले पर स्टाप डेम की मांग लंबे समय से की जा रही थी। विशेषकर गर्मी के समय पेयजल की कमी को देखते हुये इस कार्य को बेहद अहम भी माना जा रहा था। जनमानस की इस मांग पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने नपा चुनाव के समय ही घोषणा पत्र में



इस विषय का उल्लेख कर आश्वस्त भी कराया था। लंबे समय से बहूप्रतिक्षित कंटगी मार्ग पर टोंडिया नाले पर स्टाप डेम निर्माण का कार्य शुरू किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल,नपा परिषद मुख्य अधिकारी दिशा डहेरिया, आरईएस के एसडीओ राजाराम ताराम, उपंयत्री मनीषा गहलोत, बलवंत शिव ने मोक्षधाम के निकट निरिक्षण कर कार्य प्रांरभ करने की बात कही। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने चर्चा कर बताया की तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व तात्कालिन सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के प्रयासो से प्रदेश सरकार ने टोंडिया नाले पर स्टाप डेम के लिये ४२.६९ लाख रूपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की थी। टेंडर सहित अन्य प्रकिया के बाद छिंदवाडा की कपंनी बीकेसी के द्वारा कार्य प्रांरभ किया जा रहा है। श्री जायसवाल ने कहा की यह स्टाप डेम बनते ही विशेषकर गर्मी के समय भी नगर की वाटर लेबल की समस्या का स्वयमेव समाधान हो जायेगा। वहीं मोक्षधाम की ओर सौदर्यीकृत घाट बन जाने से मोक्षधाम की पानी की समस्या के साथ १२ माह पानी की समस्या का भी समाधान हो जायेगा। श्री जायसवाल ने बताया की इस स्टाप डेम में ६ ओपनिंग गेट के साथ १ मीटर की हाईट व २९ मीटर लंबाई भी रहेगी।

# खेल संघर्ष और आने वाली मुसीबत से लड़ना सीखता है-राजेश पाठक

## खैरलांजी में आद्विक मैराथन का हुआ आयोजन





वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। खैरलांजी जनपद पंचायत के प्रांगण में समृद्ध महाकौशल फाउंडेशन के तत्वावधान में २० दिसंबर की प्रात: ७ बजे से आद्विक मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता समाज सेवी राजेश पाठक के मुख्य आतिथ्य, खैरलांजी सरपंच ज्योति भगतसिंह नगपुरे की अध्यक्षता, राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष संजयसिंह कछवाहा, बसपा नेता अजब शास्त्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष अवंतीबाई लोधी महासभा शिव नगपुरे सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात आद्विक मैराथन के प्रथम, द्वितीय ,तृतीय इस प्रकार महिला और पुरुष में टॉप ११ प्रतिभागियों को पूर्व में निर्धारित पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया गया। इस दौरान सुबह ७ बजे मैराथन प्रतियोगिता प्रारंभ की गई जिसमें उत्तर प्रदेश ,राजस्थान, महाराष्ट्र ,दिल्ली ,उड़ीसा, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब ३५५ प्रतिभागियों के द्वारा सुबह से पंजीयन करना प्रारंभ किया गया। इसके बाद यह दौड़ प्रारंभ हुई जिसमें पुरुषों के लिए १२ किलोमीटर और महिलाओं के लिए ५ किलोमीटर की मैराथन हुई । इस मैराथन में पुरुष वर्ग में २४० और महिला वर्ग में ११५ प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों के द्वारा टॉप ११ वें स्थान प्राप्त किया गया । बाकी अन्य प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

### मैराथन में यह रहा आकर्षण का केंद्र

आद्विक मैराथन कार्यक्रम में २४० पुरुष ,११५ महिलायें इस प्रकार ३५५ लोगों के द्वारा भाग लिया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश ,राजस्थान, महाराष्ट्र ,दिल्ली ,उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से यह प्रतिभागी पहुंचे। इनमें उत्तर प्रदेश झांसी से मैराथन दौड़ने के लिए ६९ वर्ष के चेतराम पहुंचे जिनके द्वारा पूरे १२ किलोमीटर की मैराथन दौड़ी गई। तो वहीं महाराष्ट्र गोंदिया से ८३ वर्ष के मुन्नालाल यादव भी मैराथन प्रतियोगिता में शामिल हुए। वहीं ९ वर्ष का एक बालक और १० वर्ष की एक बालिका के द्वारा भी यह मैराथन दौड़ी गई जो पूरी मैराथन के दौरान आकर्षण का केंद्र रही। जिन्हें मैराथन में दौड़ता देखा और पूरी मैराथन दौड़ने पर लोग आश्चर्य से भरे नजर आयें।

### इन्होंने मैराथन में प्राप्त किया स्थान

मैराथन प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान रेशम बाग नागपुर राजन यादव, द्वितीय स्थान नागपुर लीलाराम बावने ,तृतीय स्थान यूपी बुलंदशहर प्रियांशु ठाकुर ,चौथा स्थान टीटी नगर भोपाल साउद हसन ,पांचवा स्थान मानेवाड़ा नागपुर समीत टोंग ,छठंवा स्थान वनाडोंगरी नागपुर अजीत बेंड़े ,सातवां स्थान नागपुर मनीष पाटे, आठवां स्थान गोंदिया रोहित पटले ,९ वॉ स्थान नागपुर पियूष मसाने ,दसवां स्थान धनवंतरी नगर जबलपुर खेमसिंह पटेल ,ग्यारहवा स्थान तिरोड़ा अमूल चचाने ने प्राप्त किया। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम स्थान नागपुर की तेजस्विनी लम्बकाने ,दूसरा स्थान टीटी नगर भोपाल की पूजा यादव ,तीसरा स्थान नागपुर की प्रजाकता बोडबोले ,चौथा स्थान दिघोरी नागपुर की मिताली भोयर, पांचवा स्थान जबलपुर की रमनी पटले ,छटवां स्थान जबलपुर की अंशिका लोधी ,सातवां स्थान नागपुर की अंजलि मड़ावी ,आठवां स्थान भटेरा बालाघाट की पायल लिल्हारे ,९ वॉ स्थान नागपुर की सुचिता वड़मे ,दसवां स्थान भंडारा की श्वेता धांडे ,ग्यारहवा स्थान गोटेगांव नरसिंहपुर की आरती लोधी के द्वारा प्राप्त किया गया। इसी प्रकार अन्य क्रम में भी प्रतिभागियों ने स्थान प्राप्त किये।

### समाज के बीच में ऐसे आयोजन से सद्भावना बढ़ती है-अजाब शास्त्री

अजाब शास्त्री ने कहा कि आद्विक मैराथन सफल आयोजन किया गया है समाज के बीच में ऐसे आयोजन से सद्भावना बढ़ती है। बच्चे सीखते हैं और एक अच्छा मनोरंजन स्वस्थ रूप में होता है। यहां ८५ वर्ष के यादव और चौथी कक्षा के छात्र ने भाग लेकर एक बेहतर संदेश दिया है। हम देखते हैं कि हॉकी के सबसे बड़े खिलाड़ी हमारे यहां मेजर ध्यानचंद हुए वह जर्मनी में खेलने गए हुए थे। जहां हिटलर ने उन्हें अपनी टीम से खेलने के लिए अच्छी पोस्ट और सैलरी का प्रस्ताव रखा परंतु उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि मैं अपने देश के लिए खेलता हूं। उनसे हर युवाओं को सीख लेनी चाहिए और किसी भी प्रकार से खेल से जुड़े रहना चाहिए।

### खेल के माध्यम से युवा पीढ़ी में सकारात्मक सोच का निर्माण होता है-संजयसिंह कछवाहा

राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष संजयसिंह कछवाहा ने कहा कि खेल एक माध्यम है जिससे हम युवा पीढ़ी को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ा सकते हैं। यहां ८३ वर्ष के व्यक्ति ने भाग लिया उस समय मोबाइल नहीं था पर अब हम देखते हैं तो बच्चे मोबाइल में गर्दन झुका कर रहते हैं जो उन्हें ज्यादा उम्र का दिखता है। खेल से जुड़ना नई पीढ़ी के लिए बहुत जरूरी है यह हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है उसके साथ अब खेल रोजगार का भी साधन हो गया है। देखते हैं आईपीएल ,कबड्डी पहले नेशनल और स्टेट का सिस्टम था परंतु अब फ्रेंचाइजी का हो गया है और इस प्रकार के आयोजन से कहीं ना कहीं युवाओं को बढ़ावा मिलता है। मैराथन जीवन है जिसमें जो धीरे धीरे आगे बढ़ता है वह सफलता को प्राप्त करता है। हमें शिक्षा प्राप्त करते हुए भविष्य की सोचते हुए आगे बढ़ाना है शिक्षा केवल नौकरी के लिए नहीं व्यापार व कई कार्यो में काम आती है।

### हमारे नौजवान देश का भविष्य है -राजेश पाठक

समाज सेवी राजेश पाठक ने कहा कि यहां जितने भी हमारे नौजवान है वह देश के भविष्य है इन्हीं में से आगे चलकर कोई देश का राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री होगा उनके कंधों में अनेको जिम्मेदारी के रूप में देश का भार आ सकता है। आप सभी सदैव खेल जगत से जोड़कर रहे मैराथन कबड्डी कुश्ती यह सारे खेल ग्रामीण परिवेश के है और बहुत कम खर्चे में आयोजित होते हैं। बेहतर स्वस्थ रखने के लिए खेल से अच्छा कोई साधन नहीं है इससे दिमाग भी स्वस्थ रहता है । खेल आपको संघर्ष करना सिखाता है और आने वाली मुसीबत से लड़ना भी सीखता है। जो आपको आपके जीवन में बहुत काम आता है मैं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना कर अपील करता हूं कि आप पढ़ाई के साथ खेल से भी जुड़े रहे दोनों बहुत जरूरी है और निरंतर इस प्रतियोगिता का विस्तार करने का प्रयास किया जाएगा। ताकि यह भोपाल ही नहीं देश में भी इस मैराथन का नाम लिया जाए और लगातार कुछ अच्छा करने का प्रयास है।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर खेमराज दमाहे ,बृजेश मिश्रा ,दुर्गा प्रसाद लिल्हारे , प्रकाश ऊके ,द्रोणकुमार डोहरे ,आलोक पाटिल ,ललित ठाकुर ,खुशबू ,गिरीश बिसेन, रितु योगेश सुलकिया, पूजा बंटी नगपुरे ,मुन्ना लिल्हारे, देवराज भोयर ,चित्रसेन सुलेखिया ,सुभाष क्षीरसागर ,भारत सिंह शिवहरे ,हेमन्त लिल्हारे ,ओमप्रकाश दमाहे ,मानिक प्रफुल नगपुरे ,कैलाश पटले ,श्रीमती पुजा नगपुरे ,योगेश सुलकिया ,राजकुमार लिल्हारे ,शिवकुमार लिल्हारे ,ओमप्रकाश कटरे ,श्रीमती सुरेखा लिल्हारे ,सुरज नगपुरे ,सुरेशकुमार बानेवार ,टेकलाल दमाहे ,मिताराम लिल्हारे ,संजय उइके ,संतोष कुमार लिल्हारे, श्रीमती ईमलाबाई नगपुरे,आनंद डोंगरे ,नरेश नेवारे सहित अन्य गणमान्य नागरिक व प्रतिभागी लोग मौजूद रहे।

# पानी टंकी का निरिक्षण करने अधिकारी पहुंचे मौका स्थल

रामपायली/वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। शुक्रवार को रामपायली के वार्ड नंबर १६ एवं २० में निर्माणाधिन पानी की टंकियां एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखने के लिए सीईओ दीक्षा जैन एवं पीएचई एसडीओ विजय तिवारी मौका स्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने वार्ड नंबर १६ में पानी की टंकी को झरते हुए देखा और इसके अलावा अन्य वाल्व लीकेज अनेक खामियां पाई। इसके पश्चात उन्होंने कस्बीटोला में मौजूद वार्ड नंबर २० में निर्माणाधिन टंकी जो बनकर तैयार हो गई है। जिसमें अनेक खामियां देखी गई अनेक स्थानों से पाइप टूट गए हैं वाल्व लीकेज है ,स्ट्रैंथ नहीं है के अलावा अन्य खामियों को देखकर उपस्थित ठेकेदार को चार दिनों के अंदर संपूर्ण कार्य करने की लिए निर्देशित किया गया है । इस अवसर पर सरपंच संदीप बागमारे ,उमाशंकर राणा ,सचिव मधुकर गौतम ,राहुल डोहरे सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# भारत-चीन वार्ता, रिश्ते

भारत और चीन के 'विशेष प्रतिनिधियों' (एसआर) – राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री एवं पोलित ब्यूरो के वरिष्ठ सदस्य वांग यी – की 23वीं बैठक इस साल अक्टूबर से रिश्तों की बहाली की राह में एक मील का पत्थर थी। यों तो एसआर की बैठक एक स्वचलित प्रक्रिया है, जिसका मकसद व्यापक सीमा विवाद को देखना और 3,500 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मतभेदों को हल करना है, लेकिन इसे 2020 में सैन्य गतिरोध के बाद से रोक दिया गया था। कुछ बातें पहली मर्तबा भी हुईं- 2019 के बाद बतौर एसआर के रूप में ये दोनों हस्तियां मिलीं, भले ही उन्होंने अंतरिम रूप से ही बातचीत की; चीन की इतनी उच्चस्तरीय यात्रा और 2020 के बाद डोभाल ने बीजिंग की यात्रा की। यह इस तथ्य को इंगित करता है कि एसआर वार्ता आयोजित करने का फैसला, जैसा कि अक्टूबर में कजान में वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आदेश दिया था, इस बात का एक संकेत है कि सिर्फ एलएसी से सैनिकों की वापसी पूरी होने के साथ ही, नई दिल्ली तनाव की तीव्रता में कमी (डी-एस्केलेशन) और सैनिकों की तैनाती में कमी (डी-इंडक्शन) की अगली प्रक्रियाओं की प्रतीक्षा किए बिना बीजिंग के साथ बातचीत के अन्य तंत्रों पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

दोनों पक्ष भारत से कैलाश-मानसरोवर यात्रा एवं सिक्किम में सीमा व्यापार फिर से शुरू करने और सीमा-पार की नदियों के लिए डेटा साझा करने पर सहमत हुए हैं। समझा जाता है कि सीधी उड़ानों, व्यापार एवं छात्र वीजा उदारीकरण और पत्रकारों के आदान-प्रदान सहित अन्य निलंबित रिश्तों पर भी चर्चा चल रही है। सीमा के सवाल पर, डोभाल-वांग वार्ता से वैसा निष्कर्ष निकला जिसे चीनी विदेश मंत्रालय ने 卐छह आम सहमति卐 कहा और विदेश मंत्रालय ने अपनी विज्ञप्ति में जिसे 卐सकारात्मक दिशा卐 कहा। इनमें एलएसी पर 'डी-एस्केलेशन' की प्रक्रिया को लागू करना जारी रखना; 2005 के समझौते में निर्धारित ग्यारह-अनुच्छेदों के अनुसार सीमा संबंधी मुद्दों को हल करने की एसआर प्रक्रिया पर वापस लौटना; सीमा एवं सीमा पार आदान-प्रदान के संबंध में विश्वास बहाली के उपायों को मजबूत करना; समझौतों का पालन करने और 2025 में भारत में अगली डोभाल-वांग वार्ता आयोजित करने के लिए भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए एसआर प्रक्रिया और कार्य तंत्र के समन्वय को बढ़ाना शामिल है।

एसआर बैठक की दृश्यावली और संदेश चार साल के गंभीर सैन्य तनाव एवं नियमित संपर्क के निलंबन के बाद पुन- जुड़ाव में एक निश्चित गति का संकेत देते हैं, हालांकि इस बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ता रहा। यह बैठक 2025 से ठीक पहले हुई है, जो दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का प्रतीक है और मोदी की चीन की यात्रा संभावित है क्योंकि चीन अगले एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। भले ही संपर्कों को बहाल करना महत्वपूर्ण है, लेकिन सावधानी बरतना भी उतना ही जरुरी है ताकि 2020 में पीएलए द्वारा सैनिकों के जमावड़े और एलएसी के उल्लंघन की वजह से उत्पन्न स्थिति को दोहराया न जाए। सरकार को रिश्तों को सामान्य बनाने के भविष्य के कदमों, बफर जोन को खत्म करने, 2020 की यथास्थिति की बहाली और भारत-चीन सीमा पर आक्रामकता के खिलाफ भविष्य में प्रतिरोध के तंत्र पर बीजिंग के साथ अपनी बातचीत में ज्यादा पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

# मोहन सरकार की रीजनल इंवेस्टर्स समिट का एक साल में ही दिखने लगा असर, निवेशकों को भाने लगा एमपी

मोहन सरकार की रीजनल इंवेस्टर्स समिट की पहल के चलते मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने और व्यापार करना सुलभ और सरल हो गया है। एक साल के छोटे से कार्यकाल में मोहन सरकार की बेहतर औद्योगिक नीतियों, बुनियादी सुविधाओं और बेहतर कनेक्टिविटी ने प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर न केवल इंडस्ट्री के लिए नई राह खोल दी है बल्कि इसने स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की संभावनाओं को तेजी से बढ़ाने का काम किया है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को गति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की श्रृंखलाएं आयोजित करने की नई पहल शुरू हुई जिसका प्रदेश स्तर पर बेहतरीन प्रतिसाद मिला है।

क्षेत्रीय स्तर पर निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश के विभिन्न संभागों मेंआयोजित हुई रीजनल इंवेस्टर्स समिट के परिणाम सुखद रहे हैं। इस नीति का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन करना रहा। प्रदेश सरकार ने इस नीति के माध्यम से निवेशकों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन, सुविधाएं और समर्थन दिया है जिससे राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक समूहों ने निवेश में रूचि दिखाई है। मोहन सरकार की रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव नीति का असर एक साल में ही दिखने लगा है और निवेशकों का रुझान मध्यप्रदेश की तरफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन के लिए लागू की गई नीतियों और व्यवस्थाओं के प्रति उद्योगपति और निवेशक विश्वास जता रहे हैं। तमाम औद्योगिक समूहों और निवेशकों ने बड़े पैमाने पर मध्यप्रदेश सरकार की रीजनल इंवेस्टर्स समिट की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। मोहन सरकार की नीति राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए बनाई गई जिसके एक साल में ही बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं जो दिखाता है कि निवेशक अब मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक बेहतर विकल्प मान रहे हैं।

डॉ.मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने की बाद पहली रीजनल इंवेस्टर्स समिट मार्च में उज्जैन में आयोजित हुई जिसके माध्यम से 22 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव सरकार को मिले। इसी तरह से जबलपुर में 22 हजार करोड़ से ज्यादा निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। ग्वालियर समिट के दौरान कुल 8,000 करोड से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। सागर में आयोजित रीजनल इंवेस्टर्स समिट में 23181 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। रीवा में समिट के दौरान कुल 31,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसके बाद नर्मदापुरम में रीजनल इंवेस्टर्स समिट में राज्य को 31,8 00 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। शहडोल में रीजनल इंवेस्टर्स समिट 2025 में प्रस्तावित है जिसके लिए भी निवेशकों की ओर से बड़ी संख्या में प्रस्ताव आने लगे हैं।

इस प्रकार अब तक राज्य में हुई रीजनल इंवेस्टर्स समिट में प्रदेश को दो लाख 15 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियां न केवल निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं, बल्कि प्रदेश के सभी जिलों में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रही है।मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अब औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इन प्रयासों से मध्यदेश में औदयोगिक निवेश की गति काफी तेज हो चुकी है। बेहतर कनेक्टिविटी, नीतियों और उदयोग-अनुकूल अधोसंरचनाओं से मध्यप्रदेश आज निवेशकों की सबसे पहली पसंद बन गया है। ऐसे समन्वित प्रयासों से क्षेत्र एवं आसपास के निवेशकों को प्रोत्साहन मिलेगा साथ ही प्रदेश का समान रूप से विकास होगा और बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा।

सीएम डॉ. यादव ने बीते दिनों लंदन में शीर्ष व्यवसायियों और निवेशकों से मुलाकात की जहां उन्होंने मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए कई आकर्षक योजनाएं प्रस्तुत की।लंदन यात्रा के दौरान वहां के निवेशकों ने मध्य प्रदेश में आईटी, सेमीकंडक्टर, नवकरणीय ऊर्जा, खनन, खाद्य प्रसंस्करण सहित अन्य क्षेत्र में निवेश के लिए रुचि दिखाई है। लगभग 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव चिकित्सा, उद्योग, माइनिंग, सर्विस सहित अन्य क्षेत्रों में मिले हैं। जर्मनी में उन्होंने तकनीकी और औद्योगिक हब्स का दौरा किया और राज्य में अत्याधुनिक तकनीक लाने के लिए समझौते किए। दो माह बाद राजधानी भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान ये सभी विदेश के निवेशक आएंगे।

मध्यप्रदेश का निवेश का परिदृश्य अब तेजी से बदल रहा है। राज्य सरकार प्रदेश को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश में औद्योगिक परिदृश्य बदलने के साथ ही अब प्रदेश से विदेशी निर्यात की अपार संभावनाएं बनी है। निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो प्रणाली यहाँ बेहतर ढंग से काम कर रही है। मोहन सरकार ने औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया है। आज यहाँ पर छोटे और मध्यम उद्यम, किसान उत्पादक संगठनों, कलाकारों के हस्तशिल्प प्रोडक्ट और उद्यमियों के स्टार्टअप को सहयोग दिया जा रहा है। सरकार ने उद्योग क्षेत्र के लिये वर्ष 2024-25 में 4 हजार 190 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। नये निवेशकों को उद्योग मित्र नीतियों के साथ सरल और सुगम निवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले में इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार प्रदेश में उद्यमियों और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार ने वर्ष 2025 को निवेश वर्ष के तौर पर प्लान किया है। शहडोल में रीजनल इंवेस्टर्स समिट के संपन्न होने के बाद फरवरी 2025 को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की तैयारियां शुरू हो जायेंगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मध्यप्रदेश की नई निर्यात नीति की घोषणा होगी और निवेश बढ़ाने के लिए नये निवेशकों के साथ नई उद्योग नीति में किए गए प्रावधानों को साझा किया जाएगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव निवेश लाने को लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। वह प्रदेश के सभी भागों में निवेश आमंत्रित करने के लिए उद्योगपतियों के साथ सीधा संवाद कर रहे हैं जिससे औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में मदद मिल रही है। भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर समिट 2025 की थीम द फ्यूचर रेडी स्टेट रखी गई है। इसमें प्रमुख गतिविधियां इनवेस्ट एमपी पोर्टल 2.0 लांच, नवीन औद्योगिक नीति से उद्योग जगत को अवगत कराना, अधिकतम एफडीआई को राज्य में आकर्षित करना, नवीन मध्यप्रदेश निर्यात नीति का विमोचन, एक हजार औद्योगिक इकाइयों को निर्यातकों के रूप में स्थापित करना और इकाइयों को विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ना शामिल है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान बनाई है और मध्यप्रदेश भी पीएम मोदी के विजन के अनुरूप तेजी से औद्योगिक निवेश के माध्यम से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

**-हर्षवर्धन पाण्डे**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# विश्व ध्यान दिवस : आत्म-साक्षात्कार और विश्व शांति की ओरएक कदम

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 दिसंबर से विश्व ध्यानदिवस मनाने की घोषणा एक ऐतिहासिक कदम है।

दरअसल मेडिटेशन याध्यान को सदियों से केवल आध्यात्म से जोड़ कर देखा जाता था। लेकिन आज विज्ञान ने यहसिद्ध कर दिया है कि मेडिटेशन का सकारात्मक प्रभाव केवल मानव के मन या मस्तिष्क हीनहीं उसके तन पर भी पड़ता है।

इसलिए 21 जून को योग दिवस मनाए जाने के बाद सम्पूर्ण विश्व में अब 21 दिसंबर को ध्यान दिवस केरूप में मनाने का उद्देश्य योग की हीभांति ध्यान को जन-जन तक पहुंचाना और इसे मानव जीवन के अभिन्न अंग के रूप मेंस्थापित करके एक स्वस्थ विश्व की नींव मजबूत करना है।

वस्तुतः वर्तमान युग में जब मनुष्य तेजी से भागदौड़ औरतनावपूर्ण जीवन जीने के लिए विवश है, ध्यान उसके मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को संतुलित करने का एक सहज, सरल प्राकृतिक साधन बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन केअनुसार, मानसिक स्वास्थ्य सेजुड़ी समस्याएं आज वैश्विक स्तर पर प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन गईहैं। वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 280 मिलियन लोग मानसिक रूपसे पीड़ित हैं और 40त्न युवा तनाव और मानसिकअस्थिरता का सामना कर रहे हैं। खास बात यह है कि ध्यान, एक साधारण लेकिनशक्तिशाली प्रक्रिया, इन समस्याओं का प्रभावीसमाधान प्रदान कर सकती है। अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि ध्यान मस्तिष्क मेंडोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे सकारात्मक रसायनों के स्तर को बढ़ाता है, जो तनाव को कम करते हैंऔर मूड को स्थिर रखते हैं।

हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, केवल आठ सप्ताह के ध्यानअभ्यास से मस्तिष्क के ग्रे मैटर में वृद्धि देखी गई, जो सीखने, याददाश्त और भावनात्मकविनियमन में सहायक है।

इस प्रकार विभिन्न शोधों में यह बात वैज्ञानिक आधार परसिद्ध हो चुकी है कि ध्यान केवल मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति का साधन नहीं है, बल्कि नियमित रूप से इसकाअभ्यास उसके जीवन के हर पहलू को समृद्ध कर सकता है।

ध्यान के वैज्ञानिक आधार को समझने के लिए न्यूरोसाइंस मेंकिए गए शोधों पर ध्यान देना आवश्यक है। वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में किए गए एक अन्यअध्ययन में यह पाया गया कि नियमित ध्यान मस्तिष्क के अमिगडाला (जो भय और तनाव काकेंद्र है) की गतिविधि को कम करता है, जिससे व्यक्ति तनावपूर्ण स्थितियों में भी शांत और संतुलितबना रहता है।

ध्यान के इन वैज्ञानिक लाभों को अब विभिन्न चिकित्साक्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। कई अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र अब ध्यान को मानसिकस्वास्थ्य उपचार का हिस्सा बना रहे हैं। कैंसर, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से पीड़ित रोगियोंके लिए ध्यान को सहायक चिकित्सा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। जर्नल ऑफक्लिनिकल साइकॉलजी में प्रकाशित एक अध्ययन में यह पाया गया कि ध्यान से न केवलमरीजों के दर्द की अनुभूति कम होती है, बल्कि उनमें इलाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसितहोता है।

ध्यान का प्रभाव केवल मानसिक स्वास्थ्य तक ही सीमित नहींहै। शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान के प्रभाव को भी अब व्यापक रूप से स्वीकार किया जारहा है। एक अध्ययन के अनुसार, ध्यान नियमित रूप से करने से हृदय की गति और रक्तचाप कोनियंत्रित करने में मदद मिलती है, जिससे हृदय रोगों का जोखिम 30त्न तक कम हो सकता है। इसके अलावा, ध्यान प्रतिरक्षा प्रणालीको भी मजबूत करता है, जिससे शरीर बीमारियों सेलड़ने में अधिक सक्षम बनता है।

इतना ही नहीं रिसर्च में यह बात भी सामने आई कि ध्यान काप्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर पर सीमित नहीं होता। जब एक व्यक्ति ध्यान करता है, तो वह अपनी आंतरिक ऊर्जाको सकारात्मक दिशा में केंद्रित करता है, जिसका असर उसके आस-पास के वातावरण पर भी पड़ता है। कई अध्ययनोंने यह साबित किया है कि सामूहिक ध्यान के दौरान अपराध दर में गिरावट, सामाजिक सौहार्द मेंवृद्धि और पर्यावरणीय सामंजस्य जैसे सकारात्मक परिवर्तन देखे गए हैं। 1993 में वाशिंगटन डी.सी. मेंकिए गए एक शोध में पाया गया कि सामूहिक ध्यान के दौरान शहर में अपराध दर में 23त्न की गिरावट आई।

मेडिटेशन जैसे एक सरल माध्यम से मानवीय आचरण में इस प्रकारके मूलभूत बदलाव इसकी वैज्ञानिकता (मनोवैज्ञानिकता) का प्रमाण है।

मेडिटेशन के इन्हीं सकारात्मक प्रभावों को देखते हुए आजकॉर्पोरेट कल्चर वाली कई मल्टिनैशनल कंपनियां अब ध्यान को अपनी कार्य संस्कृति मेंशामिल कर रही हैं। गूगल, एप्पल, और माइक्रोसॉफ्ट जैसीप्रमुख कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए नियमित ध्यान सत्र आयोजित कर रही हैं।

आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में हमारे बच्चे भी पढ़ाई मेंअपने प्रदर्शन को लेकर तनाव में रहते हैं। अध्ययन बताते हैं कि जो छात्र नियमितरूप से ध्यान करते हैं, उनकी एकाग्रता, स्मरणशक्ति और भावनात्मकसंतुलन में सुधार होता है। भारतीय विद्यालयों में किए गए एक पायलट प्रोजेक्ट मेंपाया गया कि ध्यान के नियमित अभ्यास से बच्चों की परीक्षा में प्रदर्शन में 20 प्रतिशत तक सुधार हुआ।

हालांकि, ध्यान के महत्व को समझने और इसे अपने जीवन में शामिल करनेके लिए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। अभी भी दुनिया की 60त्न से अधिक आबादी ध्यान केलाभों और इसकी प्रक्रिया से अनभिज्ञ है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्वध्यान दिवस मनाने का यह निर्णय निश्चित ही वैश्विक स्तर पर लोगों में मेडिटेशन केफायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। निस्संदेहयह प्रयास एक स्वस्थ एवं समर्द्ध विश्व की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

**(लेखिका वरिष्ठ स्तम्भकार हैं)**
**- डॉ नीलम महेंद्र**

**(21 दिसंबर विश्व ध्यान दिवस पर)**

# ...आसन नही अब ध्यान होगा दुनियाभर में!

भारत समेत दुनिया के कई देशों की पहल पर विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर को मनाये जाने की शुरुआत हुई है। सन 2024 में विश्व ध्यान दिवस की थीम आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव है। पतंजलि के योगसूत्र से लेकर गीता के उपदेश तक हर जगह ध्यान को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।अभी तक कुछ लोग योग आसनों को ही ध्यान समझते रहे हैं, लेकिन देश दुनिया मे राजयोग के माध्यम से स्वयं को देहभान से परे कर आत्मस्वरूप में रहकर परमात्मा के प्रति ध्यान लगाने की विधि को ब्रह्माकुमारीज़ संस्था ने ही पहुंचाया है।शारिरिक आसन के द्वारा हम अपने शरीर को मजबूत करने के साथ ही रोग मुक्त बना सकते हैं, ताकि ध्यान लगाकर हम एक साथ तन-मन को लाभ पहुंचा सकते है। हमारा शरीर एक जगह पर स्थिर हो और ध्यान की प्रक्रिया आसानी से हो सके इसके लिए श्रीमद् भगवद् गीता में ध्यान को लेकर महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं, और साथ ही इससे होने वाले लाभ का भी गीता में उल्लेख किया गया है।

भगवद् गीता में ध्यान को एक योगक्रिया माना गया है। जो आपको आत्म अनुशासन की ओर ले जाता है। निरंतर इसका अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है, तनाव से मुक्ति मिलती है। मानसिक स्थिरता और संतुलन भी ध्यान करने से प्राप्त होता है। विकारों से मुक्ति पाने और मन की निर्मलता के लिए भी ध्यान किया जाता है। ध्यान जब गहन होने लगता है तो व्यक्ति को समाधि की प्राप्त होने लगती है। ध्यान के जरिए आत्मा का परमात्मा से मिलन ही ब्रह्माकुमारीज़ का राजयोग है। यानि ध्यान वह योग प्रक्रिया है जिसके जरिये हम स्वयं पर सिद्धि प्राप्त करते हैं। ध्यान करने वाले व्यक्ति का मन नियंत्रित रहता है और वो वर्तमान में जीता है। मानसिक और शारीरिक स्थिरता को ही ध्यान कहा जा जाता है।

गीता के पंचम और षष्ठम अध्याय में योग करने की सही विधि की जानकारी हमको मिलती है।श्रीकृष्ण ने परमात्म निमित्त बन अर्जुन को महाभारत के युद्ध के समय बताया है कि, कैसे मन और इंद्रियों को वश में करने के लिए ध्यान क्रिया की जानी चाहिए।

गीता के अनुसार, ध्यान करने के लिए सबसे पहले किसी शुद्ध स्थान पर आसन बिछाकर बैठना चाहिए। हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि, ना ही स्थान बहुत ऊंचा हो और ना ही बहुत नीचे। आसन पर बैठने के बाद अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करनी चाहिए और इंद्रियों और मन को नियंत्रिण में लाने का अभ्यास करना चाहिए।

ध्यान करने के लिए सिर व गले को समान और अचल रखते हुए सुखासन में योगी को बैठना चाहिए। बाहरी चीजों से ध्यान को हटाकर नासिका के अग्र भाग यानि दोनों भौहों के बीच जहां आत्मा निवास करती है,के प्रति ध्यान केंद्रित करना चाहिए। तत्पश्चात सभी प्रकार के विषयों से मन को हटाकर नेत्रों को भृकुटी के मध्य में स्थिर करने का प्रयास करना चाहिए। इसके बाद प्राण और अपान वायु को सम करना चाहिए।

इसके बाद मन के सभी विकारों से दूर होकर, उत्तेजनारहित और शांति के साथ ध्यान और ईश्वर के चिंतन में बैठे रहना चाहिए। इस तरह से निर्मल और निर्विकार व्यक्ति परमतत्व का ध्यान करते हुए आनंद की अंतिम सीमा को प्राप्त करता है और उसे शांति मिलती है। गीता के अनुसार, ध्यान उसका ही सिद्ध होता है, जो न अधिक खाता है और ना ही अधिक भूखा रहता है। अधिक जगाने या सोने वाले को भी ध्यान की सिद्धि प्राप्त नहीं होती। सुख में अत्यधिक खुश और दुख में ज्यादा दुखी होने वाला व्यक्ति भी ध्यान को सिद्ध नहीं कर पाता। गीता में बताया गया है कि, जो व्यक्ति उचित आहार-विहार करता है, उसी को ध्यान-योग में सिद्धि प्राप्त होती है।

गीता में बताई गई इन शिक्षाओं को जीवन में आजमाकर हम ध्यान कर सकते हैं और मानसिक शांति पा सकते हैं। ध्यान करने से हमको न केवल मानसिक शक्ति मिलती है, बल्कि अपने लक्ष्यों को भी हम पा सकते हैं। ध्यान हमारी एकाग्रता को बढ़ाता है और हम अपना शतप्रतिशत अपने लक्ष्य को दे पाते हैं। इसके साथ ही एक आदर्श और व्यवस्थित समाज भी ध्यान के जरिए हम स्थापित कर सकते हैं। ध्यान मानसिक और शारीरिक विकारों को दूर करता है, यानि स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी ध्यान करना अति आवश्यक है। इस वर्ष विश्व ध्यान दिवस की थीम आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव है। पतंजलि के योगसूत्र से लेकर गीता के उपदेश तक हर जगह ध्यान को बहुत महत्वपूर्ण बताया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में कोर समूह के अन्य देशों के साथ मिल कर भारत ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित करने के प्रस्ताव को स्वीकार किया है।वास्तव में ध्यान मानसिक तथा शारीरिक विकारों को दूर करने में कारगर होने के साथ ही यह स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी प्रेरित करता है।विश्व ध्यान दिवस को एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव भी हम कह सकते है, जिसमें शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक कल्याण के लिए ध्यान का अभ्यास करने का संकल्प लिया गया है।भारत के साथ श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको, लिकटेंस्टीन और अंडोरा जैसे 193 सदस्यीय देशो ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व ध्यान दिवस के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करने में अहम भूमिका निभाई ।जिसे आत्मसात करने के लिए 140 देशो की अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज़ ने एक सार्थक पहल की है।ब्रह्माकुमारीज़ का मकसद है दुनिया मे शांति को बहाल करना। इसके लिए, यह संस्था लोगों को सहज राजयोग की विधि सिखाती है।साथ ही ब्रह्माकुमारीज़ के ज़रिए लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान भी दिया जाता है ।

**-डॉ श्रीगोपाल नारसन**
**(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ साहित्यकार है)**

# सुशासन का एक साल, नगरीय निकाय चुनावों में बदलाव की बयार

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य ने सुशासन और विकास के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। उनकी सरकार की नीतियों और योजनाओं का नगरीय निकाय चुनावों पर स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने पर जोर दिया है। ई-गवर्नेंस का विस्तार- सरकारी सेवाओं को डिजिटल माध्यम से आम जनता के लिए सुगम बनाया गया। भ्रष्टाचार पर रोक- लोक सेवाओं में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए। जनसंवाद कार्यक्रम- जन चौपाल और मुख्यमंत्री जनसंपर्क जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान किया गया। स्मार्ट सिटी परियोजनाएं- रायपुर और बिलासपुर में बुनियादी सुविधाओं और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार। आधारभूत संरचना- नई सड़कों, जलापूर्ति परियोजनाओं और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया।स्वच्छता अभियान- स्वच्छता रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने नए मील के पत्थर स्थापित किए। हाईटेक शिक्षा- नगरीय क्षेत्रों में हाईटेक लाइब्रेरी और कौशल विकास केंद्रों की स्थापना। रोजगार मेला-युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। सरकारी भर्तियों में तेजी, नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज किया गया। स्वरोजगार योजनाएं- महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए ऋण और प्रशिक्षण योजनाएं चलाई गईं।बाल पोषण कार्यक्रम- शहरी क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या बढ़ाकर पोषण अभियान को मजबूत किया गया। सामाजिक योजनाएं-राजीव गांधी किसान न्याय योजना- किसानों को नगरीय क्षेत्रों में भी सहायता पहुंचाई गई। राशन कार्ड योजना- गरीब और मध्यम वर्ग के लिए राशन वितरण को सुचारू बनाया गया।

## नगरीय निकाय चुनावों पर प्रभाव

जनता का बढ़ा विश्वास- बिजली, पानी और स्वच्छता सेवाओं में सुधार ने जनता के बीच सकारात्मक प्रभाव डाला। महिलाओं और युवाओं के लिए चलाई गई योजनाओं ने मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर बढ़ाया। सत्तारूढ़ दल के लिए बढ़त- भाजपा ने विकास और सुशासन को केंद्र में रखकर प्रभावी चुनाव प्रचार किया। युवाओं और महिलाओं का समर्थन- शिक्षा और रोजगार से संबंधित योजनाओं ने युवाओं को आकर्षित किया। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी नीतियों ने भाजपा की पकड़ मजबूत की। सामाजिक योजनाओं का असर- गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए योजनाओं ने सत्तारूढ़ दल के प्रति समर्थन बढ़ाया।

## विपक्ष की भूमिका और चुनौतियां

अधूरी योजनाओं की आलोचना- विपक्ष ने सरकार पर अधूरी योजनाओं और कमजोर क्रियान्वयन का आरोप लगाया। रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को प्रमुखता दी। विरोध प्रदर्शन- कांग्रेस और अन्य दलों ने महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों पर सरकार का विरोध किया। स्थानीय मुद्दों पर जोर- सीवेज, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक परिवहन जैसी समस्याओं को उठाकर विपक्ष ने स्थानीय चुनावों में भाजपा को चुनौती दी। चुनाव परिणामों में सुशासन का असर- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा ने नगरीय निकाय चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया।

**- सत्य प्रकाश दुबे**

# इन्दौर बाजार भाव

इन्दौर। सुस्त आवकों से शुक्रवार को किराना जिंसों में नारियल बाजार तेजी के रहे। शक्कर व खोपरा गोला सुस्ती पर रहा। खाद्य तेलों में टिकाव रहा। तिलहनों में सोयाबीन मजबूत देखा गया। दलहनों में चना व मसूर बाजार बने रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार नारियल में उठाव की सुस्तता से बाजार तेजी के रहे। शक्कर व खोपरा गोला सुस्त बना रहा। खाद्य तेलों में टिकाव देखा गया। तिलहनों में सोयाबीन बाजार मजबूत नज़र आये। दलहनों में चना व मसूर में सुधार देखा गया। भाव इस प्रकार रहे -

**किराना** - शक्कर 3710-3775, खोपरा गोला 175-225, खोपरा बूरा 3400-5600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 292-305, ऊंझा हल्का 292-300, मीडियम 308-316, बेस्ट 325-335, हल्दी निजामाबाद 200-220, सांगली 270-280, साबूदाना हल्का 4900-5050, मीडियम 5100-5200, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 110-120, मीडियम 190-250, बेस्ट 285-310, सौंफ बारि?क 200-350, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-680, गरबल 655-658, मटरदाना 715-730, खसखस अनक्लीन 825-875, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 250-260, जायफल 725-750, बेस्ट 750-760, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1800-1900, नाग केसर 925-950, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 750-780, बेस्ट 780-820, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2350-2450, मीडियम 2750-2950, बोल्ड 3100-3200, एक्ट्रा बोल्ड 3225-3250, पानबार 2250, बड़ी इलायची 1425-1475, बेस्ट 1550-1675, तरबूज मगज 390-400, बेस्ट 575-625, काजू (240) 1050, काजू (320) 925-950, काजू एस. डब्ल्यू 900, जे.एच. 890-900, टुकड़ी 840-850, बादाम मगज 750 -800, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1025-1500, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4600 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2200-2250, (160) 2400-2450, (200) 2500-2600, (250) 2700-2750

**तेल** - सींगदाना 1440-1460, मुम्बई 1470, राजकोट तेलिया 2280, सोया साल्वेंट 1150-1155, सोया रिफाइंड 1205-1210, कपास्या 1170-1175, धूलिया 1180, कड़ी 1180,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1400, मुम्बई पाम 1350, मुम्बई सोया 1240,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1750, देवास-उज्जैन 1750, खंडवा-बुरहानपुर 1725, अकोला 2650 (प्रति क्व ?िंटल)

**तिलहन** - सरसो 5900-5950, एवरेज 5500-5600, रायडा 5700-5800, सोयाबीन 4150-4200, टोली (महुआ बीज) 4300-4350, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 6600-6650, एवरेज 6450-6500, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, नई तुअर 7000-8400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 8900-9000, एवरेज 8700-8800, हल्की 8300-8500, तुअर महाराष्ट्र 9400-9600, उड़द बेस्ट 8700-8800, एवरेज 8600-8650, शंकर 8300-8400, हल्की 8000-8100,

**दाल** - चना दाल एवरेज 8200-8300, मीडियम 8400-8500, बोल्ड 8600-8700, तुअर दाल सवा नं. 13200-13300, तुअर दाल फूल 14300-14400, तुअर दाल बोल्ड 15100-15200, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, बेस्ट 7700-7900, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9300-9500, मूंग मोगर 9800-9900, बोल्ड 10000-10100, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2875-2900, लोकवन 3100-3150, (147) 2900-3000, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2975-3000, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2375-2400,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-9000, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-7000, तिबार 9500-10500, बासमती (921) 11000-12000, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

**मावा** - इन्दौर 320, उज्जैन 260, रतलाम 250 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर । शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार सामान्य ही रहा। दोनों ही कीमती धातुओं में बाजार सुस्ती के रहे। भाव इस प्रकार रहे -

चॉंदी (9999) 87800, चॉंदी (99) 87200, टंच 86600, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 77600,

## जीएसटी की बैठक में मध्यस्थ सेवाओं को शून्य दर में लाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में मध्यस्थ सेवाओं को शून्य दर में लाने का प्रस्ताव गूंज रहा है। जो ब्रोकर, एजेंट और ऑनलाइन पोर्टलों को राहत दिखा सकता है। यह प्रस्ताव एमएसटीसी, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स, एमजंक्शन जैसे पोर्टलों को भी लाभ पहुंचा सकता है। इस प्रस्ताव से भारतीय मध्यस्थों को विदेशी प्रतिस्पर्धियों के साथ समान स्तर पर काम करने का मौका मिल सकता है। इसके साथ ही इस प्रस्ताव से इन मध्यस्थ सेवा प्रदाताओं को 3357 करोड़ रुपये की कर देयता से छुटकारा भी मिल सकता है।

# आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आएगा। आपके जन समर्थन में इजाफा होगा। जो युवा रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। आपका वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। आपको मानसिक व शारीरिक कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके परिवार में वरिष्ठ सदस्यों में किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश करेंगे। लव पार्टनर को लेकर आपके मन में यदि कुछ दूरियां आ गई थी, तो वह भी दूर होंगी।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए आध्यात्म कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको कोई भी अच्छा मौका अपने हाथ से जाने नहीं देना है और अपने कामों में लापरवाही तो बिल्कुल न करें। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। किसी सहयोगी से आपको कोई बड़ी डील फाइनल करने का मौका मिलेगा। आप अपने बिजनेस को बाहर विदेशों तक फैलाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी सोच समझ से सभी काम पूरे होंगे। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको दिखावें के चक्कर में आने से बचना होगा। संतान को किसी पुरस्कार के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है और कार्यक्षेत्र में आप किसी की कहानी सुनी बातों पर भरोसा न करें।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। कामों में व्यस्त रहने के कारण आपको कुछ समस्याएं हो सकती हैं। बिजनेस में यदि आपको किसी डील को फाइनल करने में समस्या आ रही थी, तो वह दूर होगी। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने दैनिक खर्चों पर पूरा ध्यान दें और आपको यदि किसी काम को लेकर कोई उलझन थी, तो उसे भी दूर करने की कोशिश करें। आप किसी नई प्रॉपर्टी या वाहन की खरीदारी करने की योजना बना सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। यदि आपने किसी से धन का लेनदेन किया, तो इससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको अपनी दैनिक गतिविधियों पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी सरकारी योजना में आप इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। परिवार में बुजुर्गों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। किसी प्रॉपर्टी संबंधित मामले में आपको कानून का दरवाजा बजाना पड़ सकता है। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए बिजनेस में चल रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको किसी पर भरोसा करने से बचना होगा। आपके अंदर एक नई ऊर्जा विराजमान रहेगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। अविवाहित जातकों के लिए कोई उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है, जो युवा रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपको वाहन खरीदते समय सावधान रहना होगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आपका यदि कोई काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसे पूरा करने की आपको कोशिश करनी होगी।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक मामलों पर पूरा ध्यान दें। आप कोई निर्णय जल्दबाजी में न लें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा। कोई सदस्य नौकरी को लेकर यदि परेशान चल रहा था, तो कहीं दूर नौकरी का प्रस्ताव आ सकता है।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में बेहतर रहने वाला है। आपको उनमें अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप अपने घर के लिए कोई इलेक्ट्रॉनिक वस्तु को लेकर आ सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। । आपको अपने भाई व बहनों से यदि कोई मदद लेनी होगी, तो वह भी मिल जाएगी।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने पर खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप नए कामों को करने के लिए योजना बना सकते हैं। आप अपनी संतान के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जिससे आपको यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी।

## शब्दजाल - 7756

*शब्दजाल में दस पर्यटन स्थलों के नाम ढूंढिए. दिये गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | क | ल | ह | वा | म | ह | ल | सी | गे | ज |
| र | तु | ल | दे | र | ण | थ | म्भौ | र | ट | वा |
| त | स | ब | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | वे | द |
| वि | ज | ज | मी | पु | र | रा | प | र | ऑ | ब |
| वे | गा | इं | ग | ना | लं | ज | जं | गी | फ | र्नि |
| का | क | व | डि | ह | र | पू | त | ता | इं | ग |
| नें | अ | स | त | या | प | त | र | ज | डि | ट्रे |
| द | ता | दा | ई | ह | गे | सा | मं | ड | या | ला |
| स्मा | बा | चे | न | ब्रा | जी | ट | त | ल | प | ल |
| र | पा | ला | ल | शो | ले | दु | र | झी | स्त्री | कि |
| क | रा | जी | व | ता | ज | म | ह | ल | म | ला |

ताजमहल,लालकिला,कुतुबमीनार,जंतर मंतर,इंडिया गेट, हवा महल, गेट्वे ऑफ इंडिया,डलझील,विवेकानंद स्मारक, रणथम्भौर

### शब्दजाल - 7755 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | जा | ला | ह | दा | प | उ | ड़ी | सा | झ | आ |
| ज | अ | ल | म | आ | मो | ल | ब्ब | तें | शा | अ |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ज | ढा | र | ला | ब |
| ज | कु | उ | ल | बे | ला | लू | उ | त | रा | ना |
| स | ति | श | द | व | दा | ल | उ | ग | वी | ट |
| री | रं | ल | चु | बि | लि | र्त | क्ष | दा | प | च |
| जो | उ | ल | के | गा | ला | म | उ | कौ | र | ले |
| श | ता | जीं | स | त | क | व | क | ग | श | ता |
| म | व | मि | न | व | न | ज | सा | शा | जू | द |
| द | ला | ल | म | ह | उ | ठ | ना | स | प | ना |
| थो | औ | र | प्या | र | उ | ल | झ | न | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6700



**बायें से दायें:-**

२. अक्षय खन्ना, सोनाली की 'ओ गोरी आजा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'कहाँ से आई रानी' गीत वाली अजय, काजोल की फिल्म-२,२
७. आमिर, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
८. राजेश वाली 'हम दोनों' में हेमा के साथ दूसरी नायिका कौन थी?-२
९. अमिताभ, ऋषि, हेमा की 'चल चल मेरे भाई' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हिना' की पाक नायिका?-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा की 'प्यार के इस खेल में' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१८. जैकी, अनिल, पूनम की 'हर करम अपना' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'फिलहाल' में नायिका 'रेखा' की भूमिका किसने की है?-२
२०. सनीलदत्त, रीनाराय, आशा की 'जलता है जिया' गीतवाली फिल्म-२
२१. 'आ तेरी तसवीर' गीत वाली देवनंद, मधुबाला की फिल्म-३
२४. अनिल कपूर, पद्मिनी की 'वो सात दिन' के निर्देशक कौन थे?-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिल दीवाने का' गीत वाली नसीर, धर्मेन्द्र, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३२. सनी, शिल्पा शेट्टी की 'आशिकी बनके' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'दिल में जो बातें हैं' गीत वाली देवआनंद, हेमा की फिल्म-३
३४. नसीर, आदित्य, पूनम ढिल्लों, मंदाकिनी अभिनीत एक फिल्म-४
३५. आमिर, ग्रेसीसिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१.'तुम रूठ के मत जाना' गीतवाली भारत भूषण, मधुबाला की फिल्म-३
२. रवीना, राईमा, संजीव सूरी की 'बहार ही बहार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चोरी चोरी जब नजरें' गीतवाली फिल्म-३
५. अनिल, गोविंद की 'दीवाना मस्ताना' की नायिका कौन थी?-२
६. 'रस्ते में वो खड़ा' गीतवाली सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१०. राकेश रोशन, सिम्मी की 'जब भी ये दिल' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अब चाहे सर फूटे' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजयदत्त, टीना मुनीम की 'क्या यही प्यार है' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'सावन के झूले पड़े' गीतवाली फिल्म-३
१५. 'फूल तुम्हें भेजा है' गीत वाली 'सरस्वतीचंद्र' की नायिका-३
१६. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-२
१७. राजेश खन्ना, हेमा की 'कहानियाँ सुनाती है' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीतवाली फिल्म-२
२३. चंकी, मिथुन, सोमी अली की 'क्या आँखें हैं' गीत वाली फिल्म-३,२
२५. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली फिल्म-२
२७. शबाना आजमी, श्वेता प्रसाद अभिनीत बाल फिल्म-३
२९. 'दिल नहीं देना' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'सपने' की नायिका कौन थी-३
३१. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 6699

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रि | फ्यू | जी | | बे | मि | सा | ल | | क |
| शि | | न | म्र | ता | | या | | फ | र्ज |
| ता | क | त | | बी | ना | | सु | र | |
| | र्त | | श | | स्ति | | | दी | पा |
| दि | व्य | श | क्ति | | क | न्या | दा | न | |
| ल | | श | | गे | | | ग | | ई |
| से | ह | श | | श | र्मी | ली | | घा | त |
| | थि | | स | नी | | ला | श | | का |
| द | या | वा | न | | पॉं | | जा | लि | म |
| स | र | | म | न | च | ली | | सा | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**21 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.13 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मकर | 08.22 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 10.09 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.41 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 13.12 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 14.52 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 16.50 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.04 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.20 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 23.32 बजे से |
| 9.00 से 10.30 बजे तक | | तुला | 01.42 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.57 ब.से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 356 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 12.22 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 06.14 बजे को समाप्त। **योग** प्रीति 18.23 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 12.22 बजे तदनन्तर विष्टि 01.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 19.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872200 **जूलियन दिन** 2460665.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 18 **विशेष** वर्ष का सबसे छोटा दिन।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः मानवता का पाठ

एक बार स्वामी विवेकानंद किसी रेलवे स्टेशन पर रुके हुए थे। धीरे-धीरे यह बात आसपास फैल गई और वहां भीड़ जुटने लगी। लोग स्वामी जी से अपनी समस्याओं का समाधान पूछने लगे। लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए स्वामी जी खाना-पीना तक भूल गए। किसी को भी उनके खाने-पीने के बारे में पूछने का ख्याल तक नहीं आया। तीसरे दिन रात में एक निर्धन व्यक्ति उनके पास आया और उन्हें प्रणाम कर बोला, 'स्वामी जी! आप तीन दिनों से लोगों से बात कर रहे हैं। मैंने आपको कभी खाते-पीते देखा ही नहीं। मैं इससे बहुत दुखी हूं।' उस निर्धन व्यक्ति की यह बात सुनकर स्वामी विवेकानंद को बहुत प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा, 'क्या तुम मुझे कुछ खाने को दोगे?' यह सुनकर वह व्यक्ति सहमते हुए बोला, 'स्वामी जी। मैं तो सफाई कर्मचारी हूं। निम्न जाति का हूं। आपको अपनी बनाई रोटी कैसे दे सकता हूं? यदि कहें तो मैं कुछ खरीद कर ला दूं।' स्वामी जी ने कहा, 'बंधु ! तुम मुझे अपनी बनाई रोटी ही दो। मैं तो वही खाऊंगा।' उस सफाई कर्मचारी के घर की रोटी-दाल स्वामी जी ने बड़े प्रेम से खाई। कुछ लोगों को यह बात बुरी लगी कि स्वामी जी ने एक सफाई कर्मचारी के हाथ का भोजन खाया है। उन्होंने नाक-भौं सिकोड़ कर स्वामी जी से कहा, 'आप कैसे संन्यासी हैं। आप निम्न वर्ग के एक व्यक्ति के हाथ का बना हुआ खाना खाते हैं।' उन लोगों की बात सुनकर स्वामी जी बोले, 'मैं तीन दिनों से निराहार था। तुम लोगों ने इतने दिनों तक मेरे खाने-पीने की चिंता नहीं की। जबकि यह व्यक्ति सच्चे मन से मेरे पास आया। इसने अपना मानव धर्म निभाया जबकि तुम लोग केवल अपनी समस्याओं तक सीमित रहे। श्रद्धा और प्रेम का धनी यह व्यक्ति तो महान है। और नीच वह है जो इन गुणों से रहित है।' स्वामी जी का यह कथन सुन कर सभी व्यक्तियों का सिर शर्म से झुक गया।

## सूडोकु नवताल- 7009

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7008 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## शब्द पहेली - 8224



**बाएँ से दाएँ**

*1.सुरक्षित,संरक्षित-4*
*4.उत्सुकता,जिज्ञासा-3*
*6.पिता के पिता-2*
*7.नमस्कार,प्रणाम-3*
*9.आखेट मंच-3*
*11.आत्मबलिदानी-5*
*12.प्लेट,तश्तरी-3*
*15.रहस्य,भेद-2*
*16.जी,चित्त-2*
*18.जुड़वा-3*
*20.मन का मिलना-5*
*22.नल,टोंटी-3*
*24.देवर्षि,देवमुनि-3*
*26.गुप्तचर,जासूस-2*
*27.गमन,विदा होना-3*
*28.ईश्वर,रब-4*

**ऊपर से नीचे**

*1.सद्चरित्रता-3*
*2.इच्छा,मर्जी-2*
*3.अंधकार,अंधेरा-3*
*5.धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5*
*6.मोल,कीमत,दर-2*
*8.नरक के समान-5*
*10.बेकार,अयोग्य-3*
*13.बुआई करना-2,3*
*14.विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)*
*17.प्रणाम,नमस्कार-3*
*19.जल में रहने वाला-4*
*21.स्वर्ग का विलोम-3*
*23.छोटी सवारी गाड़ी-2*
*25.कीमत,भाव-2*

### शब्द पहेली -8223 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | न | म | | | आ | का | श |
| रा | | | स्त | र | ही | न | | म |
| रा | त | | | सी | ना | | | शी |
| | र | ग | | ला | | क | बी | र |
| | का | ज | ल | | अ | स | र | |
| क | री | ब | | मि | | र | ब | |
| रा | | | चा | रा | | | ल | ब |
| मा | | रा | ह | ज | नी | | | हा |
| त | र | ह | | | म | ज | बू | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# क्रिसमस से पहले ठंडा पड़ा बाजार...

## लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेसेक्स 1100 अंक टूटा, निफ्टी 23600 से नीचे आया

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 1,176.46 अंक टूटकर 78,041.59 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,343.46 अंक या 1.69 प्रतिशत गिरकर 77,874.59 अंक पर आ गया था। दूसरी ओर, निफ्टी 364.21 अंक फिसलकर 23,587.50 पर बंद हुआ। हालांकि, शुक्रवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 10 पैसे तक रिकवर कर 85.03 रुपये पर बंद पर बंद हुआ।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बाद वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांकों में बड़ी बिकवाली दिखी। सेंसेक्स की 30 प्रमुख कंपनियों में से टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज,




अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा पिछड़े। इसके विपरीत, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले और टाइटन को लाभ हुआ।

### एशियाई और यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट

एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही। यूरोप के शेयर बाज़ार नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। वॉल स्ट्रीट गुरुवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 4,224.92 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.96 प्रतिशत घटकर 72.18 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। गुरुवार को लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 964.15 अंक या 1.20 प्रतिशत टूटकर 79,218.05 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 247.15 अंक या 1.02 प्रतिशत लुढ़ककर 24,000 अंक से नीचे 23,951.70 अंक पर बंद हुआ था।

### 2929 शेयर टूटकर बंद हुए

बीएसई पर करीब 4085 शेयरों में कारोबार हुआ, जिसमें 1061 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2929 शेयर टूटकर बंद हुए। 95 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। शुक्रवार के कारोबार के दौरान 229 शेयर 52 हफ्तों के ऑल टाइम हाई पर कारोबार करते जबकि 68 शेयर 52 हफ्तों के ऑल टाइम लो पर रहे। निफ्टी ऑटो, बैंक, एफएमसीजी और आईटी लगभग सभी सेक्टर में बिकवाली दिखी।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ ही 85.01 पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 85.07 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर की बढ़ती मांग से रुपये के कमजोर बने रहने की आशंका है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.07 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त दिखाता है। शुरुआती सौदों के बाद डॉलर के मुकाबले यह 85.10 पर पहुंच गया जो उसके अभी तक के सर्वकालिक निचले स्तर से थोड़ा अधिक है। रुपया गत दिवस गुरुवार को 19 पैसे की गिरावट के साथ ही अपने सर्वकालिक निचले स्तर 85.13 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी की बढ़त के साथ ही 108.43 पर रहा।

## माइक्रोमैक्स और फिसन ने भारत में स्टोरेज चिपसेट मॉड्यूल के लिए किया समझौता

मुंबई। माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स और फिसन ने कृत्रिम मेधा आधारित स्टोरेज चिपसेट मॉड्यूल के लिए उद्यम की स्थापना की है। इस संयुक्त उद्यम का नाम एमआईपीएचआई है। माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स के एक अधिकारी ने बताया कि नए संयुक्त उद्यम ने नोएडा संयंत्र में उत्पादन शुरू कर दिया है। स्टोरेज चिपसेट का उपयोग सर्वर के लिए किया जाएगा। अधिकारी ने इस साझेदारी के बारे में बताया कि माइक्रोमैक्स की 55 फीसदी और फिसन की 45 फीसदी हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि इसे एआई परिदृश्य को बदलने में मदद मिलेगी। इसका लक्ष्य जीपीयू की लागत को कम करना है। यह भी जताया गया कि परीक्षण इसी महीने पूरा होगा और नया उत्पाद 2025 में वाणिज्यिक निर्यात के लिए उपलब्ध होगा। इस संयुक्त उद्यम के माध्यम से, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और स्टोरेज चिप कंपनी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो भारत के साथ ही अन्य विश्व पारंपरिक बाजारों में भी इनोवेटिव तकनीक को प्रोत्साहित करेगा। यह स्टोरेज चिपसेट मॉड्यूल नवीनतम विकास के सफल साक्षात्कार का परिणाम है, जो कंपनियों के लिए सुरक्षित और एफीशिएंट स्टोरेज समाधान प्रदान करेगा।

# सावरी खुर्द के ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाएं गंभीर आरोप

## सरपंच को बर्खास्त करने की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम सावरी खुर्द में विगत दिनों से गौठान की भूमि को लेकर दो पक्षों में विवाद जारी है। जहां ग्राम के सरपंच एवं उनके समाज के लोगों द्वारा रातोंरात महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा स्थापित किया गया वहीं ग्रामीणों के द्वारा उक्त भूमि को गौठान की भूमि पर अतिक्रमण बताकर विरोध किया जा रहा है। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व लांजी को शिकायत कर काम रोके जाने एवं गौठान की भूमि चिन्हांकित किए जाने की मांग की। जिस पर अनुविभागीय दंडाधिकारी द्वारा काम रोकने के आदेश भी दिए गए, इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रखा। जिसके उपरांत 20 दिसम्बर को ग्रामीणों ने बालाघाट पहुंचकर जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा एवं एक सप्ताह के भीतर गौठान की भूमि चिन्हांकित कर विवाद का निराकरण किए जाने एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व के आदेश की अवहेलना करने तथा नियम विरुद्ध कार्य करने वाले सरपंच पर कार्रवाई किए जाने मांग की है अन्यथा ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में लेख है कि बहुत गर्व की बात है कि ग्राम पंचायत सावरी खुर्द में महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, लेकिन प्रतिमा स्थापना करने के लिए उचित स्थान का चयन नहीं किया गया है। ग्रामीणों से बिना पुछे गोठान की जमीन पर स्थापना किया जा रहा है। उक्त भूमि का वर्षों से आखर के रूप में उपयोग किया जाता है, दीपावली के दूसरे दिन यहां गाय खिलाई जाती है। अब ऐसे में उक्त निर्माण का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। प्रतिमा स्थापना के लिए सरपंच द्वारा ना तो प्रशासन से अनुमति ली गई है और ना ही ग्रामीणों से सलाह। एक ही दिन में आनन-फानन में प्रतिमा को स्थापित करने की कोशिश की गई है। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान सरपंच ने कहा कि यहां गाय नहीं खिलायी जाती जबकि एसडीएम द्वारा पुछे जाने पर गायकी ने स्वीकार किया कि पीढ़ियों से यहां गाय खिलायी जाती है, और सरपंच द्वारा बोला जा रहा है कि पंचायत में प्रस्ताव लिया गया है, जबकि सचिव, उपसरपंच और पंचों का कहना है कि पंचायत में ऐसा कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ है। आगे लिखा है कि सरपंच द्वारा सरेआम पद का दुरुपयोग कर ग्रामीणों को गुमराह किया जा रहा है। भविष्य में भी सरपंच द्वारा अपनी मनमानी करके कोई भी निर्णय लेकर ग्रामीणों के साथ धोखा किया जा सकता है, इसलिए सरपंच पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएं।

### सरपंच पर एसडीएम के आदेशों की अव्हेलना करने का भी आरोप

दूसरे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सावरी खुर्द के सरपंच किशोरीलाल पांचे द्वारा एक तो अपनी ही मनमर्जी से प्रस्ताव बनाकर ग्रामीणों को गुमराह किया जा रहा है, तो वहीं अब अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के आदेशों की भी अव्हेलना की जा रही है। बता दें कि सरपंच द्वारा बिना अनुमति के सावरी खुर्द के गोठान में महापुरुषों की प्रतिमा स्थापना किया जा रहा है। जिसकी जानकारी न तो प्रशासन को थी और ना ही उपसरपंच, पंच और सचिवों को। जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया और एसडीएम को लिखित शिकायत भी किए थे। जिसके बाद एसडीएम ने काम रोकने के आदेश दिए थे और मौके स्थल का निरीक्षण भी किए थे। लेकिन सरपंच द्वारा फिर से बिना आदेश के 19 दिसंबर को काम शुरू करवा दिया गया था, उन्हें पुछने पर कह रहे थे कि काम करने का आदेश मिल गया है। लेकिन जब एसडीएम से जानकारी चाही गई तो एसडीएम ने साफ इन्कार कर दिया की कोई आदेश नहीं हुआ है। जिसके बाद पटवारी द्वारा काम रोकने कहा गया फिर भी काम नहीं रोक रहे थे। फिर दोबारा पटवारी के बोलने पर काम रोका गया है। इस प्रकार से एसडीएम के आदेशों की अव्हेलना कर सरपंच और उसके परिवार वाले अपनी मनमानी कर रहे हैं। दोनों ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा है ग्राम पंचायत सावरी खुर्द के सरपंच किशोरीलाल पांचे द्वारा ग्रामीणों को गुमराह किया जा रहा है और एसडीएम के आदेशों की अव्हेलना की जा रही है। आगे वह किसी भी तरह गांव के संपत्ति को नुकसान ना पहुंचाएं। इसके लिए सरपंच को बर्खास्त कर दंडात्मक कार्रवाई की जाने की मांग की है। तो वहीं एक सप्ताह के भीतर निराकरण नहीं होने और सरपंच को बर्खास्त कर सरपंच विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है तो हम ग्रामीणजन सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे।

# नुक्कड नाटक एवं कठपुतली के माध्यम से दिया जा रहा स्वच्छता का संदेश






लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी के द्वारा लगातार नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिये अनेकों कार्यक्रमो के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी 20 दिसम्बर को नगर के प्रमुख वार्डो एवं चौक चौराहा में नुक्कड नाटक एवं कठपुतली नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली नृत्य का आयोजन भोपाल से दिलीप मासूम सांस्कृतिक दल प्रभारी एवं उनकी टीम के द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुये प्रदर्शन किया गया। बतादे कि नगर परिषद लांजी से अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, पार्षद किशोर रामटेककर, सौरभ मोनू पशीने, मुकेश रणदिवे, प्रेमलता खोब्रागड़े, एसडीएम कमलचंद सिंहसार, नायब तहसीलदार संजय बारस्कर, सीएमओ बीएल लिल्हारे, नगर परिषद के कर्मचारी, तथा वार्ड वासियों की उपस्थिती में उक्त सांस्कृतिक दल के द्वारा आकर्षक कठपुतली नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया इसके उपरांत नुक्कड नाटक कर घर का माहौल कैसा रहता है कैसे पहले कचरा आदि फैलाया जाता था और अब नगर परिषद के वाहनो मे ही सूखा और गीला कचरा डालना चाहिये इस पर एक उत्कृष्ट नाटक प्रस्तुत कर संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा तारांचंद कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, सभपति किशोर रामटेक्कर, पार्षद सौरभ पशीने, मुकेश रणदिवे के द्वारा नगर वासियों से अपील की गई है अपने घर आंगन, वार्ड मोहल्ला में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे, गीला एवं सूखा कचरे के लिये नगर परिषद से आपको कचरा पात्र हरे एवे नीले रंग का दिया गया है उस पर ही कचरा संधारित करे तथा नगर परिषद के वाहन में ही कचरा डाले, अपने आस पास गंदगी ना होने देवे गंदगी से बिमारियॉ बढती है इस लिये आपको स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना है। आप अपना घर आंगन साफ सुथरा रखेंगे तो निश्चित रूप से नगर में स्वच्छता बनी रहेगी और हमारा लांजी नगर स्वच्छ और सुन्दरता की ओर अग्रसर होगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएम कमलचंद सिंह सार के द्वारा भी कहा गया वार्ड वासी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहे, गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग संधारित करे, नगर को स्वच्छ बनाने मे अपनी अपनी सहभागिता प्रदान करे। स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिये भोपाल से आये सांस्कृतिक दल के द्वारा चौकर चौराहो में दिलीप मासूम एवं उनकी टीम ने कठपुतलियों का आकर्षक संगीतमय नृत्य दिखाया गया जिसे देखकर वार्ड वासी खासे आकर्षिक हुये, नगर के नन्हे मुन्ने बच्चो ने भी उक्त कठपुतलियों के नृत्य का भरपूर आनंद प्राप्त किया। तथा उस संदेश को भी समझा जो कि कठपुतलियों के माध्यम से नगर की जनता तक पंहुयाया जा रहा था सभी ने एक स्वर मे कहा कि नगर परिषद ने स्वच्छता का संदेश देने के लिये नवाचार किया है कठपुतलियो का नृत्य के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया गया है जिसे जरूर अपनाया जायेगा।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 4 में लगाया शिविर

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासन के निर्देशानुसार "मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान" 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 20 दिसम्बर को जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी बी.एल.लिल्हारे के मार्गदर्शन में नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 04 स्थित आंगनवाडी केन्द्र क्रमांक 3 में शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर नगर परिषद




अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले एवं उपाध्यक्ष संदीप रामटेककर, सभापति किशोर रामटेककर, वार्ड क्रमांक 04 की पार्षद श्रीमती प्रेमलता खोबरागड़े की प्रमुख उपस्थिति में मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर शिविर प्रारंभ किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि शासन विभिन्न जनकल्यणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों के लिए शासन के मंशाअनुरूप शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में अधिक से अधिक लोग आवेदन कर शासन के अभियान को सफल बनायें। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी कमलचंद्र सिंहसार, नायब तहसीलदार संजय बारस्कर, नगर परिषद लांजी से शैलेन्द्र पांडे वार्ड प्रभारी, श्रीमती जयवंती कचवाहे, रणदीप, एवं आंगनवाड़ी सरिता श्रीवास्तव महिला बाल विकास से उपस्थिती रही। उक्त शिविर में 03 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। शिविर आयोजन के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक प्रतियोगियों के माध्यम से नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के चलते अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी कमलचंद्र सिंहसार द्वारा वार्ड की जनता से अपील की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जो व्यक्ति हितलाभ लेने से चूक गए है वे इस शिविर में आकर अपना पंजीयन करा लेवे तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर गीला कचरा और सूखा कचरा अलग अलग संधारित कर नगर परिषद की गाड़ी में रोजाना देवे तथा स्वच्छता बनाए रखें।

# सड़क दुघर्टना में पतिराम टेकाम की मौत मामले में पुलिस ने जप्त किया बोलेरो वाहन




लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी थाना अन्तर्गत लांजी सालेटेकरी मार्ग पर 14 दिसंबर की शाम करीब 6:30 कोटेश्वर धाम मोड़ाई पर एक अज्ञात वाहन ने मोटर सायकल सवार को टक्कर मार कर फरार हो गया था। घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यू हो गई थी वहीं किसने टक्कर मारा और फरार हो गया इस संबध में भी कोई जानकारी ज्ञात नही हो पाई थी, जिसकी जांच लांजी पुलिस के द्वारा की जा रही थी।

### 27 वर्षीय पतिराम टेकाम की हुई थी मृत्यू

पीतकोना निवासी पतिराम टेकाम 14 दिसंबर को शाम करीब 6:30 बजे अपनी मोटर सायकल से लांजी से पीतकोना जा रहा था जैसे ही सालेटेकरी मार्ग पर कोटेश्वर धाम मोडाई पर पंहुचा तो सामने से एक अज्ञात चौपहिया वाहन ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुये मोटर सायकल सवार पतिराम टेकाम को जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया था घटना स्थल पर मौजूद लोगो के द्वारा घायल पतिराम को तत्काल ही सिविल अस्पताल लांजी पंहुचाया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यू हो गई। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा पुलिस थाना लांजी को उक्त संबंध मे मर्ग तहरीर भेजी गई जहां लांजी पुलिस के द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया है। वहीं पुलिस ने मर्ग क्रमांक 74/24 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### लांजी पुलिस ने किया अपराध दर्ज

घटना में मर्ग विवेचना के दौरान लांजी पुलिस के लिये यह मुश्किल बनी हुई थी की किस अज्ञात वाहन ने उक्त घटना कारित की है जिसको लेकर जांच प्रारंभ कर दी गई थी। लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी एवं लांजी पुलिस बल के द्वारा लगातार जांच कार्यवाही की जा रही थी तभी मुखबिर आदि की मदद से लांजी पुलिस को ज्ञात हुआ कि घटना कारित करने वाला बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 04 बीसी 4786 जिसे चालक शुभक अजीत निवासी देवटोला बालाघाट चला रहा था। वाहन एवं आरोपी को लांजी पुलिस के द्वारा हिरासत में लेकर चालक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 397/24 धारा बीएनएस 281, 106-1, 184 मोव्ही एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# शासकीय महाविद्यालय में लगे 3 दिवसीय शिविर में बने कुल 255 लर्निंग लायसेंस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। जनकल्याण अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय लांजी में ड्राइविंग लायसेंस बनाने के लिये बुधवार से शुक्रवार तक तीन दिवसीय ड्रायविंग लायसेंस बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किये गए। शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को 83 लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस बनाये गए। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाले ने बताया कि जिले के महाविद्यालयों में ड्रायविंग लायसेंस बनाने का कार्य लगातार जारी रहेगा। लांजी महाविद्याय में पहले दिन 65, दूसरे दिन 107 और तीसरे दिन शुक्रवार को 83 छात्र व छात्राओ के लाइसेंस बनाये गए है। श्री गढ़पाले ने बताया कि बुधवार से शुक्रवार तीन दिनों तक लांजी महाविद्यालय में आयोजित इस कैम्प में कुल 255 छात्र छात्राओं के लाइसेंस बनाये गए है। उन्होंने बताया कि अभी सभी महाविद्यालयों से चर्चा कर शेड्यूल बनाया जा रहा है। जिन महाविद्यालयों में अभी परीक्षाएं नही है वहां शिविर आयोजित किये जा रहे है। अभियान में जिले के सभी महाविद्यालयों में 26 जनवरी तक शिविर आयोजित होंगे।



# सड़क दुर्घटना में घायल दो व्यक्ति को डायल-112 ने पहुंचाया बिरसा अस्पताल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मलाजखंड थाना क्षेत्र में बिरसा रोड़ पर ग्राम खुर्सीपार के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो जाने से मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। दोनो घायल को डायल-112 एफ आर व्ही ने बिरसा अस्पताल ले जाकर भर्ती किये। जानकारी के मुताबिक 20 दिसम्बर को मलाजखंड थाना क्षेत्र में आने वाले बिरसा रोड़ पर स्थित ग्राम खुर्सीपार के पास एक मोटर साईकिल का एक्सिडेंट हो गयाम जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गये है। जिन्हें पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर कंट्रोल रूम बालाघाट डायल 100नेटव्यूर ऑपरेटर महिला आरक्षक भारती बिसेन ने तत्काल बिरसा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को सूचित कर मदद के लिए रवाना किया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक जगदीश धुर्वे, पायलट उत्तम इनवाते ने घटना स्थल पर पहुँचकर, मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो जाने से घायल धन सिंह परते पिता सुखलाल परते, अमर सिंह परते पिता सुखलाल परते दोनो ग्राम टिंगीपुर निवासी को डायल-112 से उपचार के लिए शासकीय अस्पताल बिरसा लाकर भर्ती किये।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# विधानसभा में अंबेडकर-राहुल गांधी को लेकर हंगामा

## विपक्ष ने कहा- भाजपा ने अंबेडकर का अपमान किया, राहुल गांधी पर दर्ज झूठा केस वापस लें

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले शीतकालीन सत्र में शून्य काल के दौरान भाजपा विधायक सीतासरन शर्मा ने राहुल गांधी पर संसद में धक्का-मुक्की का आरोप लगाया। इस पर कांग्रेस ने कहा- जो व्यक्ति सदन का सदस्य नहीं है, उसका मामला यहां कैसे उठाया जा रहा है। राहुल गांधी को बदनाम किया जा रहा है लेकिन भाजपा नेताओं ने अंबेडकर जी का जो अपमान किया, उस पर सरकार मौन है। कांग्रेस के विधायकों ने सदन में नीले गमछे लहराए। दोनों ओर से शोर-शराबे और हंगामे के चलते स्पीकर ने कार्यवाही स्थगित कर दी।

सत्र में हिस्सा लेने के लिए कांग्रेस विधायक शुक्रवार सुबह संविधान की प्रतियां लेकर विधानसभा पहुंचे थे। वे तीन दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की संसद में डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी का विरोध जता रहे थे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा द्वारा संविधान का अपमान किया जा रहा है। संविधान निर्माता अंबेडकर जी के बारे में गलत शब्द कहे गए। मोदी और शाह ने अभी तक माफी नहीं मांगी। राहुल गांधी और खड़गे जी जब इस बारे में बात कर रहे थे तो भाजपा सांसदों ने धक्का-मुक्की की। उन पर झूठा केस लगाया। हमारी मांग है कि टिप्पणी के लिए शाह माफी मांगें और राहुल जी पर दर्ज झूठा प्रकरण वापस लिया जाए।



### राहुल गांधी पर से झूठा प्रकरण वापस लें

सिंघार बोले कि भाजपा द्वारा संविधान का अपमान किया जा रहा है। संविधान निर्माता अंबेडकर जी के बारे में गलत शब्द कहे गए। मोदी और शाह ने अभी तक माफी नहीं मांगी। राहुल गांधी और खड़गे जी जब इस बारे में बात कर रहे थे तो भाजपा सांसदों ने धक्का-मुक्की की। उन पर झूठा केस लगाया। कांग्रेस सांसदों की आवाज को रोका जा रहा है। हम इसका विरोध करते हैं। हमारी मांग है कि टिप्पणी के लिए, शाह माफी मांगें और राहुल जी पर दर्ज झूठा प्रकरण वापस लिया जाए।

### भाजपा के विधायकों ने किया प्रदर्शन

भाजपा के विधायकों ने सदन से बाहर आकर संसद की घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद के अंदर जो धक्कामुक्की की है... सांसद के साथ जो मारपीट की है, हम उसका विरोध कर रहे हैं। शून्यकाल में नर्मदापुरम से भाजपा विधायक सीतासरन शर्मा ने राहुल गांधी पर संसद में धक्का-मुक्की का आरोप लगाया। इस पर कांग्रेस ने कहा कि जो व्यक्ति सदन का सदस्य नहीं है, उसका मामला यहां कैसे उठाया जा रहा है। राहुल गांधी जी को बदनाम किया जा रहा है लेकिन भाजपा नेताओं ने अंबेडकर जी का जो अपमान किया, उस पर सरकार मौन है। इस पर दोनों पक्षों में शोर-शराबा होने लगा। हंगामे के चलते कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

# नकल रोकने कलेक्टर गठित करेंगे उड़नदस्ता

### 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए माशिमं ने बनाई गाइडलाइन

भोपाल। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं-12वीं की परीक्षाओं का काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसके लिए माशिमं ने अपनी व्यवस्था में अहम बदलाव किया है। अब हरेक जिले में कलेक्टर ही फ्लाइंग स्क्वाड गठित करेंगे। इसके पहले स्कूल शिक्षा विभाग अपने स्तर पर फ्लाइंग स्क्वाड (उड़न दस्ता) गठित करता था। लेकिन, अब ऐसा नहीं होगा। अलग-अलग दल के बदले केंद्रीयकृत व्यवस्था रहेगी। इस बार प्रदेश भर में करीब 550 संवेदनशील परीक्षा केंद्र हैं।

हर जिले में परीक्षा केंद्रों की संख्या के हिसाब से कलेक्टर जो दल गठित करेंगे, उनकी मॉनिटरिंग माशिमं करेगा। इसके तहत टीम लीडर को माशिमं द्वारा तैयार किए गए एप में रजिस्टर करना होगा। इसके माध्यम से उनकी ट्रेकिंग की जाएगी। माशिमं के सर्वर में यह जानकारी रहेगी कि कौन सा दल किस परीक्षा केंद्र में गया है। इस तरह से एकजाई रूप से इनकी रिपोर्टिंग सीधे तौर पर माशिमं को भी रहेगी। प्रश्न पत्र के बंडल सीधे परीक्षा कक्ष में ही खोले जाएंगे। इन्हें संबंधित केंद्र के प्रिंसिपल रूम भी खोलने की अनुमति नहीं रहेगी। इस तरह से पेपर लीक की आशंका भी नहीं होगी। परीक्षा में शामिल कर्मचारी को भी एप में रजिस्टर किया जाएगा और उनकी रियल टाइम मॉनिटरिंग माशिमं. के भोपाल कार्यालय से होगी। गौरतलब है कि बोर्ड परीक्षाओं में लगभग 17 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा कार्य में लगभग 50 हजार कर्मचारी तैनात रहेंगे। इनमें स्कूल शिक्षा विभाग के अलावा अन्य विभागों के कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएंगी। माशिमं के अधिकारियों के मुताबिक संवेदनशील परीक्षा केंद्र ऐसे केंद्र हैं, जहां प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होती है। इनमें अलग से गार्ड की व्यवस्था भी की जाती है।

### जल जीवन मिशन में गड़बड़ी पर उठे सवाल, विधायक ने कहा

# मिशन के काम की क्वालिटी ठीक नहीं

भोपाल। विधानसभा में जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का मामला उठा। पिपरिया से विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा- जल जीवन मिशन की हकीकत सबको पता है। सरकार की मंशा हर गरीब को पानी देने की है। ठेकेदारों की लापरवाही के कारण काम हुआ भी तो उसकी क्वालिटी ठीक नहीं है। जो पाइप लाइन डाली गई है, उसे चालू करते हैं तो कहीं न कहीं से सीपेज हो जाती है। ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करें। इसी बीच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- यह मामला पिछले सत्र में भी उठा था। संसदीय कार्य मंत्री ने एक महीने में जांच करने का आश्वासन दिया था। 3 महीने हो गए। न जांच हुई, न सदन के पटल पर रिपोर्ट आई। जांच हुई है तो रिपोर्ट कब तक आएगी, वो बताएं इस बीच पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि इस मामले का निष्पक्ष रूप से ऑडिट कराया जाए, कि वर्तमान में स्थिति क्या है? जब मैं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री था, उस समय जल निगम का गठन हुआ था। उसके बाद जल जीवन मिशन आया। उसी के अंतर्गत यह काम हो रहा है। पाइप लाइन डालने के लिए सड़कें खोद दी गई। अलग-अलग योजनाओं से महंगी और अच्छी सड़कें बनाई गई थीं। सबको तोड़ दिया गया। मेरा सुझाव है कि सदन के सदस्यों की समिति बनाकर देखें कि वास्तव में सरकार के पैसे का सदुपयोग हुआ है या नहीं। कई योजनाएं जो 2 साल में पूरी होनी थीं, 5 साल होने के बाद भी कंप्लीट नहीं हुई।

### 249 ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड किया

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत टूटी हुई सड़कों की जांच के लिए विधायकों की समिति बनाई जाए। इस पर मंत्री ने कहा कि गड़बड़ी करने वाले 249 ठेकेदारों को हमने ब्लैकलिस्टेड किया है।

### दो अशासकीय संकल्प मंजूर, केंद्र को भेजे जाएंगे

हरदा विधायक आरके दोगने ने जबलपुर व्हाया बुधनी हरदा रेलवे लाइन को देवास के संदलपुर तक जोड़ने का अशासकीय संकल्प रखा। इसे सर्वानुमति से स्वीकृत कर लिया गया। दूसरा संकल्प यादवेंद्र सिंह ने गुना अशोकनगर ललितपुर टीकमगढ़ बुडेरा छतरपुर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का रखा। इस पर पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा- यह विषय सीधे तौर पर केंद्र सरकार का है। 2016 में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा सैद्धांतिक सहमति दी जा चुकी है। लेकिन सैद्धांतिक सहमति होना और स्वीकृत होने में फर्क है। 6 नवंबर को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भी पत्र लिखकर इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए अनुरोध किया गया है। यादवेंद्र सिंह का अशासकीय संकल्प सर्वानुमति से स्वीकृत कर लिया गया। अब दोनों अशासकीय संकल्पों को केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

## मंत्री का जवाब सुनकर चुप हो गए विधायक



भोपाल। आज शुक्रवार को कांग्रेस विधायक सचिन यादव ने खरगोन जिले में चल रहीं फैक्ट्रियों से होने वाले प्रदूषण का मामला प्रश्नकाल के दौरान विधानसभा में उठाया। उन्होंने खेतान,कोरोमंडल जैसे कंपनियों का नाम लेते हुए कहा कि इनकी वजह से पानी प्रदूषित हो रहा है। इस राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार ने कहा कि 7 जगह पर पानी की जांच होती है पानी प्रदूषित हो रहा है ऐसी शिकायत नहीं आई। तभी विधायक यादव ने कहा कि फसलें तक खराब हो रही है इतना ज्यादा पानी प्रदूषित हुआ है। इस पर मंत्री अहिरवार ने कहा कि एक फैक्ट्री आपकी भी है तभी विधायक यादव ने मंत्री का धन्यवाद करते हुए अपनी सीट पर बैठ गए।

## फिटजी कोचिंग के संचालक समेत 4 के खिलाफ धोखाधड़ी की दूसरी एफआईआर दर्ज

भोपाल। देश के अनेक शहरों के इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) की तैयारी कराने वाली दिल्ली की फिटजी कोचिंग की भोपाल ब्रांच के संचालक सहित 4 लोगों के खिलाफ भोपाल के एमपी नगर थाने में तीन दिन के भीतर धोखाधड़ी की दूसरी एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस की शुरुआती जांच में अब तक फिटजी कोचिंग द्वारा यहाँ पढ़ने वाले स्टूडेंट्स से करीब डेढ़ करोड़ की फीस बटोरकर चंपत होने की जानकारी सामने आई है। इस मामले में थाना पुलिस ने पहली एफआईआर 16 दिसंबर को दर्ज करते हुए फिटजी के चेयरमैन डीके गोयल, सीईओ मनीष आनंद, सीएफओ राजीव बब्बर और सुमित श्रीवास्तव को आरोपी बनाया था। अब उनके खिलाफ ऐशबाग स्थित ओल्ड सुभाष नगर में रहने वाले आशीष वेश्य पिता केसी वेश्य (57) ने शिकायत दर्ज कराई है। आशीष वेश्य ने अपनी शिकायत में बताया कि वह रिलायंस कंपनी में नौकरी करते हैं। अपने परिवार के एक बच्चे का उन्होंने फिटजी कोचिंग में एडमिशन कराते हुए मोटी रकम दी थी, लेकिन बीते दिनो वहाँ पढ़ाई बंद हो गई और बाद में कोचिंग पर ताला लग गया। कोचिंग संचालक द्वारा की गई गड़बड़ी की मीडिया द्वारा दी गई खबरो को पढ़ने के बाद वह थाने पहुंचे है। पुलिस ने कोचिंग के एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे थे। पुलिस ने फिटजी के चेयरमैन डीके गोयल, सीईओ मनीष आनंद, सीएफओ राजीव बब्बर और सुमित श्रीवास्तव के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार फिटजी की भोपाल ब्रांच में करीब 700 स्टूडेंट्स के एडमिशन हुए है। हर स्टूडेंट डेढ़ से 3 लाख की फीस ली जाती है। बीते शनिवार को फिटजी कोचिंग के दो दर्जन से अधिक स्टूडेंट्स और उनके अभिभावकों ने इसे लेकर हंगामा करते हुए एमपी नगर थाने में शिकायत की थी।

### -इंदौर में भी हो चुकी है शिकायत

गौरतलब है की पूर्व में प्रदेश के इंदौर में भी जेईई परीक्षा की तैयारी कराने वाली फीटजी कोचिंग के खिलाफ यहाँ पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के परिजनो ने कलेक्टर से इसी तरह की शिकायत कर चुके है। इंदौर में फीटजी के तीन कोचिंग सेंटरो में पढ़ने वाले करीब 200 से अधिक स्टूडेंट्स से लाखों की फीस वसूली के बाद फैकल्टी की समस्या को लेकर कोचिंग सेंटर्स को अचानक बंद कर दिया गया। जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार कई टीचर्स सैलेरी न मिलने पर नौकरी छोड़ चुके हैं।

फिटजी संस्थान आईआईटी-जेईई परीक्षा के लिए तैयारी करवाने वाली देश की एक प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था है। जो भारत में पिछले करीब तीन दशकों से भी अधिक समय से काम कर रही है। फीटजी की संस्था विदेशों में भी है। जो जानकारी सामने आ रही है, उसके मुताबिक भोपाल और इंदौर ही नहीं देश के कई राज्यों में संचालित फिटजी कोचिंग ब्रांचो में इसी तरह की शिकायते सामने आ रही हैं।

## प्रदेश के सभी छात्रावासों में अधीक्षक पदो पर होगी नियुक्ति

भोपाल। जनजातीय कार्यमंत्री विजय शाह ने कहा है कि राज्य में चल रहे छात्रावासों में अधीक्षक पद रिक्त हैं जिसके कारण कई बार शासकीय सुविधाओं के संचालन में दिक्कतें आती हैं। इसलिए राज्य के सभी 4600 छात्रावासों में जल्द ही अधीक्षकों की नियुक्ति कर दी जाए जाएगी। शाह ने यह घोषणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान दी। प्रश्नकाल के दौरान मंत्री शाह विधायक दिलीप सिंह परिहार के प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को छात्रों की चिंता है इसके लिए अलग अलग स्तरों पर काम चल रहा है। छात्रावासों में कई सुविधाओं और स्टॉफ की कमी को खत्म करने के लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है।

# कर्म तो सब करते हैं, भाग्य परमात्मा देता है

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रशासन अकादमी भोपाल में आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सिविल सर्विस मीट 2024 के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि कर्म तो सब लोग करते हैं, भाग्य परमात्मा देता है। आपने इस मार्ग पर चलते हुए न केवल कर्म किया बल्कि भाग्य भी पाया। इसलिए मैं आपको दोनों तरह से बधाई देना चाहता हूं। इतने बड़े देश में, इतनी बड़ी आबादी में यदि आईएएस अधिकारियों की संख्या देखी जाए तो नगण्य है।

सीएम मोहन ने अपने सम्बोधन में कहा कि इतने बड़े देश की इतनी विविधता और चुनौतियों के बीच, हमारे देश की दुनिया में जो पहचान बनी है, उसमें सबसे बड़ी भूमिका आईएएस अधिकारियों की है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए गौरवान्वित करने वाली बात है। इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने आम जनता के द्वारा उनको मुख्यमंत्री बनाने का मौका देने के लिए आभार भी प्रकट किया।

### वह चाय वाले को पता था

सीएम ने कहा कि पढ़े-लिखे होने के बावजूद मनमोहन सिंह जी को नहीं मालूम था कि जीरो बैलेंस पर अकाउंट खुल सकता है। लेकिन ये चाय वाले को मालूम था। सीएम ने श्रीमद् भागवत का एक दृष्टांत भी सुनाया। सीएम ने कहा कि कर्म तो सब लोग करते हैं, भाग्य परमात्मा देता है। आपने इस मार्ग पर चलते हुए, न केवल कर्म किया बल्कि भाग्य भी पाया। इसलिए मैं आपको दोनों तरह से बधाई देना चाहता हूं। इतने बड़े देश में, इतनी बड़ी आबादी में यदि आईएएस अधिकारियों की संख्या देखी जाए तो नगण्य है। इतने बड़े देश की, इतनी विविधता और चुनौतियों के बीच, हमारे देश की दुनिया में जो पहचान बनी है, उसमें सबसे बड़ी भूमिका आईएएस अधिकारियों की है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए गौरवान्वित करने वाली बात है।

### 21 दिसंबर को बोट रेस से शुरुआत



सुबह सर्विस मीट की शुरुआत बोट क्लब पर बोट रेस से होगी। इसके बाद टी20 फुटबॉल, कुकिंग कॉम्पिटिशन, टी5 क्रिकेट, फन गेम, पेंटिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पूल, कैरम, बिलियर्ड, ब्रिज और अंताक्षरी का आयोजन किया जाएगा। अरेरा क्लब में ही डीजे नाइट होगी।

# गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में घोर लापरवाही

### सीएजी की रिपोर्ट में खुली प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

भोपाल। प्रदेश में सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। लेकिन नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि प्रदेश में गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में घोर लापरवाही बरती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण में हो रही लापरवाही के कारण नवजात बच्चों की मौत हो रही है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था के बुरे हाल सामने आए हैं। वर्ष 2017 से 2022 के बीच प्रदेश में 32 लाख 30 हजार गर्भवती महिलाओं को टिटनेस टाक्साइड (टीटी 2) का टीका नहीं लगा। यह संख्या इस अवधि में पंजीकृत कुल गर्भवती की 34 प्रतिशत है। इसके परिणामस्वरूप नवजातों में टिटनेस के 240 मामले सामने आए। रिपोर्ट में सामने आया है कि प्रसवपूर्व देखभाल के लिए इन पांच वर्षों में पंजीकृत 93 लाख 88 हजार गर्भवती महिलाओं का पंजीयन हुआ, पर इनमें 68 प्रतिशत महिलाएं ही पहली तिमाही में पंजीकृत हुई। इसी प्रकार 21 लाख 85 हजार महिलाओं की प्रसव पूर्व चारों जांचें नहीं हुईं।

### सीजेरियन प्रसव की सुविधा ही नहीं

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अनसार पांच वर्षों में 93,88,000 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन हुआ। लेकिन 21,85,000 महिलाओं की प्रसव पूर्व चारों जांचें नहीं हुईं। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 20 में से 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सीजेरियन प्रसव की सुविधा ही नहीं है। वहीं एक हजार में से 41 बच्चे अपना पहला जन्मदिन नहीं मना पाते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश ग्रामीण क्षेत्रों में 48 प्रतिशत तक कम अस्पताल हैं। 2022 की अनुमानित जनसंख्या के मापदंड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), 604 होने चाहिए पर 355 हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 1257 और उप स्वास्थ्य केंद्र 10 हजार 225 हैं।

### 48 प्रतिशत नहीं जाते सरकारी अस्पतालों में

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अनसार देखभाल की खराब गुणवत्ता के चलते 48 प्रतिशत लोग नहीं जाते सरकारी अस्पतालों में। 41 प्रतिशत मानते हैं प्रतिक्षा समय अधिक है। 41 प्रतिशत इसलिए नहीं जाते कि उनके नजदीक कोई अस्पताल नहीं है। एसएनसीयू में भर्ती शिशुओं को भारत सरकार द्वारा निर्धारित दो जोड़ी पोशाक दी जानी थी, पर कई जगह नहीं दी गई। हीमोग्लोबिन का पता करने के लिए केंद्र सरकार ने 12 हजार 700 हीमोग्लोबिनोमीटर के क्रय के लिए प्लान में 46 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया था, पर स्वास्थ्य विभाग खरीदी नहीं कर पाया।

## प्रदेश में हर 15 किमी के दायरे में शुरू होंगे छोटे औद्योगिक क्षेत्र

भोपाल। प्रदेश की डां मोहन सरकार द्वारा बनाई जाने वाली एक योजना से न केवल प्रदेश के लोगों को घर के आसपास रोजगार मिल सकेगा, बल्कि औद्योगिक उत्पादन भी बढ़ेगा। इससे स्थानीय स्तर पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों और फसलों का भी समुचित उपयोग हो सकेगा। दरअसल, सरकार की योजना हर 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में एक -एक छोटा औद्योगिक क्षेत्र बनाने की है। इसके लिए शासन स्तर पर योजना बनाने का काम किया जा रहा है।

अगर यह योजना जमीन पर उतरती है तो आम आदमी की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा और प्रदेश में औद्योगिक क्रांति भी आ जाएगी। इससे प्रदेश के चारों महानगरों के आसपास दर्जनों औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो जाएंगे। अगर भोपाल की ही बात करें तो इस समय गोविंदपुरा के साथ शहर से 20-25 किमी की दूरी में पांच अन्य औद्योगिक क्षेत्र हैं। शहर से दूरी और अधोसंरचना की कमी की वजह से यहां तेजी से उद्योग विकसित नहीं हो पाए। शहरवासियों को निजी कंपनियों के अलावा कोई और कार्यस्थल नहीं है। भेल, गोविंदपुरा की इकाइयों की रोजगार देने की क्षमता उच्चतम स्तर की है। ऐसे में नए छोटे नए क्षेत्र में एक 300 लोगों को भी रोजगार देता है तो फिर करीब 50 हजार लोगों के लिए नए रोजगार के रास्ते खुल जाएंगे। ऐसा होने से अकेले भोपाल के ही लगभग हर वार्ड में औद्योगिक क्षेत्र खुल जाएंगे। इसकी वजह है शहर का क्षेत्रफल 462 वर्ग किमी का होना। भोपाल के 85 वार्ड में करीब 23 लाख की आबादी रहती है। प्रशासन व उद्योग विभाग की योजना कारगर होती है तो यहां हर वार्ड में एक से अधिक औद्योगिक क्षेत्र बन सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर या फिर पांच से सात गांवों के बीच में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा।

इन दिनों सरकार का पूरा फोकस निवेश लाने पर बना हुआ है। हाल में अचारपुरा में जर्मन कंपनी का बड़ा निवेश आया है। छोटे निवेश वाली व स्थानीय कंपनियों के लिए छोटे औद्योगिक क्षेत्र बड़े अवसर के तौर पर होंगे, जो लोग छोटे स्टार्टअप करना चाहते हैं। उनके लिए ये छोटे औद्योगिक क्षेत्र बड़े मददगार साबित होंगे।

### राजधानी बन रही है उद्योग नगरी

अगर भोपाल की ही बात की जाए तो अब यह उद्योग नगरी के रूप में विकसित हो रही है। इसकी वजह है मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र, जो भोपाल से करीब 20 किमी दूर स्थित है। राज्य का यह सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। यहां विभिन्न प्रकार के बड़े उद्योग, जैसे कि वाहन निर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थित हैं। इसी तरह से गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र शहर के अंदर स्थित एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है। यहां 1200 से अधिक छोटे और मध्यम उद्योग हैं। यहां मशीनरी, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, और प्लास्टिक के उत्पाद बनाए जाते हैं।

## संस्कृतभारती महाकोशल प्रान्त का प्रान्त सम्मेलन 4 एवं 5 जनवरी को

भोपाल। संस्कृतभारती एक विश्वव्यापी संगठन है जो 1981 से संस्कृतभाषा के पुनरुज्जीवन एवं पुनरुत्थान के कार्य में सतत् निरत है। संस्कृतभारती संस्कृतभाषा में निहित ज्ञान भंडार के संरक्षण. संवर्धन. विकास और प्रचार प्रसार का कार्य कर रही है। सरकृतभारती निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं का संगठन है.जो बिना किसी लाभापेक्षा के संस्कृत के ज्ञान प्रसार में संलग्न है। संस्कृतभारती ने अपनी विशिष्ट पाठन शैली के द्वारा आज तक विश्व में 10 करोड़ से अधिक लोगों को संस्कृत संभाषण में निपुण किया है। 1 लाख प्रशिक्षित शिक्षकों का समूह निरंतर संस्कृत संभाषण के कार्य को गति प्रदान कर रहा है। संपूर्ण विश्व में 6000 संस्कृतगृहम् है। जहां परिवार के सारे सदस्य सस्कृत में ही वार्तालाप करते हैं। वर्तमान में जगत् के 26 देश में 4500 संस्कृत शिक्षण केंद्र संचालित हो रहे हैं जहां पर सरल पद्धति से संस्कृत बोलना सिखाया जाता है। संस्कृतभारती जनपद, प्रान्त एवं विश्वसंस्कृत सम्मेलन का क्रमशः आयोजन करती है। इसी तारतम्य में संस्कृतभारती महाकोशलप्रान्त के द्वारा संस्काधानी जबलपुर के ग्वारीघाट स्थित साकेतधाम में दिनांक 4,5जनवरी 2025 को प्रान्तसंस्कृतसम्मेलनम् का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आपके और आपके परिवार के लिए आध्यात्मिक, सामाजिक. वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक दृष्टि से ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा। इस आयोजन में प्रान्त के लगभग 2000 समर्पित कार्यकर्ताओं का समागम होगा। इस आयोजन में आपको सभी सस्कृत में बातचीत करते नजर आएगें अर्थात प्रात: जागरण से रात्रि शयन पर्यंत अखंड संस्कृतमय वातावरण आएको आनंदित करेगा। यहां आपको मिलेगा संस्कृत फ्यूजन गीत-संगीत, लोकनृत्य एवं नाटकों के आनंद के सहित संस्कृतविज्ञानप्रदर्शनी (साइस इन संस्कृत) वस्तुविज्ञानप्रदर्शनी एवं प्रत्यक्षव्यवहारप्रदर्शनी।

## हाईस्कूल शिक्षक भर्ती पर हाईकोर्ट की रोक

### अदालत ने कहा- 3 हफ्ते में नियम सुधारे राज्य सरकार; 6000 पद भरे जाने हैं

भोपाल। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश में हाईस्कूल शिक्षक भर्ती के बचे हुए पदों पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा, जब तक राज्य सरकार शिक्षक भर्ती के नियम नहीं सुधार लेती, तब तक हाईस्कूल शिक्षकों के बचे हुए पदों पर भर्तियां नहीं की जाएंगी। अदालत ने सरकार को नियम सुधारने के लिए 3 हफ्ते की मोहलत दी है। इसके बाद ही मामले पर अगली सुनवाई की जाएगी। बता दें, हाईस्कूल शिक्षकों के 18 हजार में से 6 हजारों पदों पर भर्तियां होना बाकी हैं।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को सलाह दी है कि वो उम्मीदवारों की पात्रता के लिए सेकेंड डिवीजन की बजाय उनके मार्क्स को आधार बनाएं।

### भर्ती प्रक्रिया इसलिए विवादों में आई

दरअसल, हाईस्कूल शिक्षक भर्ती में उम्मीदवारों के सेकेंड डिवीजन क्राईटेरिया को लेकर बड़ा विरोधाभास था। शिक्षा विभाग ने 448 ऐसे उम्मीदवारों को सेकेंड डिवीजन मानकर भर्ती किया है, जिनके ग्रेजुएशन में मार्क्स 45 से 50 प्रतिशत के अंदर हैं। दूसरी तरफ ऐसे कई उम्मीदवार हैं, जिन्हें थर्ड डिवीजन मानकर भर्ती नहीं किया गया है, जबकि ग्रेजुएशन में उनके भी मार्क्स 45 से 50 प्रतिशत के बीच थे। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजुकेशन (एनसीटीई) के नियमों के मुताबिक, उम्मीदवारों की एलिजिबिलिटी ग्रेजुएशन में सेकेंड डिवीजन तय की गई थी, लेकिन कई यूनिवर्सिटी 45 से 50 प्रतिशत अंक लाने वालों को सेकेंड डिवीजन, तो कई यूनिवर्सिटी थर्ड डिवीजन मानती हैं। ऐसे में जब शिक्षा विभाग ने अंकों की जगह सिर्फ मार्कशीट में सेकेंड या थर्ड डिवीजन देखकर भर्तियां कीं, तो पूरी भर्ती प्रक्रिया सवालों में आ गई।

### 12 हजार भर्तियां हो चुकीं

अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ने बताया कि पिछली सुनवाई 17 दिसंबर को हुई थी। इसमें सरकार ने दो दिन का समय जवाब देने के लिए मांगा था। आज सरकार की ओर से महाधिवक्ता कार्यालय के द्वारा अवगत करवाया गया है कि हाई-पावर कमेटी गठित की जा चुकी है। इसके लिए कम से कम इसमें दो से तीन सप्ताह का समय लग सकता है। इस पर कोर्ट ने भर्ती की स्टेटस जानी कि अभी तक क्या हुआ है? इस पर सरकार की तरफ से बताया गया कि 12

# बांग्लादेश ने 80 रन से तीसरा टी-20 जीता

## पहली बार वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप किया; जाकेर अली का नाबाद अर्धशतक

किंग्सटाउन । बांग्लादेश ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 80 रनों से हरा दिया है। इस तरह बांग्लादेश ने 3 मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम किया और पहली बार टी-20 फॉर्मेट में वेस्टइंडीज खिलाफ क्लीन स्वीप किया।

किंग्सटन में शुक्रवार को खेले गए मैच में बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन बनाए। जवाब में कैरेबियन टीम 16.4 ओवर में 109 रनों पर सिमट गई। जाकेर अली ने नाबाद 72 रनों बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

बांग्लादेश के लिए जाकेर अली ने नाबाद 72 रन बनाए बांग्लादेश के लिए जाकेर अली ने 41 गेंदों पर नाबाद 72 रनों बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 6 छक्के जड़े। परवेज हौसेन इमोन ने 21 गेंदों पर 39 रन बनाए। जबकि मेंहदी हसन मिराज ने 23 गेंदों पर 29 रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए रोमरियो शेफर्ड ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। इसके अलावा अल्जारी जोसेफ, रोस्टन चेस और गुदाकेश मोटे को 1-1 विकेट मिला। रिशाद हौसेन 3 विकेट झटके 189 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम के लगातार विकेट गिरते रहे। ओपनर ब्रैंडन किंग शून्य पर आउट हुए। वहीं, जॉनसन चार्ल्स ने 18 गेंदों पर 23 रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए रोमरिया शेफर्ड ने सबसे ज्यादा 27 गेंदों पर 33 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 1 चौका और 3 छक्के जड़े। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने 10 गेंदों पर 15 रन बनाए।

बांग्लादेश के लिए रिशाद हौसेन 3 विकेट झटके। इसके अलावा तस्कीन अहमद और मेंहदी हसन मिराज ने 2-2 विकेट लिए। जबकि तंजीम हसन साकिब और हसन महमूद को 1-1 विकेट मिला।

नाबाद अर्धशतक के बाद खुब सर्च किए गए जाकेर अली बांग्लादेश के जाकेर अली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी-20 में नाबाद अर्धशतक लगाया। इसके बाद वह गूगल पर सर्च होने लगे और ट्रेंड करने लगे।




## ख्वाजा, मैकस्वीनी और लाबुशेन फार्म हासिल करने बेसिक्स पर ध्यान दें - हीली

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर इयान हीली ने मेजबान टीम के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा,नाथन मैकस्वीनी और मार्नस लाबुशेन के खराब फॉर्म पर चिन्ता जतायी है। हीली ने कहा कि भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को लया हासिल करने के लिए अपने बेसिक्स (मूल बातों) पर ध्यान देना होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम की ओ से इस सीरीज में अब तक ट्रैविस हेड ही लगातार रन बना रहे हैं। स्टीव स्मिथ ने हालांकि तीसरे



टेस्ट में शतक लगया था पर दूसरी पारी में उसके बल्लेबाज लड़खड़ा गए, जिसे उसने सात विकेट पर 89 रन बनाकर समाप्त घोषित किया था। यह मैच ड्रॉ रहा, जिससे पांच मैच की श्रृंखला अभी 1ङ्क1 से बराबरी पर है। हीली ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न टेस्ट से पहले इस बल्लेबाजों पर किसी तरह का दबाव बनाएगा पर ये सही है कि वे फॉर्म में नहीं है।

टीम के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और नाथन मैकस्वीनी तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन भी अब तक इस सीरीज में रन बनाने में विफल रहे हैं। हीली ने कहा, 'चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली से पूछा जाना चाहिए कि क्या यह तीनों बल्लेबाज फॉर्म में वापसी कर सकते हैं। क्या उन्हें विश्वास है कि हमारे शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज फॉर्म में वापसी करेंगे। उन्होंने कहा कि मेलबर्न टेस्ट मैच फॉर्म में वापसी करने के लिए इन तीनों बल्लेबाजों के लिए सबसे बेहतर अवसर होगा क्योंकि इस विकेट से बल्लेबाजों को भी सहायता मिलती है।

## डब्लयूटीसी फाइनल के लिए अभी भी भारतीय टीम के पास है अवसर

मुम्बई। ऑस्ट्रेलिया के साथ तीसरा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद भी भारतीय टीम के पास अभी भी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में प्रवेश का अवसर है। भारतीय टीम को सीधे प्रवेश के लिए सीरीज के बचे हुए दोनो मैच जीतने होंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो उसे दूसरी टीमों के परिणामों पर निर्भर रहना होगा। दो जीत से भारतीय टीम की जीत का प्रतिशत 60.53 पहुंच जाएगा। वहीं मेजबान ऑस्?ट्रेलिया, श्रीलंका से 2-0 से सीरीज़ जीतने के बाद भी 57.02 प्रतिशत अंक ही ला पाएगा। दूसरी ओर अगर भारतीय टीम एक टेस्?ट जीतती है और एक ड्रॉ रहता है तो उनके 57.02 प्रतिशत अंक होंगे और इन हालातों में ऑस्?ट्रेलिया उससे तभी आगे निकल सकता है जब वह श्रीलंका को 2-0 से हराए, तब ऑस्?ट्रेलिया के 58.77




प्रतिशत अंक हो जाएंगे। अगर भारत 2-1 से सीरीज़ जीत जाता है तो ऑस्?ट्रेलिया को श्रीलंका को 1-0 से अधिक के अंतर से हराना होगा या दक्षिण अफ्रीका के पाकिस्?तान से कम से कम 0-1 से हार की दुआ करनी होगी। अगर सीरीज़ 2-2 से ड्रॉ हो तब भारत 55.26 प्रतिशत पर रहेगा और इन हालातें में ऑस्?ट्रेलिया को श्रीलंका से कम से कम 1-0 से हार झेलनी होगी या दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्?तान से 2-0 से हारना होगा तभी भारतीय टीम के पास अवसर रहेगा ।

**अगर सीरीज़ 1-1 से ड्रॉ पर रहे** - तब भारत 53.51 जीत प्रतिशत पर समाप्?त करेगा। ऐसे में उसे फाइनल में प्रवेश के लिए दक्षिण अफ्रीका की दोनो ही टेस्?ट में हारने की उम्मीद करनी होगी। या ऑस्?ट्रेलिया को श्रीलंका से सीरीज़ 1-0 से हारनी होगी या 0-0 से ड्रा करनी होगी। अगर दोनों सीरीज़ ड्रॉ होती हैं तो ऑस्?ट्रेलिया और भारत के 53.51 प्रतिशत अंक ही रह जाएंगे, लेकिन भारत इस चक्र में अधिक सीरीज़ जीतने की वजह से आगे बढ़ जाएगा, लेकिन श्रीलंका 2-0 से जीतता है तो वे भारत से आगे बढ़ जाएंगे। अगर भारत 1-2 से हारता है। तब भारत के 51.75 प्रतिशत जीत अंक होंगे और वह फ़ाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा। तब ऑस्?ट्रेलिया और दक्षिण अफ़्रीका फ़ाइनल में पहुंच जाएंगे।

## अश्विन ने बेटी के बनाये भावुक पोस्टर को साझा किया

चेन्नई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक ही संन्यास लेने वाले आर अश्विन का घर पहुंचने पर उनकी बेटी से एक प्यारा सा पोस्टर दिया है। अश्विन इससे भावुक नजर आये। उन्होंने बेटी द्वारा बनाए गए एक भावुक पोस्टर की तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, धन्यवाद, आशना। आपके पास सड़कें हैं। पोस्टर में उनके पिता की आत्मकथा, जिसका शीर्षक आई हैव द स्ट्रीट्स- ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी है, की ओर इशारा किया गया है।




अश्विन का घर वापसी पर करीबी दोस्तों, पड़ोसियों और परिवार के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है। इस दौरान कई लोग उनके घर के बाहर एकत्र हुए। जिन्हें ऑटोग्राफ देने और गले मिलने के लिए अश्विन भी उत्साहित दिखे। अपनी पत्नी और बेटियों के साथ, अश्विन घर के अंदर पहुंचे। इससे पहले हवाईअड्डे पर अश्विन को कड़ी सुरक्षा के बीच जाते हुए देखा गया। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया।

वहीं इससे पहले बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक भावुक वीडियो में अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने की कठिनाई को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि इसके बारे में कैसे जाना जाए। ईमानदारी से कहूं तो टीम में बोलना आसान है। भले ही मैं इसका प्रदर्शन नहीं कर रहा हूं, लेकिन यह वास्तव में मेरे लिए बहुत भावनात्मक क्षण है। उन्होंने 2011-12 में अपने पहले ऑस्ट्रेलियाई दौरे के दौरान देखे गए बदलावों को याद किया, जब राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गजों ने खेल को अलविदा कह दिया था। उन्होंने कहा कि लेकिन मुझ पर भरोसा रखें, हर किसी का समय आता है और आज मेरे जाने का समय था।

## धोनी ने कहा था टेस्ट क्रिकेट से उब गया हूं - शास्त्री

मुम्बई । अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच ही अचानक संन्यास की घोषणा से जहां प्रशंसक हैरान हैं। वहीं उन्हें एक बार फिर से साल 2014 में कप्तान रहे महेन्द्र सिंह धोनी के अचानक ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की बात याद आ गयी। उस समय टीम के मुख्य कोच रहे रवि शास्त्री ने अब धोनी के संन्यास को लेकर अहम खुलासा किया है। शास्त्री के अनुसार धोनी ने कहा था कि वह टेस्ट क्रिकेट से उब गये हैं और अपना बैग पैक करना चाहते हैं। शास्त्री ने कहा, 'धोनी ने इंतज़ार नहीं किया। मैं उस समय कोच था। उन्होंने कहा, मुझे लड़कों से पांच मिनट बात करनी है।

## श्रीलंका को चार विकेट से हराकर भारतीय टीम अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में पहुंची

### आयुषी बनी प्लेयर ऑफ द मैच

कुआलालंपुर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को चार विकेट से हराकर अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश किया है। भारतीय टीम की जीत में वहां हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला की अहम भूमिका रही। आयुषी ने इस मैच में 10 रन देकर चार विकेट लिए। जिससे श्रीलंका की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट पर 98 ही बना पायी। मनुदी नानायकारा के 33 रनों के अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज 20 से अधिक रन नहीं बना पायी। भारतीय टीम की ओर से आयुषी के अलावा

स्पिनर परुनिका सिसोदिया ने दो विकेट जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया।

इसके बाद भारतीय महिला टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को शुरुआत में ही खो दिया। इसके बाद जी त्रिशा और जी कमलिनी ने पारी संभाली। त्रिशा ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए और जी कमलिनी के साथ 63 रन की साझेदारी की, जिन्होंने 26 गेंदों में 28 रन बनाए। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने त्रिशा और कमलिनी को आउट कर एक बार फिर दवाब बनाने का प्रयास किया पर मिथिला विनोद ने चार चौके लगाकर भारतीय टीम को जीत दिला दी। मिथिला 12 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं और भारतीय टीम ने 14.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आयुषी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। । भारतीय टीम अब खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश-नेपाल सुपर फोर गेम के विजेता से खेलेगी।

## मंधाना और रिचा के अर्धशतकों से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज जीती

मुम्बई। स्मृति मंधाना 77 और रिचा घोष 54 के अर्धशतकों की सहायता से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 60 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया है। इस मैच में रिचा ने 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक लगा दिया। इससे भारतीय महिला टीम ने करीब चार साल बाद अक्टूबर 2019 के बाद घरेलू धरती पर पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीती है। जीत से उत्साहित मंधाना ने कहा कि 5 साल हो गए हैं जब से हमने भारत में कोई टी20 सीरीज नहीं जीती है। हमें 5 साल बाद ऐसा करने का अवसर मिला। अभी सही काम करते रहने की जरूरत है।

## शमी दिल्ली के खिलाफ विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले से हटे

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी का प्रयास कर रहे बंगाल के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी शनिवार को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ होने वाले विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले से हट गये हैं। इससे एक बार फिर शमी की फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। शमी 2023 एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने टखने की सर्जरी के एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी से घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। इस दौरान उन्होंने अच्छी गेंदबाजी कर करीब सात विकेट लिए।

उन्होंने हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी नौ विकेट लिए थे पर घुटने में आ रही सूजन के कारण वह फिटनेस हासिल नहीं कर पा रहे हैं। इसी कारण उनकी भारतीय टीम में वापसी भी रुकी हुई है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी हाल में कहा था कि शमी जब भी टीम में चाहें वापसी कर सकते हैं पर पहले उन्हें फिटनेस हासिल करनी होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ही उनके रिहैबिलिटेशन को देख रही है और वही उनकी फिटनेस पर कुछ कह सकती है।

रोहित ने कहा कि में समझता हूं कि वह घर पर बहुत क्रिकेट खेल रहे हैं पर उनके घुटने को लेकर अब भी कुछ चिंतायें हैं। हम तब तक कोई जोखिम नहीं लेंगे जब तक कि हम उनकी फिटनेस के बारे में सुनिश्चित नहीं हों। वहीं विजय हजारे ट्रॉफी में शमी की भागीदारी को चैंपियंस ट्रॉफी सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने की दिशा में एक अहम कदम के रूप में देखा जा रहा है पर इसके लिए उन्हें फिटनेस हासिल करनी होगी।

## हॉकी इंडिया लीग के मुकाबलों को मुफ्त में देख सकेंगे लोग

नई दिल्ली। हॉकी प्रशंसकों को अब इसी माह के अंत में होने वाले हॉकी इंडिया लीग के मुकाबलों को देखने के लिए टिकट नहीं लेने होंगे। हॉकी इंडिया ने कहा है कि लीग के राउरकेला और रांची में होने वाले पुरुष और महिला मुकाबलों के लिए दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा। आठ टीम वाली पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग नए प्रारूप में 28 दिसंबर से राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेली जाएगी। ये एक फरवरी 2025 तक चलेगी। वहीं महिलाओं की लीग में चार टीम होंगी और यह 12 से 26 जनवरी तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर खेली जाएगी। हॉकी इंडिया ने ये भी कहा कि लीग की पहुंचाने को बढ़ाने के लिए पुरुष और महिला वर्ग के कुछ मैच एक-दूसरे के स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे।

## ऑस्ट्रेलिया ने चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए घोषित की टीम, कोनस्टास नये चेहरे

### मैकस्वीनी बाहर हुए, रिचर्डसन की तीन साल बाद वापसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के चौथे और पांचवें क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इन दोनों ही मैचों के लिए मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 19 साल के सैम कोनस्टास को पहली बार अवसर दिया है। अभी ये सीरिज 1-1 से बराबर है।

कोनस्टास को अगर भारत के खिलाफ अंतिम 11 में जबह मिलती है तो वह ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू करने वाले दूसरे सबसे युवा बल्लेबाज बनेंगे। इससे पहले साल 1952 में इयान क्रेग ने 17 साल 239 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।

कोंस्टास ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने के बाद सीनियर क्रिकेट में अच्छी शुरुआत की है। उन्होंने दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यू साउथ वेल्स के शेफील्ड शील्ड के पहले मैच में 152 और 105 रन बनाए थे। इसके बाद एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया ए की आरे से भारत ए के खिलाफ नाबाद 73 रन बनाए थे। कोंस्टास के अलावा टीम में तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन को भी शामिल किया गया है। रिचर्डसन ने 2021-22 एशेज सीरीज के बाद टीम में वापसी हुई है। उनके साथी तेज गेंदबाज सीन एबॉट को भी मेलबर्न और सिडनी टेस्ट के लिए जगह मिली थी। उनके अलावा अनकैप्ड ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को भी टीम में बरकरार रखा गया है। वेबस्टर को एडिलेड में मिशेल मार्श के विकल्प के तौर पर रखा गया था।

**ऑस्ट्रेलिया टीम इस प्रकार है**

पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

## आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी की याचिका खारिज, एक लाख का जुर्माना भी लगा

मुम्बई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित कुमार मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड की तरफ से प्रवर्तन निदेशालय को 10.65 करोड़ रुपये दिए जाने की मांग की थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस मामले में बीसीसीआई के पूर्व उपाध्यक्ष ललित पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह जुर्माना चार सप्ताह के अंदर टाटा मेमोरियल अस्पताल को देना पड़ेगा। इतना ही नहीं उन्हें इस भुगतान से संबंधित दस्तावेज भी अदालत में दाखिल करने होंगे।

कोर्ट ने कहा, ललित मोदी को एक लाख रुपये टाटा मेमोरियल को आज से चार सप्ताह के भीतर देने होंगे।

## सुंदर ने अश्विन को प्रेरणा बताया, ड्रेसिंग रूम साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात

चेन्नई। स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद अचानक ही संन्यास लेने वाले अनुभवी स्पिनर आर अश्विन की प्रशंसा करते हुए सोशल मीडिया कहा, सिर्फ एक टीम के साथी से कहीं ज्यादा, आप एक प्रेरणा रहे हैं, ऐशअन्ना। आपके साथ मैदान और ड्रेसिंग रूम साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। एक ही राज्य से होने के कारण, मैं आपको चेपॉक के मैदान में नजदीकी कोनों से खेलते हुए देखकर बड़ा हुआ हूं। मैंने इस दौरान आपके साथ खेला भी है। अब जिसका हर पल एक विशेषाधिकार लग रहा है। मैदान पर और मैदान के बाहर, दोनों जगह से मिली सीख कुछ ऐसी है जिसे मैं हमेशा अपने साथ रखूंगा। आपको आगे जो भी मिले उसमें सफलता और खुशी की कामना करता हूं।

वहीं इसके जवाब में अश्विन ने लिखा, 'थुप्पाकिया पुड़िंगा वाशी!' उस रात गेट-टुगेदर में आप जो 2 मिनट बोले, वो सबसे बेहतरीन थे।ऋ अश्विन ने सुंदर से जो पहली लाइन कही, वो तमिल सुपरस्टार विजय की हालिया फिल्म ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का एक मशहूर डायलॉग है, जिसे अभिनेता शिवकार्तिकेयन के साथ उनके एक सीन में इस्तेमाल किया गया था। अश्विन के बाद के दौर में भारत के लिए, स्पिन-गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालने के लिए सभी विकल्पों में से सुंदर ही सबसे उपयुक्त नजर आते हैं। वर्तमान भारतीय कोचिंग सेटअप के लिए भी सुंदर स्पिन-गेंदबाजी के लिए पसंदीदा विकल्प हैं। इसका पता इससे चलता है कि पर्थ में पहले टेस्ट के लिए अश्विन और रवींद्र जडेजा से आगे सुंदर को चुना गया, और उन्होंने दूसरी पारी में दो विकेट लिए, जबकि बल्ले से चार और 29 रन बनाए, जिससे भारत 295 रनों से जीत गया।

## पृथ्वी को एमसीए ने करारा जवाब दिया, अनुशासन में रहें

मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल नहीं किये जाने पर आलोचना कर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को करारा जवाब दिया है। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा कि पृथ्वी ने लगातार अनुशासन तोड़ा है और उसकी हरकतों से हमें शर्मिंदा होना पड़ता है। इसलिए टीम से बाहर किसे जाने का कारण स्वयं वह है। एमसीए ने कहा कि पृथ्वी स्वयं ही अपना दुशमन है। खराब फिटनेस, रवैये और अनुशासन के कारण कई बार टीम को मैदान पर उसे छुपाना तक पड़ा है।

इससे पहले इस युवा क्रिकेटर ने 16 सदस्यीय विजय हजारे ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी नाराजगी जतायी थी। इस क्रिकेटर का कहना है कि उसने पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम में वह शामिल था। अधिकारी ने कहा, 'सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हम 10 फील्डरों के साथ खेल रहे थे क्योंकि पृथ्वी को छिपाना पड़ता था। गेंद उसके पास से निकल जाती थी और वह पकड़ नहीं पाता था। उन्होंने कहा, 'बल्लेबाजी के दौरान भी उसे गेंद तक पहुंचने में परेशानी हो रही थी। उसकी फिटनेस, अनुशासन और रवैया खराब है और अलग-अलग खिलाड़ी के लिए अलग नियम नहीं हो सकते। टीम में सीनियर खिलाड़ी भी उसके रवैये की शिकायत करने लगे थे।

ट्रॉफी के दौरान वह नियमित तौर पर अभ्यास सत्रों से गायब रहे और पूरी रात बाहर रहने के बाद सुबह छह बजे टीम होटल पहुंचते थे। अधिकारी ने कहा कि मैदान से बाहर की हरकतों के कारण ही ये क्रिकेटर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहा है। इसलिए उसे सोशल मीडिया पोस्ट भेजने की जगह अपने को ठीक करना चाहिये।

## बुमराह बना सकते हैं नये रिकार्ड

मेलबर्न । भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह यहां 26 दिसंबर से होने वाले चौथे टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। इस सीरीज में अब तक दोनों ही टीमों ने एक-एक मैच जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी की है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। ऐसे में दोनों ही टीमों के लिए ये मैच बेहद अहम है। इस मैच में बुमराह एक नया रिकॉर्ड बना सकते हैं। बुमराह अगर इस मैच में 6 विकेट लेते ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे कर लेंगे। बुमराह ने अभी तक खेले गए 43 टेस्ट की 83 पारियों में 194 विकेट लिए हैं। बुमराह इस आंकड़े तक पहुंच जाते हैं तो वह भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने के मामले में रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे। वहीं बतौर तेज गेंदबाज भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे। अभी ये रिकॉर्ड महान ऑलराउंडर कपिल देव के नाम है,




जिन्होंने 50वें टेस्ट में ये उपलब्धि हासिल की थी। बुमराह ने तीनों प्रारुपों को मिलाकर खेले गए 202 मैच की 240 पारियों में 432 विकेट लिए हैं। अगर वह 3 विकेट हासिल कर लेते हैं भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में इशांत शर्मा को पीछे छोड़कर नौवें नंबर पर आ जाएंगे। इशांत ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 199 मैच की 280 पारियों में 434 विकेट लिए हैं।

वहीं बुमराह अगर 5 विकेट लेने में सफल होते हैं तो विश्वटेस्ट चैंपियनशिप में 150 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन जाएंगे। अभी तक रविचंद्रन अश्विन, नाथन लियोन, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की इस आंकड़े तक पहुंचे हैं। बुमराह ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 33 टेस्ट की 63 पारियों में 145 विकेट लिए हैं। इस सीरीज में अब तक बुमराह ने शानदार गेंदाजी की है। उससे इस बात की पूरी संभावना है कि वह सभी रिकार्ड अपने नाम करेंगे।

# आराध्या और यांश ने अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर बालाघाट का किया नाम रोशन

## यूसीएमएएस एबेकस में रहे द्वितीय और तृतीय रनर अप, 30 देश के 6 हजार छात्र हुए थे शामिल

बालाघाट(पद्मेश न्युज)। बालाघाट शहर के मोती नगर निवासी अभिषेक पिपलेवार की पुत्री आराध्या और वारासिवनी के दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले यांश विक्रांत धुवारे ने बालाघाट का नाम देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की यूसी मास एबेकस गणित विषय संबंधित अंतर्राष्ट्रीय कंपटीशन में आराध्या ने 30 देश के 6 हजार छात्रों के कंपटीशन में सेकंड रनर अप होने का गौरव प्राप्त किया है। उनकी उपलब्धि पर उनके परिचित, रिश्तेदार सभी बधाई प्रेषित कर रहे हैं।




### यूसीएमएएस ऐबकस

यूसीएमएएस एबेकस मुख्य रूप से 4 वर्ष से 13 वर्ष की आयु के बच्चों की मस्तिष्क शक्ति को बढ़ाता है। इसके साथ ही एकाग्रता, सुनने की क्षमता, स्मृति शक्ति, सटीकता, आत्मविश्वास में सुधार लाता है। जिसके परिणाम स्वरुप पूरे मस्तिष्क का विकास होता है। एबेकस आधारित अंकगणित कार्य उसकी गणना एकाग्रता स्तर को बढ़ाता है।

### 14-15 दिसंबर को आयोजित परीक्षा

14 दिसंबर को देश की राजधानी दिल्ली स्थित दिल्ली यूनिवर्सिटी में 30 देश के 6 000 छात्रों के मध्य अलग-अलग ग्रुप के हिसाब से इस परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसका परिणाम 15 दिसंबर को आया जिसमें नागपुर रीजन की ओर से बालाघाट निवासी आराध्या पिपलेवार एवं वारासिवनी निवासी यांश विक्रांत धुवारे भी शामिल हुए थे। जो की द्वितीय व तृतीय रनर अप रहे।

### परिवार का पूरा सहयोग

बचपन से ही आराध्या की गणित विषय में रुचि को देखते हुए उनके पिता अभिषेक पिपलेवार माता सपना पिपलेवार ने आराध्या को शहर के पशीने एबेकस इंस्टिट्यूट भेजा, फिर क्या था आराध्या ने एक बार इस एकाग्रता वाले गणित सिस्टम को सीखना शुरू किया तो पीछे मुड़कर नहीं देखा। बीते वर्ष गोंदिया में आयोजित इंटर स्टेट कंपटीशन की विजेता रही तो माता-पिता का कॉन्फिडेंस आराध्या के प्रति बढ़ गया। घर में दादा नंदकिशोर पिपलेवार दादी श्रीमती निर्मला पिपलेवार, चाची इंद्राणी पिपलेवार और चाचा हर्षित पीपलवार संचालक ब्रदर्स हेल्थ क्लब बातों ही बातों और खेल ही खेल में आराध्या की गणित की इतनी जबरदस्त प्रेक्टिस करवाते की धीरे-धीरे आराध्या उसमें निपुण होती गई। कुछ समय बाद ही चुटकी बजाते ही सारे गणित के सवालों का उत्तर देने लगी। फिर परिवार को लगा कि आराध्या निश्चित तौर पर बड़े मंच में जाने के लिए तैयार हैं।

### स्कूल भी गौरवांवित

आराध्या शहर के मोती नगर स्थित वेदांत स्कूल में चौथी क्लास की छात्रा है। वहीं यांश एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल वारासिवनी में दूसरी कक्षा का छात्र है। दोनों की ही गणित के सवाल हल करने की स्पीड, पूरे स्कूल में चर्चा का विषय बनी रहती है। अब इनकी सफलता के बाद स्कूल के संचालक स्वयं को बहुत अधिक गौरवांवित महसूस कर रहे है।

# विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ का अधिवेशन भोपाल में सम्पन्न



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। सेवानिवृत्त विद्युत कर्मियों का सम्मेलन पेंशनर्स दिवस १७ दिसंबर २०२४ को भोपाल के सिंधु भवन में सम्पन्न हुआ। कड़ाके की ठंड के बीच हजारों पेंशनर्स की आवाज को सुनने के लिए म.प्र. शासन के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा खेल व युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने उपस्थित होकर पेंशनर्स को यह भरोसा दिया कि मांगों का परीक्षण कराकर उन्हें लागू किया जावेगा। विद्युत हित रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने अवगत कराया कि पेंशनर्स की सहयोग राशि से प्राप्त ५० लाख बैंक में आरक्षित हैं। जिसका पेंशनर्स कोर्ट केसेस व पेंशनर्स भवन में उपयोग किया जावेगा। हित रक्षक संघ की ३ प्रमुख मांगे की जानकारी दी गई। उनमें पेंशन का शासन के कोषालय से भुगतान, केंद्र द्वारा घोषित दर व तिथि से महंगाई राहत का भुगतान तथा नकदी रहित स्वास्थ्य बीमा के आदेश शीघ्र जारी करना है। संगठन के अनेक मार्गदर्शकों ने पेंशनर्स को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आर डी मिश्रा, सुनील गार्गव, डी के डाले, बी एल पटेल, भीमसेन सिंह, पी एस मथारू, के के पुरोहित, एस के चौरसिया, वारासिवनी शाखा से रामप्रसाद मोरे, नामदेव काकडे, सांईराम चित्रिव, राधेलाल परिहार, एम एल श्रीवास्तव, के सी बाहेश्वर, लक्ष्मीकांत जोगी, डी पी सेलोकर, अनूप कुमार भोयर, एम डी ठाकरे, एम एल चावके मौजूद रहे।

# मंडोरी जंगल में करोड़ों के सोने से भरी कार बरामद

### -30 गाड़ियों में भरी टीम के साथ आईटी विभाग ने की घेराबंदी

भोपाल। राजधानी भोपाल में इन दिनों ईडी,आईटी के रडार पर रियल एस्टेट कारोबारी लगातार बने हुए हैं। बीते दिनों विभाग द्वारा इन कारोबारों से जुड़े कई लोगों पर कार्यवाही कर करोड़ों रुपए का केश और चल-अचल संपत्ति की दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इसी बीच भोपाल के मंडोरी जंगल से आयकर विभाग की भारी भरकम टीम ने 52 किलो सोना कार में भरा हुआ बरामद किया है। इस सोने की कीमत 40 करोड़ 47 लख रुपए बताई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार आशंका है कि जिन रियल एस्टेट कारोबारिया के खिलाफ कार्यवाही जारी है, इस सोने के तार उनसे जुड़े हो सकते हैं। यह आशंका भी है, कि करोड़ों के सोने को कार में भरकर राजधानी से बाहर किसी दूसरे प्रदेश में भेजा जा रहा था। बिल्डरों के खिलाफ जारी कार्यवाही के दौरान टीम को सोने के संबंध में भी सुराग मिले थे। सोना बरामद करने के लिए लगभग 100 पुलिसकर्मियों से अधिक की टीम 30 गाड़ियों में भरकर गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे मंडोरी के जंगल पहुंची और कार में भरा सोना बरामद किया। विभागीय सूत्रों के मुताबिक यह सोना एमपी 07 सीरीज नंबर की इनोवा क्रिस्टा कार से बरामद किया गया है, जो दो बेगो में भरा हुआ था। आईटी और पुलिस विभाग की जॉइंट टीमें कार नंबर के आधार पर कार मलिक के साथ सोने के संबंध में आगे की जानकारी जुटा रही है।

# बाबा साहेब के अपमान और राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संविधान के रचयिता परम सम्माननीय बाबा साहब आंबेडकर जी का अपमान देश के गृहमंत्री अमित शाह जी द्वारा संसद भवन में किया गया है। जिसका विरोध हमारे नेता राहुल गांधी जी एवं समस्त सांसदों द्वारा किया गया। जहा लोकतंत्र का गला दबाते हुए हमारे नेता पर ही एफआईआर दर्ज कर दी जाती है। जिसके विरोध में शनिवार 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कांग्रेस पार्टी द्वारा रैली धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुवात कांग्रेस कार्यालय से होगी। जहां सभी पदाधिकारी,कार्यकर्ता ,सदस्य सहित अन्य इस रैली व प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कांग्रेस कार्यालय में जमा होंगे। जहा से विरोध स्वरूप नगर में एक रैली निकाली जाएगी।रैली के रूप में सभी साथी गण अंबेडकर चौक पहुंचेंगे।जहा विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा जाएगा। जिन्होंने विज्ञप्ति के माध्यम से सभी साथियों से शनिवार दोपहर 12 बजे कांग्रेस कार्यालय पहुंचने की अपील की है।

# कोड़बी की महिला हितग्राही को तीन वर्षों बाद मिली प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के क्लेम की राशि

कटंगी(पद्मेश न्युज)। तीन वर्षों तक लगातार बैंक के चक्कर काट रही महिला हितग्राही को आखिरकार पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम के.डी.देशमुख के प्रयासों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के क्लेम की राशि मिल गई है. शुक्रवार को दोपहर 1 बजे पूर्व जिला पंचायत सदस्य के साथ हितग्राही ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा महकेपार में जाकर खाते की जांच करवाई जिसमें राशि जमा हो गई है. पूरा मामला तिरोड़ी तहसील के ग्राम कोड़बी का है. 03 फरवरी 2021 को कोड़बी निवासी हरिशचंद रामटेके की मृत्यु हो गई थी. हरिश्चंद्र की पत्नी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के क्लेम के लिए बैंक में आवेदन किया था परंतु समय पर हितग्राही को क्लेम नहीं मिल पाया और वह लगातार बैंक के चक्कर काट रही थी. इस बीच हितग्राही के पुत्र सिद्धार्थ ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य को पूरे मामले से अवगत करवाया. मामला संज्ञान में आते ही विक्रम देशमुख ने हितग्राही के साथ बैंक पहुंचकर बैंक प्रबंधक से पूरे मामले की जानकारी और किन कारणों से विलंब हो रहा है यह जाना. वहीं उन्होंने बीमा कंपनी के कर्मचारियों से भी दूरभाष पर लगातार चर्चा की और केंद्र सरकार के कार्मिक विभाग से लगातार पत्राचार किया तब कहीं जाकर हितग्राही को क्लेम की राशि मिल पाई है. हितग्राही ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य के सहयोग पर उनका आभार जताया है।



# कारिया गुरु मेला का भव्य आयोजन

परसवाड़ा (पद्मेश न्युज)। जिले के सरेखा गांव में परंपरागत रूप से आयोजित होने वाला कारिया गुरु मेला इस बार भी श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। यह मेला न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए सामाजिक मेलजोल का एक प्रमुख केंद्र भी बन चुका है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य टामेश्वर पटेल सभापति सरेखा ग्राम पंचायत के सरपंच और उपसरपंच ठाकुर एवं समाजसेवी छगन टेम्भरे, पुलिस पटेल सरेखा लछमी ठाकरे सहित अन्य कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनके साथ ही आसपास के गांवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मेले में शामिल होकर अपने आराध्य कारिया गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।



### कारिया गुरु मेला का महत्व

कारिया गुरु मेला को गांव के प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में देखा जाता है। यह मेला हर साल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कारिया गुरु महाराज की शिक्षाओं और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को स्मरण करना है। मेला स्थल पर स्थित कारिया गुरु का प्राचीन मंदिर क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि यहां आने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में शांति और समृद्धि आती है।

### धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम

मेले की शुरुआत सुबह भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना के साथ हुई। स्थानीय पुजारियों ने पारंपरिक विधि-विधान से कारिया गुरु महाराज की पूजा करवाई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत किए गए धार्मिक गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### विशेष अतिथियों का संबोधन

मेले में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य टामेश्वर पटले ने अपने संबोधन में कहा, कारिया गुरु मेला हमारी परंपरा और संस्कृति का जीता-जागता उदाहरण है। यह न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखने का माध्यम भी है। मैं सभी को इस आयोजन में शामिल होने के लिए धन्यवाद देता हूं और इसकी सफलता की कामना करता हूं।

वहीं, सरपंच उप सरपंच ठाकुर समाजसेवी छगन टेम्भरे ने कहा, 卐सरेखा का यह मेला पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यहां की पवित्रता और सादगी लोगों को आपस में जोड़ती है। हमारी कोशिश रहेगी कि इस मेले को हर साल और भव्य बनाया जाए।卐

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

मेले के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। बच्चों और युवाओं ने नृत्य और नाटक के माध्यम से क्षेत्र की परंपरा और इतिहास को जीवंत किया। स्थानीय कलाकारों ने लोकगीत और नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही।

### व्यवस्था और सुविधाएं

मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। साफ-सफाई, पेयजल, और चिकित्सा जैसी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए, जिससे मेले का आयोजन पूरी शांति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

### क्षेत्र के विकास में मेले का योगदान

यह मेला न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी योगदान देता है। मेले के दौरान स्थानीय व्यापारियों को अपनी वस्तुएं बेचने का अवसर मिलता है, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होता है। इसके अलावा, यह आयोजन क्षेत्र के लोगों को एकजुट करने और उनकी संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है।

### आगामी योजनाएं

इस वर्ष मेले की भव्यता को देखकर लोगों में उम्मीद जगी है कि आने वाले वर्षों में इसका स्वरूप और भी विस्तृत होगा। सरपंच और पंचायत सदस्यों ने यह आश्वासन दिया कि मेले को और अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएंगी।

### निष्कर्ष

सरेखा में आयोजित कारिया गुरु मेला श्रद्धा, संस्कृति और सामुदायिकता का प्रतीक है। यह मेला न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का भी माध्यम है। इस मेले की सफलता के लिए स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

कारिया गुरु महाराज की जय के नारों के साथ यह आयोजन संपन्न हुआ। श्रद्धालु मेले से लौटते समय संतुष्टि और आस्था से भरे दिखाई दिए।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव संपन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अध्ययन के साथ ही विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों के कौशल को निखाने के लिये भारत सरकार द्वारा युवा उत्सव का आयोजन किया जाता है। नवाचार करते हुए शासन ने संयुक्त रूप से आयोजन की रूपरेखा तैयार की थी। जिसके तहत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन नगर के मुलना स्टेडियम में 20 दिसम्बर शुक्रवार को किया गया। नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना व खेल और युवा कल्याण के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस युवा उत्सव में छात्र वैज्ञानिकों ने गजब के प्रदर्शन प्रस्तुत किये। जबकि विभिन्न विधाओं में भी प्रतिभागियों ने अपना हुनर दिखाया।



### विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

नगर के मुलना स्टेडियम में आयोजित इस जिला स्तरीय युवा उत्सव में विज्ञान मेला एकल, समूह लोक नृत्य, कविता लेखन, भाषण, पेटिंग एवं कहानी लेखन को शामिल किया था। जहां प्रतिभागियों के लिये 15 से 29 वर्ष की आयुसीमा निर्धारित की गई थी। युवा उत्सव को लेकर जिलेभर से प्रतिभागी छात्र मुलना स्टेडियम में पहुंचे थे। जहां पर छात्रों का एक तरह से मेला लगा हुआ था। विद्यार्थी वैज्ञानिकों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन प्रस्तुत किये। जिसमें यातायात, परिवहन के साथ ही सोलर से जुड़े प्रदर्शनों ने अविष्कार की नई दिशा को प्रदर्शित करने का काम किया। जबकि निबंध लेखन के साथ ही चित्रकला उकेरकर प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### 240 से अधिक युवाओं ने लिया भाग- जंघेला

आयोजन को लेकर की गई चर्चा के दौरान नेहरू युवा केंद्र बालाघाट लेखा एवं प्राथमिक प्रशिक्षक श्री जांघेला ने बताया कि विभिन्न विधाओं के तहत जिलास्तरीय युवा उत्सव का आयोजन हुआ है। इसके उपरांत संभागीय ,उसके बाद राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा तो वही अंत में राष्ट्र स्तरीय युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को अवसर मिलेगा, जहां विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही सम्मानित भी किया जायेगा। मुलना स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेभर के प्रतिभागी छात्रों ने पहुंचकर उत्साहपूर्वक भागिदारी निभाई। कुल 7 विधाओं के तहत प्रतियोगिता हुई जिसमें 240 से अधिक बच्चों ने प्रदर्शन किया।

# विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के कार्यकाल का एक साल पूरा- सदन ने दी बधाई

भोपाल। मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के कार्यकाल को आज पूरा एक साल हो गया है। तमाम नवाचारों और व्यवस्थित सदन की कार्यवाही चलाने में अग्रणी रहे तोमर को शुक्रवार को विधानसभा में सभी सदस्यों ने बधाई दी। सदन की कार्यवाही शुरु होने से पहले पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से अनुमति लेते हुए कहा कि आज आपके कार्यकाल का पूरा एक साल हो गया है। आपके नवाचार और सदन की बेहतर कार्यवाही के लिए आपको बधाई देता हूं। पटेल नहं कहा कि आपके नवाचार का सबसे सटीक उदाहरण ई-विधानसभा है। इसके जरिए कोई भी सदस्य कहीं से भी अपने प्रश्न दे सकता है और जवाब ले सकता है।

# पुलिस ने पुराने प्रकरण के 226 गुमी महिलाओं को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किये

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी अभियान के तहत बालाघाट पुलिस ने सक्रिय कार्यवाही करते हुए जिले के थानों में पंजीबद पुराने 226 प्रकरणों में गुम हुई महिलाओं को ढूंढ निकाला। यह महिलाएं अन्य शहरों में रहकर काम कर रही थी। जिनमें वारासिवनी अनुभाग के सर्वाधिक 100 महिलाओं को दस्तयाब किया गया है। बालाघाट पुलिस के मुताबिक पुलिस अधीक्षक नागेंद्र सिंह द्वारा जिले में महिला गुम इंसान प्रकरणों में शीघ्रता से जांच कर गुम महिलाओं को दस्तयाब करने हेतु प्रत्येक थानों में टीमों का गठन कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बंजारे के नेतृत्व में एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में प्रत्येक थाना स्तर में जांच टीम का गठन किया गया था। इस टीम के द्वारा 226 महिला गुम इंसान प्रकरणों में गंभीरता से जांच कर इन्हें दस्तयाब कर लिया गया। अभियान के दौरान अधिकतर प्रकरणों में बालिक बालिकाओं ने शादी कर बाहर के जिलों नागपुर मुंबई गुजरात दिल्ली एवं अन्य स्थानों में रहकर कामकाज कर रही थी। जिनके माता-पिता ने उन्हें ढूंढने का प्रयास किया और नहीं मिलने पर स्थानीय थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने पुराने प्रकरणों की जांच नये सिरे से करते हुए गुम महिलाओं के करीबी रिश्तेदार दोस्त पड़ोसियों अन्य लोगों से गहनता से पूछताछ कर इन महिलाओं को हजारों किलोमीटर की यात्रा कर दस्तयाब किया और परिजनों से मिलवाए परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। बालाघाट जिले में वारासिवनी अनुभाग के थानों मैं सर्वाधिक 100 महिलाये दस्तयाब की गई।जिनमे खैरलांजी पुलिस ने 31महिला, रामपायली पुलिस ने 30 महिला, लालबर्रा पुलिस ने 20 महिला, वारासिवनी पुलिस ने 19 महिलाओं को दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किये। इसी प्रकार तिरोड़ी पुलिस ने 30 महिला,किरनापुर पुलिस ने 18 महिला एवं बहेला और हट्टा पुलिस ने 10-10 महिला को दस्तयाब किये।




# प्रदेश के सैकड़ों गांवों के नक्शे व खसरे गायब

भोपाल। प्रदेश में 42 साल बाद पुर्नगठन आयोग का गठन किया गया है। आयोग ने अपना काम शुरु यिका तो पता चला कि प्रदेश में 661 गांव हैं, जिनके नक्शे ही नहीं हैं। इसी तरह से 778 गांवों के खसरे भी नहीं है। इस स्थिति को देखते हुए अब आयोग के सामने इसकी नई समस्या खड़ी हो गई है। ऐसे में संबधित गांवों को किस प्रशासनिक इकाई से जोड़ा जाए और उसका क्षेत्रफल और अन्य तरह की वहां मौजूद प्राकृति संसाधनों को किस के हिस्से में रखा जाए। अहम बात यह है कि यह गांव न तो मैन्युअल तरीके से सीमांकन में दुरुस्त हैं और और न डिजिटल मैपिंग में भी सामने आए हैं। अब जब सरकार पूरे प्रदेश का नया नक्शा बना रही है, तो पहले ऐसे गांवों के रिकॉर्ड को दुरुस्त करने की कवायद करनी पड़ रही है। सैटेलाइट के जरिए मैपिंग का प्रयास किया जाना है और इन गांवों के खसरे से लेकर सीमांकन की सरहद तक का आंकलन किया जाना है। दरअसल, इसका पता जब चला जब मैन्युअल रिकार्ड को डिजिटल किया जा रहा था। बीते एक दशक से प्रदेश में जमीनों के रिकॉर्ड को डिजिटल करने का काम किया जा रहा है। इसके बाद भी करीब 661 गांवों के नक्शे नहीं बने हैं। वजह यह रही कि निकायों की सीमा बढने़, पंचायतों की सीमा में फेरबदल के बाद गांवों के सीमांकन में लापरवाही की गई। इसके अलावा 778 गांवों के खसरे ही नहीं हैं। सरकार ने जिलों-संभागों व शहरों की सीमाओं का पुनर्गठन करने राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग बनाया है। इसके तहत जिले बढ़ाए जा सकते हैं। इस काम में भी पंचायतों की सीमाओं को लेकर गांवों के रिकॉर्ड दुरुस्त करना जरूरी हो गया है।

# गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी के खिलाफ दूसरे दिन भी जारी रहा प्रदर्शन

## युवा छात्र संगठन में निकाला कैंडल मार्च, तो विभिन्न संगठनों ने सांकेतिक प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सदन में अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर पिछले कुछ दिनों से मचा बवाल ,थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसको लेकर पूरे देश में जगह-जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं जहां अमित शाह के बयान से खफा, बौद्ध अनुयाई, अंबेडकरवादी, एसटी ,एससी, ओबीसी, मूल निवासी पिछड़ा वर्ग सहित विभिन्न संगठन गृहमंत्री अमित शाह से माफी मंगवाने की जिद पर आमदा है। उधर अमित शाह के बयान को लेकर पूरे देश में चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच गुरुवार की तरह शुक्रवार को भी नगर में विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। जहां इस विरोध प्रदर्शन में विभिन्न संगठनों द्वारा गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की गई। तो वही माफ़ी ना मांगने तक उनका यह विरोध प्रदर्शन जारी रहने की बात कहते हुए, विभिन्न संगठनों ने बालाघाट सहित संपूर्ण देश को बंद करने की चेतावनी दी है।**

### युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

अमित शाह के बयान को लेकर मचे बवाल के बीच युवा छात्र संगठन द्वारा नगर के बूढ़ी शासकीय आईटीआई से एक कैंडल मार्च निकाला गया ।शुक्रवार की दोपहर निकाली गई जहां कैंडल रैली शासकीय आईटीआई से बस स्टैंड, वहां से कालीपुतली चौक, वहां से पीजी कॉलेज होते हुए सीधे नगर के अंबेडकर चौक पहुंची जहां छात्रों ने सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए गृहमंत्री अमित शाह का खुलकर विरोध किया। जिन्होंने अमित शाह माफी मांगो के नारे लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। तो वहीं उन्होंने मांग पूरी न होने पर छात्रों द्वारा सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन कर जिला बंद किए जाने की भी चेतावनी दी है।

### उधर ओबीसी एसटी एससी सहित विभिन्न संगठनों ने किया सांकेतिक प्रदर्शन

लोकसभा में भारत के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया गया है ऐसा आरोप लगाते हुए विभिन्न संगठनों ने शुक्रवार को नगर के अंबेडकर चौक पहुँचकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान एसटी एससी ओबीसी मंच, दी बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, सार्वजनिक जयंती समारोह समिति सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों ने बाबा साहब अंबेडकर की फोटो को हाथों में लेकर प्रदर्शन करते हुए अमित शाह का खुलकर विरोध किया है। जिन्होंने जल्द से जल्द अमित शाह को माफी मांगने की बात कहते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौपा है। जिसमें उन्होंने बाबा साहब के अपमान को लेकर अमित शाह का तत्काल इस्तीफा लिए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने अमित शाह के माफ़ी ना मांगने तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहने की बात कही है। जिन्होंने




स्पष्ट कर दिया कि आज केवल उन्होंने सांकेतिक तौर पर धरना प्रदर्शन कर अपनी मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है। यदि जल्द से जल्द अमित शाह अपना इस्तीफा नहीं देते या सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांगते तो फिर बालाघाट सहित भारत बंद का आह्वान किया जाएगा।

### तो सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन किया जाएगा-आकाश बौद्ध

चर्चा के दौरान भीम आर्मी प्रदेश सचिव आकाश बौद्ध ने बताया कि युवा छात्र संगठन द्वारा आज कैंडल मार्च निकाला गया है। अमित शाह के बयान को लेकर युवाओं में काफी आक्रोश है। यदि अमित शाह माफी नहीं मांगते तो छात्रों द्वारा सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। वही बंद का आह्वान भी देखने को मिलेगा।

### अमित शाह के बयान को लेकर युवाओं में आक्रोश है- बंसोड़

वही कैंडल मार्च को लेकर की गई चर्चा के दौरान आईटीआई छात्र बंसोड़ ने बताया कि अमित शाह ने संसद में बाबा साहब का अपमान किया है। छात्र युवा संगठन द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। अमित शाह के इस बयान से युवाओं में आक्रोश है। इसके विरोध में शासकीय आईटीआई से अंबेडकर चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया है। हमारी मांग है कि अमित शाह पूरे देश से माफी मांगे।

### पहले संविधान पर, अब सीधे बाबा साहब पर हमला किया जा रहा है- गौरव

वही धरना प्रदर्शन ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान सार्वजनिक जयंती समारोह समिति महासचिव अधिवक्ता गौरव मेश्राम ने बताया कि पिछले दिनों गृहमंत्री अमित शाह ने विश्व की सबसे बड़ी हस्ती के बारे में गलत टिप्पणी की है। उसी का विरोध पूरे देश में किया जा रहा है। अंबेडकर जी एससी, एसटी, ओबीसी ,पिछड़े वर्गों, मूलनिवासियों के आराध्य हैं उन्होंने पूरे भारत देश के लिए काम किया है। संविधान का निर्माण किया है। उनके बारे में ऐसी टिप्पणी करना निंदनीय है।

### जबतक अमित शाह इस्तीफा नही देते हम विरोध करते रहेंगे-महेश सहारे

वहीं चर्चा के दौरान एसटी एससी ओबीसी राष्ट्रीय मंच पदाधिकारी और आदिवासी गोवारी समाज संगठन प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान पर चर्चा के दौरान बाबा साहब पर टिप्पणी की है। अंबेडकर ,अंबेडकर कहकर उनका मजाक उड़ाया गया है। वे बोलते हैं कि भगवान का नाम ले लेते तो सात पीढ़ी तक स्वर्ग मिल जाता ।उनके इस बयान से सभी समाज संगठन के लोग नाराज हैं। उसी का हम विरोध कर रहे हैं।

### तो भारत बंद कराया जाएगा- कुरील

वही भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश सचिव धर्मेंद्र कुरील ने बताया कि 17 दिसंबर को अमित शाह ने लोकसभा में अंबेडकर अंबेडकर बोलकर बाबा साहब का मजाक बनाया है इसीलिए यहां पर सांकेतिक तौर पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा जा रहा है ।हम चाहते हैं कि राष्ट्रपति ने, अमित शाह से इस्तीफा लेना चाहिए ।अमित शाह जब तक इस्तीफा नहीं देते तब तक हमारा विरोध चलता रहेगा। अभी तो यह सांकेतिक प्रदर्शन है ।यदि मांग पूरी नहीं हुई तो बालाघाट सहित पूरा देश एक दिन के लिए बंद किया जाएगा।

# पति ने पत्नी की हत्या करने गले में चलाई ब्लेड

## अंकुश वासनिक गिरफ्तार-भेजा गया जिला जेल

किरनापुर/बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने की नीयत से उसके गले में ब्लड चला दी ।18 दिसंबर की शाम 6:30 बजे यह घटना वार्ड नंबर 4 किरनापुर में उस समय हुई जब यह महिला अपने घर में खाना बना रही थी। किरनापुर पुलिस ने इस मामले में महिला श्रीमती समिता वासनिक 25 वर्ष की हत्या का प्रयास करने के आरोप में उसके पति अंकुश पिता आनंद राव पाससनिक 28 वर्ष को गिरफ्तार कर लिये। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समिता वासनिक घरेलू काम करती है। जिसकी शादी 2017 में अंकुश वासनिक के साथ हुई थी। जिनके दो बच्चे हैं। समिता वासनिक और उसके पति अंकुश वासनिक के बीच घरेलू विवाद होते रहता था। घटना के दो दिन पहले घरेलू बातों को लेकर समिता वासनिक और उसके पति अंकुश वासनिक के बीच विवाद हो गया था जिससे नाराज होकर के समिता वासनिक घर से चली गई थी और वापस भी आ गई थी। 18 दिसंबर की शाम 6:30 बजे समिता वासनिक अपने घर में खाना बना रही थी। उसी समय उसका पति अंकुश वासनिक आया और बोला कि मेरे मोबाइल के फेसबुक में मेरी फोटो नहीं है और उसने अपनी पत्नी समिता वासनिक से वाद विवाद किया और बस स्टैंड तरफ चला गया था ।इसके कुछ देर बाद अंकुश वासनिक ब्लड लेकर घर आया और अपनी पत्नी समिता वासनिक की हत्या करने की नीयत से उसके गले में ब्लेड से वार कर दिया। गले से खून निकलने लगा। इस घटना को समिता वासनिक की लड़की अयाना वासनिक 7 वर्ष ने देखी। घटना के बाद समिता वासनिक को उसके देवर पंकज वासनिक ने किरनापुर अस्पताल लेजा कर भर्ती किया था। किरनापुर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद समिता वासनिक को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। था। सहायक उप निरीक्षक उमेश मिश्रा ने जिला अस्पताल पहुंचकर पति द्वारा ब्लड के वार से घायल समितस्स वासनिक का कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार द्वारा मृत्युकालीन कथन करवाये ।इसके बाद इस मामले में समिता वासनिक के द्वारा दिए गए बयान के आधार पर उसकी हत्या का प्रयास करने के आरोप में उसके पति अंकुश पिता आनंद राव वासनिक 28 वर्ष वार्ड नंबर 4 किरनापुर निवासी के विरुद्ध धारा 109(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर इस अपराध में उसे गिरफ्तार करके बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिए। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। इस मामले की आगे विवेचना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह बैस द्वारा की जा रही है।

# बोलेरो की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

बालाघाट( पद्मेश न्यूज)। गोंदिया रोड नवेगांव में बोलेरो ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवारी युवक सुधाकर पिता राम सिंह बिसेन 19 वर्ष वार्ड नंबर 14 गोंगलई थाना ग्रामीण निवासी घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुधाकर बिसेन मजदूरी करता है। 19 दिसंबर के शाम 6:30 बजे करीब सुधाकर बिसेन मोटरसाइकिल में नवेगांव से अपने घर गोंगलई जा रहा था। तभी गोंदिया रोड स्थित कार शोरूम के सामने बोलेरो ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी बोलेरो की ठोकर से सुधाकर बिसेन मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गया जिसे 108 एंबुलेंस में जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया है।

# हट्टा थाने के आगे ट्रैक्टर पलटा, एक हम्माल की मौत, दो हमाल घायल

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । हट्टा थाना के आगे खोड़सिवनी रोड पर ट्रैक्टर पलटने से तीन हमाल घायल हो गए ।तीनों घायल को जिला अस्पताल लाया गया। जिनमे गम्भीर रूप से घायल एक ।हमाल की मौत हो गई। मृतक हमाल कमल पिता सूरदास मातरे 30 वर्ष ग्राम गुनई थाना हट्टा निवासी है। 20 दिसंबर को दोपहर 3 बजे करीब यह सड़क दुर्घटना उसे समय हुई जब तीनों हमाल हट्टा सोसाइटी में धान के बोरे खाली करने के बाद खोड़सिवनी रहे थे। इस दुर्घटना में दो घायल महेंद्र पिता अशोक पिछोड़े 22 वर्ष और गौरीशंकर पिता वासूलाल पिछोड़े 32 वर्ष दोनों ग्राम सिंगोड़ी थाना हट्टा निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्र पिछोड़े, गौरी शंकर पिछोड़े और कमल मातरे तीनों खेती किसानी के अलावा हमाली का भी काम करते हैं। 20 दिसंबर को तीनों युवक युवक अपने गांव के उमाशंकर पिछोड़े के ट्रैक्टर में हमाली करने के लिए गए थे। ग्राम खोड़सिवनी मैं तीनों ने ट्रैक्टर ट्राली में धान के बोरे भरकर हट्टा सोसायटी लाए थे और सोसाइटी परिसर में ट्रैक्टर ट्राली से धान के बारे खाली करने के बाद तीनों ट्रैक्टर में बैठकर हट्टा से खोड़सिवनी सिवनी जा रहे थे। इस ट्रैक्टर को उमाशंकर पिछोड़े चला रहा था। 3:00 बजे खोड़सिवनी हट्टा थाने के आगे तेज रफ्तार इस ट्रैक्टर के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से ट्रैक्टर चालक उमाशंकर पिछोड़े से यह ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और रोड किनारे पलट गया। जिससे तीनों हमाल ट्रैक्टर से बाहर फेका गये। इस दुर्घटना में कमल मातरे गम्भीररूप से घायल हो गया था ।खबर मिलते ही हट्टा थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह पन्द्रों सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तीनों घायल को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाए ।जहां पर गंभीर रूप से घायल कमल मातरे को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिये ।कमल मातरे की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। अन्य दो घायल महेंद्र पिछोड़े और गौरी शंकर पिछोड़े को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है ।जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे ने मौके की कार्रवाई करते हुए मृतक कमल मातरे का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिये है जिसका पोस्टमार्टम 21 दिसंबर को सुबह किया जाएगा।



# स्कूल मान्यता के लिए मोबाइल एप से आवेदन की सुविधा

## 23 दिसम्बर से 23 जनवरी तक कर सकेंगे आवेदन

बालाघाट( पद्मेश न्युज) । जिला परियोजना समन्वयक श्री सीएस मरावी ने बताया कि बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार अशासकीय शालाओं की मान्यता के लिए मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन किये जा सकते है। शासन द्वारा इसके लिए शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। वर्तमान में मोबाइल एप के माध्यम से मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हुए सहज एवं साक्ष्य आधारित मान्यता आवेदन करने तथा मान्यता आवेदनों के निराकरण की व्यवस्था की गई है। अशासकीय स्कूलों द्वारा नवीन मान्यता नवीनीकरण के लिए आरटीई एमपी मोबाइल एप के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाइन 23 दिसम्बर से 23 जनवरी तक किये जा सकते है। अशासकीय स्कूल द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के बाद 15 दिनों में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा स्कूलों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। 23 फरवरी तक डीपीसी द्वारा आवेदनो का निराकरण किया जाएगा। इसके बाद अगर डीपीसी द्वारा आवेदन निरस्त किये जाते है तो कलेक्टर के समक्ष 30 दिनों तक अपील कर सकते है। अपील प्राप्ति के 30 दिनों में इसका निराकरण और द्वितीय अपील आयुक्त व संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र को की जा सकती है।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट